खबरों के 69 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump.com

पत्र नहीं मित्र

संपर्क करें ➤ jabdesh1@yahoo.com

# देशबन्धु

जबलपुर, मंगलवार 18 मार्च 2025 | वर्ष – 69 | अंक – 122 | पृष्ठ – 12 | मूल्य – 3.00 रु.


■ छुड़ाए नहीं छूटेगा गुजरात... ■ औरंगजेब, छावा और ... 04
■ पाकिस्तान के साथ रूस का भी आया नाम ■ पाकिस्तानी महिला ने बॉर्डर पार कर... 09
■ थोक महंगाई बढ़ी, 2.38 प्रतिशत पर पहुंची ■ बदलने वाले हैं टीडीएस नियम 11
■ कप्तान हरमन प्रीत को... ■ आईपीएल कप्तानों ... 10

विधानसभा में गूंजा मंडला मुठभेड़ का मामला

# आदिवासी युवक की मौत पर हंगामा, विपक्ष का बहिर्गमन

**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा में आज मंडला में हुई मुठभेड़ में एक आदिवासी की मौत का मामला गूंजा। इस मुद्दे पर विपक्षी कांग्रेस सदस्यों ने हंगामा किया और सदन से बहिर्गमन कर गए। विपक्षी सदस्य चाहते थे कि इस मामले पर अलग से चर्चा हो, लेकिन विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने नियमों का हवाला देते हुए कहा कि सदन नियम प्रक्रिया के अनुसार चलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार का जवाब आने के बाद ही इस मुद्दे पर चर्चा की जाएगी।

सदन में कांग्रेस विधायक ओमकार मरकाम ने सदन में यह मामला उठाते हुए कहा कि पुलिस ने एक आदिवासी युवक की हत्या की है। उन्होंने कहा कि सरकार इस मुठभेड़ की निष्पक्ष जांच नहीं करा रही है। इस बारे में जब अध्यक्ष श्री तोमर ने कहा कि इस पर ध्यानाकर्षण प्रस्ताव आया है और नियम प्रक्रिया के अनुसार ही चर्चा की जाएगी। इससे विपक्षी सदस्य संतुष्ट नहीं हुए और वे नारेबाजी करते हुए सदन से बहिर्गमन कर गए। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने मामले की निष्पक्ष जांच के लिए कोई कदम नहीं उठाया है। उल्लेखनीय है कि मंडला जिले में कान्हा भोरमदेव के जंगल में 9 मार्च को हॉक फोर्स के साथ हुई मुठभेड़ में एक बैगा आदिवासी युवक की मौत को लेकर विवाद गहरा गया है। कांग्रेस और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने इसे फर्जी मुठभेड़ बताया है। परिजनों का कहना है कि मृतक युवक मानसिक रूप से कमजोर था और मजदूरी करता था।



पुलिस का कहना है कि मुठभेड़ के दौरान नक्सलियों की तरफ से 120 राउंड और हॉक फोर्स की तरफ से 90 राउंड फायरिंग हुई, लेकिन परिजनों ने भी इस मुठभेड़ को फर्जी करार दिया और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। इस घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है। इधर, प्रशासन ने इस घटना की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए हैं।

## लखन ने उठाया टिमरी में हुई हत्याओं का मामला

### भाजपा विधायक गोपाल भार्गव द्वारा पीड़ित परिवारों को आर्थिक मदद देने की मांग

विधानसभा में आज जबलपुर के टिमरी में हुई हत्याओं के मामले की गूंज भी सुनाई दी है। कांग्रेस विधायक लखन घनघोरिया ने ध्यानाकर्षण के जरिए मामला उठाते हुए कहा कि पिता के जवान बेटों की हत्या हुई है और प्रशासन ने संवेदनशून्यता दिखाई है। उन्होंने सवाल किया कि क्या सरकार नरसंहार की धारा लगाएगी? सदन में राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने ध्यानाकर्षण का जवाब देते हुए कहा कि जो धाराएं लगनी थीं, लगा दी गई हैं। उन्होंने कहा कि नरसंहार शब्द का उपयोग 1947 की घटनाओं को याद कर किया जा रहा है। वहीं भाजपा विधायक गोपाल भार्गव ने पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता देने की बात कही।

**राकेश सिंह बोले- कानून अपना काम कर रहा**

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने इस मुद्दे पर कहा कि यह मामला जाति या वर्ग का नहीं, बल्कि अपराधियों का नृशंस कार्य है। उन्होंने कहा कि कानून ने अपना काम किया है और अधिकतम धाराएं लगाई गई हैं। भाजपा विधायक अभिलाष पांडे ने बच्चों की शिक्षा पर जोर दिया, जबकि कांग्रेस विधायक लखन घनघोरिया ने पीड़ित परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की मांग की।

## सार संक्षेप

### न्यायमूर्ति बागची ने ली सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश पद की शपथ

**नई दिल्ली।** न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश पद की शपथ ली। शीर्ष अदालत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने अन्य सभी न्यायाधीशों की मौजूदगी में उन्हें शपथ दिलाई। उच्चतम न्यायालय परिसर में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में वहां के अन्य न्यायाधीशों के अलावा अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। न्यायमूर्ति बागची के शपथ ग्रहण के साथ ही शीर्ष अदालत के लिए स्वीकृत 34 न्यायाधीशों की संख्या के मुकाबले न्यायाधीशों की संख्या 33 हो गई। न्यायमूर्ति बागची दो अक्टूबर 2031 को सेवानिवृत्त होंगे, उससे पहले वह मई (2031) में भारत के मुख्य न्यायाधीश बन सकते हैं।

### आईपीएल कप्तानों की 20 को बीसीसीआई कार्यालय में बैठक

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टीमों के सभी कप्तान इस गुरुवार को एक महत्वपूर्ण प्री-सीजन मीटिंग के लिए मुंबई में एकत्रित होने वाले हैं। यह बैठक दोपहर में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के मुख्यालय में होगी। कप्तानों के अलावा, सभी 10 फ्रेंचाइजी के प्रबंधकों को भी इसमें शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। इस दौरान, टीमों को आगामी सीजन के लिए नए परिवर्तन और बदलावों के बारे में सूचित किया जाएगा।




**बिरादरी की बात**

**चूहा-सुनती हो-** बिगड़ैल ट्रैफिक को सुधारने के लिए नए नियम बनाए गए हैं।

**चुहिया- हां प्रिये-** जो पुराने कानून हैं उन्हें भी सख्ती से लागू किया जाये तो बात बन सकती है।

### अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड ने कहा-

# टैरिफ विवाद पर शीर्ष नेतृत्व में हो रही सीधी बात

**नई दिल्ली, देशबन्धु, एजेंसी।** अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड भारत के दौरे पर हैं। उनके इस दौरे में भारत और अमेरिका के बीच कई मुद्दों पर बातचीत और समझौता हो सकता है। इस दौरान न्यूज एजेंसी को दिए एक इंटरव्यू में टैरिफ विवाद पर कहा कि इस पर दोनों देशों की टॉप लीडरशिप ही बात कर रही है।



तुलसी गबार्ड दिल्ली में थिंक टैंक ऑब्जर्वर रिसर्च के एनुअल रायसीना डायलाग्स कार्यक्रम में भी शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि यह भारत और अमेरिका के बीच आर्थिक संबंधों को मजबूत करने का अच्छा अवसर है। उन्होंने कहा कि भारत में अवसर हैं और उन्हें यह जानकर ज्यादा खुशी हुई है कि भारतीय अधिकारी इसे नकारात्मक की बजाए पॉजिटिव तौर पर देख रहे हैं। तुलसी गबार्ड ने पीएम मोदी की नीतियों को लेकर कहा कि वे भारतीय अर्थव्यवस्था और यहां के लोगों के लिए उपलब्ध अवसरों के सर्वोत्तम हित को ध्यान में रख रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ उसी

➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

## आईपीएस मनीष शंकर शर्मा का निधन

### मुख्यमंत्री ने जताया शोक

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश पुलिस के विशेष पुलिस महानिदेशक (स्पेशल डीजी) रेल मनीष शंकर शर्मा का शनिवार देर रात दिल्ली में इलाज के दौरान निधन हो गया। 1992 बैच के आईपीएस अधिकारी मनीष शंकर शर्मा मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्य सचिव केएस शर्मा के पुत्र थे। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने उनके असमय निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।



मनीष शंकर शर्मा एक ऐसे आईपीएस अधिकारी थे, जिन्होंने अपनी 28 साल की सेवा में न सिर्फ भारत बल्कि विश्व के चार महाद्वीपों में अपनी छाप छोड़ी। वैश्विक आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में उनकी रणनीतिक सोच और योगदान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया।



## आज शाम को होगी सुनीता विलियम्स की वापसी

**न्यूयॉर्क, (एजेंसियां)।** अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर नौ महीने से फंसे दो अमेरिकी अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर नासा ने पुष्टि की है कि वे मंगलवार की शाम पृथ्वी पर लौट आएंगे।

बुच विल्मोर और सुनीता विलियम्स एक अन्य अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री और एक रूसी कॉस्मोनॉट के साथ स्पेसएक्स क्रू ड्रैगन यान से वापस आएंगे, जो रविवार सुबह आईएसएस पर पहुंचा था। नासा ने रविवार शाम को कहा कि इन अंतरिक्ष यात्रियों की वापसी मंगलवार को फ्लोरिडा तट पर समुद्र में उतरने का समय शाम 5:57 बजे (भारतीय समयानुसार 19 मार्च की सुबह 3:30 बजे) होगी। विल्मोर और विलियम्स जून 2023 से आईएसएस पर हैं। वे बोइंग स्टारलाइनर यान के पहले मानवयुक्त परीक्षण उड़ान में गए थे, लेकिन उसमें तकनीकी खराबी आ गई, जिससे वह सुरक्षित वापसी के लिए अनुपयुक्त हो गया।

## भैंस निकालने तालाब में उतरे 5 बच्चों की डूबने से मौत

**कच्छ।** गुजरात के कच्छ जिले के अंजार तहसील में एक दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को गमगीन कर दिया। यहां हिंगोरजा कस्बे के पांच बच्चे रोज की तरह अपनी भैंसें चराने गए थे, लेकिन इस बार वे वापस नहीं लौट सके। तालाब में फंसी भैंस को निकालने के प्रयास में एक-एक कर पांचों बच्चे डूब गए और उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। पांच बच्चों की एक साथ मौत से पूरे गांव में मातम पसर गया, और परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।

**बुझ गए गरीब परिवारों के चिराग**

जानकारी के अनुसार, यह घटना रविवार शाम की है। यहां गांव के 8 से 14 साल की उम्र के पांच बच्चे अपनी भैंसों को चराने के बाद घर लौट रहे थे, तभी एक भैंस तालाब में फंस गई। बच्चे उसे निकालने के लिए पानी में उतरे, लेकिन एक के बाद एक सभी डूब गए। इसके बाद परिजनों को जब तक इस घटना का पता चला, तब तक देर हो चुकी थी। सूचना मिलते ही प्रशासन और बचाव दल मौके पर पहुंचे और तालाब में रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। चार बच्चों के शव जल्दी बरामद कर लिए गए, लेकिन पांचवें बच्चे की तलाश में घंटों मशक्कत करनी पड़ी। देर रात उसका शव भी तालाब से निकाल लिया गया। हिंगोरजा कस्बे के पांचों बच्चे एक ही परिवार से थे, जिनकी एक साथ मौत ने पूरे गांव को गहरे सदमे में डाल दिया। जब सभी का अंतिम संस्कार हुआ तो हर आंख नम थी। बच्चों के माता-पिता, रिश्तेदार और गांव के लोग गमगीन माहौल में उनकी अंतिम यात्रा में शामिल हुए। पुलिस के अनुसार, यह सभी बच्चे गरीब परिवार से थे और रोजाना अपने मवेशियों को चराने के लिए जाते थे।

# संसद में फिर उठा वक्फ, मतदाता सूची का मुद्दा

### विपक्षी सांसदों ने वक्फ (संशोधन) विधेयक को वापस लेने की मांग की

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण की कार्यवाही के दौरान विपक्ष ने वक्फ बोर्ड, मतदाता समेत कई मुद्दों पर केंद्र सरकार को घेरा। इस दौरान विपक्षी सांसदों ने वक्फ (संशोधन) विधेयक को वापस लेने की मांग की। समाजवादी पार्टी के सांसद धर्मेंद्र यादव ने वक्फ (संशोधन) विधेयक पर कहा, सरकार को इसे वापस लेना चाहिए। सरकार को जिद्दी नहीं होना चाहिए। देश के एक तरफ पच्चीस करोड़ लोग खड़े हैं, सिर्फ एक कानून का विरोध कर रहे हैं तो इसे लागू क्यों किया जाए? फिर भी सरकार इसे जबरदस्ती लागू कर रही है। सरकार को बिल वापस लेना चाहिए, हम इसका विरोध करेंगे और संसद से सड़क तक आंदोलन करेंगे।

धर्मेंद्र यादव ने आगे कहा, समाजवादी पार्टी और हमारे नेता अखिलेश यादव की ओर से मैं यह कहना चाहता हूं कि हमारी पूरी पार्टी ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड द्वारा जंतर-मंतर पर आयोजित विरोध प्रदर्शन का पूर्ण समर्थन करती है। प्रदर्शनकारियों द्वारा उठाई गई चिंताएं पूरी तरह से जायज हैं। ऐसा लगता है कि देश में ऐसा पहला मामला है, जहां एक समुदाय के हित के लिए कानून बनाया जा रहा है, लेकिन उससे जुड़े लोग ही उससे असंतुष्ट हैं।

वोटर लिस्ट के मुद्दे पर टीएमसी सांसद सागरिका घोष ने कहा, विपक्ष लगातार डुप्लीकेट एपिक (ईपीआईसी) कार्ड का मुद्दा उठाता रहा है। हम लगातार सदन में इस मुद्दे को उठाते रहे हैं। हालांकि, हम देख रहे हैं कि हमारे नोटिस खारिज किए जा रहे हैं और सदन में चर्चा नहीं होने दी जा रही है। आज विपक्ष के नेता भी खड़े हुए और चर्चा की मांग की, लेकिन इसकी अनुमति नहीं दी गई। नतीजतन, आज पूरे विपक्ष ने वॉकआउट कर दिया।

### वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ जंतर मंतर पर प्रदर्शन




वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ सोमवार को मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया। इसमें कांग्रेस, टीएमसी और एआईएमआईएम के नेता भी शामिल हुए। असदुद्दीन ओवैसी ने कहा- हम इस बिल का विरोध करते हैं। बिल में प्रावधान है कि कल कोई यह कहता है कि यह मस्जिद नहीं है और कलेक्टर जांच बैठा देते हैं तो जांच पूरी होने तक मस्जिद हमारी संपत्ति नहीं होगी। मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के प्रवक्ता सैयद कासिम रसूल इलियास ने बताया कि संयुक्त संसदीय समिति को करीब 5 करोड़ मुसलमानों ने ई-मेल के माध्यम से अपनी राय बताई, लेकिन सबकुछ नजरअंदाज कर दिया गया। उन्होंने इस बात को दोहराया कि यह विधेयक पारित हुआ तो राष्ट्रव्यापी आंदोलन शुरू किया जाएगा। धरने में तेलुगु देशम पार्टी और जनता दल (यू) जैसे भाजपा के सहयोगी दलों को न्योता नहीं दिया गया है।

### विपक्ष ने राज्यसभा से वॉकआउट किया

तृणमूल कांग्रेस , कांग्रेस और लेफ्ट पार्टियों के 10 सांसदों ने मांग की कि सदन की दिनभर की कार्यवाही रोकी जाए और डुप्लीकेट वोटर आईडी पर चर्चा हो। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने इससे इनकार कर दिया। इसके विरोध में कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस ने राज्यसभा से वॉकआउट किया।

### लोगों को गुमराह करने के लिए हो रहा विरोध : जगदम्बिका पाल

वक्फ संशोधन बिल को लेकर देश में बड़ा विवाद खड़ा हो रहा है। इस बिल पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के अध्यक्ष जगदम्बिका पाल ने बताया कि जेपीसी में बिल पर गहन विचार-विमर्श किया गया है। विपक्षी दलों और मुस्लिम संगठनों द्वारा इस बिल का विरोध शुरू करने पर जगदम्बिका पाल ने कहा कि ऐसा सिर्फ लोगों को गुमराह करने, देश में तुष्टिकरण करने और सियासी तकरार के कारण किया जा रहा है।

JAN JYOTI SUPER SPECIALITY EYE HOSPITAL

अब पाइये चश्मे से छुटकारा मात्र कुछ सेकेण्ड्स में

Teneo- 2 तकनीक से इलाज

TRANS EPI सबसे आधुनिक और सुरक्षित



आज ही विजिट करें

9165108121 janjyotieyehospital.com

1051, Gol Bazar, Near Keshwarwani College, Wright Town, Jabalpur

Excellence in Education, Excellence in Life

A.P.N. C.B.S.E. SENIOR SECONDARY SCHOOL

(C.B.S.E. Affiliated Reg. No. 1031302 )

ADMISSION OPEN FOR SESSION 2025-26

Class Nursery to XII Science I Commerce I Humanities

Special Discount in Admission fee & School fee for the State and National Players for all the Games

राष्ट्र स्तरीय एवं प्रदेश स्तरीय सभी खेलों के खिलाड़ियों के लिये प्रवेश शुल्क एवं मासिक शुल्क में विशेष छूट

Ph.: 0761-2676360, 8349593500, 9826587200

**बदलाव** यातायात सुधारने सरकार ने बदले नियम

# नियम तोड़ने वालों पर अब 10 गुना जुर्माना

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** देश में यातायात नियमों को लेकर सरकार एक्शन में हैं। इसको सख्ती से लागू करने के लिए कई अहम बदलाव भी किए जा रहे हैं। इसके तहत अब सरकार ने ट्रैफिक नियमों को तोड़ने वालों पर कड़ा एक्शन लेने के लिए कुछ बदलाव भी कर दिए हैं। नियम तोड़ने वाले पर जुर्माने की रकम को 10 गुना तक बढ़ा दिया है।

**ट्रैफिक नियमों में हुआ बदलाव**-भारत ने लापरवाही से वाहन चलाने और यातायात उल्लंघनों पर लगाम लगाने के लिए नए जुर्माने न केवल आर्थिक रूप से बोझिल हैं, बल्कि इनमें जेल की सजा और सामुदायिक सेवा भी शामिल है।

**सख्त होगी कार्रवाई**-नशे में गाड़ी चलाते पकड़े जाने पर व्यक्ति को 10,000 रुपए का जुर्माना या छह महीने की जेल हो सकती है। बार-बार अपराध करने पर 15,000 रुपए का जुर्माना और दो साल तक की जेल हो सकती है। पहले जुर्माना 1,000 से 1,500 रुपए तक था। बिना हेलमेट के गाड़ी चलाने पर अब 1,000 का जुर्माना और तीन महीने के लिए लाइसेंस निलंबन की संभावना है।



अब सीट बेल्ट न पहनने पर 1,000 रुपए का जुर्माना लगेगा। गाड़ी चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने पर जुर्माना 500 से बढ़कर 5,000 रुपए हो गया है। वैध लाइसेंस या बीमा जैसे जरूरी डॉक्युमेंट के बिना गाड़ी चलाने पर क्रमशः 5,000 रुपए और 2,000 रुपए का जुर्माना लगेगा। अपराधियों को तीन महीने तक की जेल और सामुदायिक सेवा का सामना भी करना पड़ सकता है। बार-बार बीमा उल्लंघन करने वालों पर 4,000 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा।

**दस्तावेज़ उल्लंघन के लिए सख्त उपाय**-प्रदूषण प्रमाण पत्र न होने पर 10,000 रुपए का जुर्माना और/या सामुदायिक सेवा के साथ 6 महीने की जेल हो सकती है। दोपहिया वाहन पर तीन लोगों के बैठने पर अब 1,000 रुपए का जुर्माना लगेगा। खतरनाक ड्राइविंग या रेसिंग पर 5,000 रुपए का जुर्माना लगेगा। एम्बुलेंस जैसे आपातकालीन वाहनों को रास्ता न देने पर अपराधियों को 10,000 रुपए का जुर्माना देना होगा। सिग्नल जंप करने पर अब 5,000 रुपए का जुर्माना लगेगा।

**नाबालिगों के लिए नया नियम**-वाहनों में ओवरलोडिंग करने पर 20,000 रुपए का भारी जुर्माना लगेगा, जो पहले 2,000 रुपए था। ऐसे अपराधों में शामिल नाबालिगों के लिए परिणाम गंभीर हैं। इसमें 25,000 रुपए का जुर्माना और तीन साल की कैद शामिल है। उनके गाड़ी का रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया जाएगा और 25 वर्ष की आयु तक उन पर लाइसेंस प्राप्त करने पर बैन लगा दिया जाएगा। सरकार ने यह नियम 1 मार्च 2025 से लागू कर दिए हैं लेकिन अभी इनका अधिक प्रचार-प्रसार न होने से यह जमीन पर पूरी तरह नहीं उतर पाए हैं।

# देश-विदेश

## कर्नल व उनके बेटे से मारपीट के मामले में 12 पुलिसकर्मी सस्पेंड

**पटियाला।** पंजाब के पटियाला में सेना के कर्नल और उनके बेटे से मारपीट के मामले में पुलिस विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। इस मामले में 12 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड किया गया है। मारपीट का पूरा मामला सीसीटीवी में कैद हो गया था। परिजनों ने इस संबंध में पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई। जानकारी के अनुसार, पूरा विवाद पार्किंग को लेकर हुआ था। एसएसपी नानक सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि 13-14 मार्च की रात राजेंद्र हॉस्पिटल के बाहर एक घटना हुई थी।

## हेमवती नंदन बहुगुणा ने संघर्षों से प्रशस्त किया था अपना मार्ग : योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ, (आईएएनएस)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा की पुण्यतिथि पर योजना भवन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए। सीएम योगी ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्व. हेमवती नंदन बहुगुणा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी होने के साथ-साथ देश के वरिष्ठ राजनेता थे। उन्होंने अपना मार्ग संघर्षों से प्रशस्त किया था। अपने लंबे राजनीतिक करियर के दौरान सार्वजनिक जीवन की शुचिता व पारदर्शिता के साथ-साथ लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उनकी अगाध निष्ठा थी।

सीएम योगी ने कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में उत्तर प्रदेश को विकास के पथ पर अग्रसर करने के लिए बहुगुणा जी ने जो संकल्प और जो कार्ययोजना 1973 से 1975 के बीच तय की थी, वह आज भी हम सभी के लिए



मार्गदर्शक का कार्य करती है। केंद्रीय मंत्री के रूप में भी उन्हें अलग-अलग दायित्वों के निर्वहन का अवसर प्राप्त हुआ था। प्रयागराज उनकी कर्म साधना की स्थली के साथ-साथ देश के स्वाधीनता आंदोलन की लौ को प्रखरता के साथ आगे बढ़ाने के लिए उनकी संघर्ष स्थली के रूप में भी जाना जाता है। 17 मार्च 1989 को अपनी नश्वर देह को विसर्जित करते हुए वह हमारे बीच में नहीं रहे, लेकिन उनकी स्मृतियां आज भी सामाजिक जीवन से जुड़े अलग-अलग पक्षों को नई दिशा प्रदान कर रही हैं। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व केंद्रीय मंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा की पावन पुण्यतिथि पर उनकी स्मृतियों को नमन करते हुए प्रदेश सरकार, उत्तर प्रदेश वासियों की तरफ से विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर हेमवती नंदन बहुगुणा को श्रद्धांजलि देते हुए लिखा, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. हेमवती नंदन बहुगुणा जी की पुण्यतिथि के अवसर पर आज लखनऊ में उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

## व्यापारिक संबंधों को मजबूत करेंगे भारत-न्यूजीलैंड

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने सोमवार को दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश संबंधों को बढ़ाने, अप्रयुक्त क्षमता का एहसास करने और इंक्लूसिव और सस्टेनेबल इकोनॉमिक ग्रोथ में योगदान देने पर सहमति जताई। बैठक के बाद जारी एक संयुक्त बयान के अनुसार, दोनों नेताओं ने भारत और न्यूजीलैंड के बीच निरंतर व्यापार और निवेश बनाए रखने की बात का स्वागत किया और द्विपक्षीय सहयोग में चल रही मजबूत गति को दर्शाते हुए अधिक से अधिक दोतरफा निवेश का आह्वान किया।

दोनों ही नेताओं ने गहन आर्थिक एकीकरण प्राप्त करने के लिए एक संतुलित, महत्वाकांक्षी, व्यापक और पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार समझौते के लिए मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) वार्ता शुरू करने का स्वागत किया। दोनों ही नेताओं ने सहमति व्यक्त की कि एक व्यापक व्यापार समझौता व्यापार और आर्थिक सहयोग को बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है।

**वानिकी पर नए सहयोग का स्वागत किया** -दोनों नेताओं ने बागवानी और वानिकी पर नए सहयोग का स्वागत किया, जिसमें बागवानी पर सहयोग ज्ञापन पर हस्ताक्षर शामिल हैं जो ज्ञान और



अनुसंधान के आदान-प्रदान, कटाई के बाद और मार्केटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास को बढ़ावा देकर द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाएगा। दोनों लीडर्स ने आर्थिक विकास उत्पन्न करने, व्यापारिक जुड़ाव बढ़ाने और दोनों देशों के लोगों के बीच बेहतर समझ पैदा करने में पर्यटन द्वारा निभाई गई सकारात्मक भूमिका को भी मान्यता दी। उन्होंने भारत और न्यूजीलैंड के बीच पर्यटकों के बढ़ते प्रवाह का स्वागत किया और दोनों देशों के बीच सीधी (नॉन-स्टॉप) उड़ान संचालन शुरू करने के लिए अपने वाहकों को प्रोत्साहित करने पर सहमति व्यक्त की।


### न्यायालय पंकज मिश्रा पंजीयक लोक न्यास एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुभाग अधारताल जिला जबलपुर

राजस्व प्रकरण कमांक / 009 / बी-113/2024-2025
प्रारूप-4
(सूचना पत्र नियम-5(1) देखिए)
म.प्र. लोकन्यास अधिनियम 1951

चूँकि प्रकरण में आवेदक श्री महावीर देव ट्रस्ट कछियाना गंजीपुरा जबलपुर म.प्र. के द्वारा न्यासी ओम प्रकाश पिता स्व. मूलचंद काछी निवासी म.न. 363/1 रेजिमेंटल बाजार गोराबाजार सदर बार जबलपुर म.प्र. के द्वारा आवेदन पत्र अंतर्गत म.प्र. लोक न्यास अधिनियम 1951 की धारा 25 के तहत नवीन प्यासी के रूप में श्री भानू प्रताप पटेल पिता श्री प्रताप पटेल निवासी गोरा बाजार, श्री सचिन पटेल पिता श्री प्रताप पटेल निवासी गोरा बाजार एवं श्री दीपक पटेल पिता श्री फूलचंद पटेल निवासी गोल बाजार जबलपुर की नियुक्ति प्रस्तावित की है।

अतः एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उक्त आवेदन पर संधारित प्रकरण मेरे न्यायालय में दिनांक 06/03/2024 को विचार के लिए नियत है। कोई भी व्यक्ति / संस्था उक्त न्यास या सम्पत्ति में हित रखता हो और उक्त नियुक्ति के बारे में कोई आपत्ति प्रस्तुत करने या सुझाव देने का विचार रखता हो उसे इस सूचना के प्रकाशन के दिनांक से एक माह के भीतर दो प्रतियों में लिखित कथन/दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है, अथवा उक्त नियत दिनांक को न्यायालय में मेरे समक्ष स्वयं या अपने अभिभाषक या अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। उपरोक्त अवधि की समाप्ति के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों / दावों / सुझावों पर कोई विचार के लिए ग्राहय नहीं किया जावेगा।

जारी दिनांक 06/03/2025
पेशी दिनाक 17/04/2025

र.नं. 3401

(पंकज मिश्रा)
पंजीयक लोक न्यास
एवं अनुविभागीय अधिकारी
अनुभाग अधारताल जबलपुर



### निविदा/ नियुक्ति/ जाहिरात

**In The Court Of XXI Civil Judge Class-II, District Court, Jabalpur**
**Presiding Officer:** फरहान मसूद कुरैशी
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCS B /0000111/2024)
ब्रशल रफालिया.......................वादी
Vs
डायरेक्टर आर.एस. मार्केटिंग .........प्रतिवादी
Process Id-/2025
पेशी दिनांक - 24/03/2025

प्रेषिती- (1) संचालक आर.एस. मार्केटिंग पता- 1208 नमन परिसर पुष्पक नगर, अधारताल जिला जबलपुर म.प्र.

यह कि प्रार्थी ब्रशल रफालिया ने आपके विरूद्ध सिविल सूट। धन वसूली व्यवहार वाद। के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 03 मार्च 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

टिप्पणी- प्रकाशन नोटिस के साथ धन वसूली हेतु व्यवहार वाद की छायाप्रति संलग्न है।

कृपया ध्यान दें-
1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

(फरहान एम. कुरैशी)
21वें व्यवहार न्यायाधीश (कनिष्ठ खण्ड)
र.नं. 3397 जबलपुर (म.प्र.)


## पाखंड की कोई सीमा नहीं कांग्रेस ने पॉडकास्ट को लेकर मोदी पर साधा निशाना

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पाखंड की कोई सीमा नहीं है। कांग्रेस ने कहा कि पीएम मोदी ने कभी प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं किया लेकिन एक अमेरिकी पॉडकास्टर के सामने बैठने में वह सहज महसूस करते हैं। अमेरिका के पॉडकास्टर और कंप्यूटर वैज्ञानिक लेक्स फ्रीडमैन के साथ तीन घंटे से ज्यादा समय तक चले पॉडकास्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने विदेश मामलों के कई मुद्दों पर खुलकर बात की और अपनी जीवन यात्रा के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की।

वहीं कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने पॉडकास्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए आलोचना को लोकतंत्र की आत्मा बताने के लिए प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधा। जयराम रमेश ने पीएम मोदी पर उन संस्थानों को खत्म करने का आरोप लगाया, जो उनकी सरकार को जवाबदेह ठहराते थे।


### // आम सूचना //

यह सूचित किया जाता है कि 2TTR BASKETBALL के प्रांगण में दिनांक 19 MARCH 2025 को सुबह 10.00 बजे विभिन्न ग्रान्ट्स के सामानों की नीलामी की जायेगी। अतः इच्छुक व्यक्ति इस नीलामी हेतु अपना नाम QM OFFICE 2TTR (1 STC) में दिनांक 19 MARCH 2025 शाम 18.00 बजे तक दर्ज कराने का कष्ट करें।

नोट : नीलामी हुई सभी वस्तु उसी दिन अर्थात 19 MARCH 2025 को ही उठाना होगा और नीलामी की राशि उसी दिन जमा करना अनिवार्य है।

Quarter master
कृति 2TTR (1 STC



### नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्रं.-07 अधारताल जबलपुर (म.प्र.)

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 151
2024-2025 दिनांक 27/12/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता श्रीमती विमला बाई सोंधिया पति श्री विजय सोंधिया भवन क्रंमाक 3462 संपत्ति कर/ पिन नं. 1000365986 जलकर पिन नं. 2342465, विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी - श्रीमती अंजू बाई मगरेद पति श्री शिवाजी मगरेद के भाग पर वार्ड शहीद अ. हमीद वार्ड, विक्रय प्लाट रकवा 800 व.फु., निर्मित भूतल 640 व.फु. आर.सी.सी., विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

र.नं. 3402

कार्यालय संभागीय अधिकारी
संभाग क्र.-7,अधारताल
नगर निगम जबलपुर


## पाकिस्तान में हालात बेकाबू, हमले के बाद सेना छोड़कर भागने लगे सैनिक

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सामने अब एक बड़ा संकट खड़ा हो गया है। मुल्क में बिगड़ते हालात और बढ़ती असुरक्षा के बीच उसके सैनिक सेना से भाग रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले हफ्ते 2500 सैनिकों ने सेना छोड़ दी। सूत्रों ने बताया कि इसके पीछे की वजह सुरक्षा की बिगड़ती स्थिति, लगातार सैन्य नुकसान और पाकिस्तान में मौजूदा बिगड़ते हालात शामिल हैं।

सूत्रों के मुताबिक, जो सैनिक पाकिस्तानी सेना छोड़कर भाग रहे हैं, उनमें से ज्यादातर सैनिक सऊदी अरब, कतर, कुवैत और यूएई में मजदूर करने गए हैं। उन्होंने देश की मौजूदा हालातों को देखकर यही करना उचित समझा है। उन्होंने सेना में अपनी जान को जोखिम में डालने के बजाय आर्थिक अस्तित्व को चुना है क्योंकि हाल के दिनों में पाक सेना में अस्थिरता काफी बढ़ गई है। यह सामूहिक पलायन पाकिस्तानी सेना की आंतरिक शक्ति और मनोबल के बारे में गंभीर चिंता पैदा करता है, क्योंकि सेना देश में जारी हिंसा और असुरक्षा के बीच लड़ाई को जारी नहीं रखना चाहते हैं। सेना छोड़ने का मामला वाकई एक गंभीर संकट का संकेत है क्योंकि यह स्थिति केवल सुरक्षा के मुद्दे से नहीं, बल्कि देश के आंतरिक और बाहरी तनावों का भी परिणाम हो सकती है।

**पाकिस्तान की सुरक्षा लिए बड़ा जोखिम**-सैनिकों की संख्या में गिरावट न केवल सेना की कार्यक्षमता को प्रभावित करता है, बल्कि मुल्क के स्थिरता पर भी सवाल उठाता है। सुरक्षा की हालत बिगड़ने के कारण सैनिकों का मनोबल गिरता है, जिससे कारण वे सेना छोड़ने का फैसला करते हैं। यह स्थिति पाकिस्तान के लिए खतरे का कारण बन सकती है, क्योंकि एक कमजोर सैन्य बल देश की सुरक्षा लिए बड़ा जोखिम हो सकता है। शहबाज सरकार और पाक सेना को इस समस्या का जल्द कोई न कोई समाधान ढूंढना होगा ताकि सैनिकों का मनोबल बढ़ सके और सुरक्षा की स्थिति को बेहतर किया जा सके। दरअसल, बलूचिस्तान ने इन दिनों पाकिस्तान की चिंता बढ़ा दी है।


### कार्यालय, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग डिण्डौरी, जिला डिण्डौरी (म.प्र.)

नि.आ.सू. क्रमांक/05/व.ले.लि./2024-25 — डिण्डौरी, दिनांक 12.03.2025

**ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा केन्द्रीयकृत लो.नि.वि. में पंजीकृत समस्त निविदाकारों को सूचित किया जाता है कि लो.नि.वि. संभाग डिण्डौरी जिला डिण्डौरी के अंतर्गत निम्नलिखित कार्यों की ऑन लाईन निविदा पोर्टल https://www.mptenders.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की गई है। कार्यों का विस्तृत विवरण वेबसाइट पर देखा जा सकता है:-

| ई-टेंडर नम्बर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र (रुपये में) | अमानत राशि (रुपये में) | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | निविदा खोले जाने का स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2025_PWDRB_409234 | राई-मालपुर-डुंगरिया मार्ग लंबाई 14.60 किमी. का विशेष मजबूतीकरण कार्य। | 477.66 | 15000.00 | 478000.00 | 08 माह वर्षाऋतु सहित | कार्या. मुख्य अभियंता लो.नि.वि. परिक्षेत्र जबलपुर |
| 2025_PWDRB_409235 | जोगीटिकरिया-मुडकी-घानामार मार्ग लंबाई 11.00 किमी. का विशेष मजबूतीकरण कार्य। | 415.01 | 15000.00 | 415100.00 | 08 माह वर्षाऋतु सहित | कार्या. मुख्य अभियंता लो.नि.वि. परिक्षेत्र जबलपुर |
| 2025_PWDRB_409236 | शाहपुर-किसलपुरी मार्ग लं. 11.00 किमी. का विशेष मजबूतीकरण कार्य। | 313.22 | 15000.00 | 313300.00 | 06 माह वर्षाऋतु सहित | कार्या. मुख्य अभियंता लो.नि.वि. परिक्षेत्र जबलपुर |
| 2025_PWDRB_409238 | डिण्डौरी बायपास मार्ग लं. 3.00 मिमी. चांड़ा एप्रोज मार्ग लं. 3.00 किमी. किरंगी से नर्मदा नदी लं. 2.30 कि.मी. एवं हर्रा टोला से नर्मदा नदी मार्ग लं. 1.60 कि.मी. कुल लंबाई 9.90 किमी. में बी.टी. नवीनीकरण कार्य। | 109.94 | 12500.00 | 110000.00 | 03 माह वर्षाऋतु छोड़कर | कार्या. मुख्य अभियंता लो.नि.वि. परिक्षेत्र जबलपुर |

1. ऑनलाईन निविदा प्रपत्र खरीदने की तिथि 13.03.2025 से 02.04.2025 सायं 5:30 बजे तक है।
2. ऑनलाईन बिड सबमिट करने की अंतिम तिथि 02.04.2025 सायं 5.30 बजे तक है।
3. टेण्डर डाक्यूमेंट (e-EMD) तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज केवल ऑनलाईन ही सबमिट किये जायेंगे। निविदा दिनांक 04.04.2025 से खोली जावेगी।
4. संशोधन या शुद्धिपत्र सिर्फ वेबसाईट में अपलोड किये जावेंगे।
5. निविदा प्रपत्र वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर भुगतान उपरांत प्राप्त हो सकेंगे। अतिरिक्त जानकारी वेबसाईड पर टेण्डर डाक्यूमेंट में देखी जा सकती है।

(मोहपत सिंह धुर्वे)
कार्यपालन यंत्री
जी- 24405/24 लो.नि.वि. संभाग डिण्डौरी



### मध्यप्रदेश शासन नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण

कार्यालय कार्यपालन यंत्री (वि./यां.) संभाग क्रमांक -2 बरगीनगर, जबलपुर (म.प्र.)- 482056
Email ID eeemdv2bargidam@gmail.com

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्न कार्य की ऑन लाइन निविदा प्रतिशत दर (अपेडिक्स 2.10) ई-प्रोक्यूरमेंट सिस्टम पोर्टल www.mptenders.gov.in पर जारी की जा रही है। निविदा की संक्षिप्त जानकारी निम्नानुसार है:-

| निविदा क्रं. | ई. निविदा क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित राशि (रु. में) | धरोहर राशि (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदाकार की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने की की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. |
| 229/तक 2024-25 दिनांक-13.03.2025 | 2025 NVDA-409571/1 | रा.अ.बा.लो.सा.परि. की एल.बी.सी. स्लूट गेट नं. 01 के रोलर एसेम्बली का सुधार कार्य एवं 32 एम.एम. वायर रोप बदलने का कार्य। | 5,19,861.00 (रुपये पांच लाख उन्नीस हजार आठ सौ इकसठ) मात्र | 10397.00 (रु. दस हजार तीन सौ संतान्वे) मात्र | 2000.00 (रु. दो हजार) मात्र | प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत। | 30 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| | | कुल योग रु. | 5,19,861.00 | | | | |

निविदा प्रपत्र क्रय करने की तिथि अंतिम : 02/04/2025, 17:30 तक (केवल ऑनलाईन)
प्राइज बीड जमा करने की तिथि अंतिम : 02/04/2025, 17:30 तक (केवल ऑनलाईन)
निविदा की धरोहर राशि खुलने की तिथि : 04/04/2025, 10:30 से 04/04/2025, 17:30 तक (केवल आनलाईन)
प्राइज बीड खुलने की तिथि : 04/04/2025, 10:31 से 04/04/2025, 17:30 तक (केवल आनलाईन)
निविदा प्रपत्र को उपरोक्त वेबसाइट पर केवल ऑन लाइन क्रय किया जा सकता है। ऑन लाइन पर भुगतान डेबिट/कैश कार्ड या इन्टरनेट बैंकिंग अकाउंट्स के माध्यम से किया जा सकता है।
निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट www.mptenders.gov.in का अवलोकन करें।
(शैलेन्द्र राठौर)

(शैलेन्द्र राठौर) कार्यपालन यंत्री,
नर्मदा विकास (वि./यां संभाग क्रमांक 2)
बरगी नगर, जबलपुर (म.प्र.)
जी- 24429/24



### कार्यालय कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव, मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग जिला नरसिंहपुर म.प्र.

**प्रारंभिक अधिसूचना**
**(देखिये धारा 11)**

क्रमांक 01 / अ.वि.अ./भू-अर्जन / 2024 — नरसिंहपुर, दिनांक 01/01/2025
रा.मा.क्र. 26/अ-82/2024-25 मौजा ग्राम-गोकला प.ह.नं.-13/7 न.ब.-147 तहसील-करेली

चूँकि समुचित सरकार को यह प्रतीत होता है कि अनुसूची-1 में कार्यपालन यंत्री रानी अवंती वाई लोधी सागर नहर संभाग नरसिंहपुर को नर्मदा नदी पर चिनकी बोरास बराज संयुक्त बहुउद्देशीय परियोजना के लिये पम्प हाऊस क्र.-1 कार्यों हेतु भूमि की आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है।

सर्व संबंधित को यह सूचित किया जाता है कि चिनकी बोरास बराज संयुक्त बहुउद्देशीय परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति (EC Identification No.-EC23B000MP119529) को राज्य स्तरीय पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन प्राधिकरण द्वारा दिनांक 30.01.2023 प्रदाय की गई है। भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा-6 की उपधारा-2 के अनुसार सिंचाई परियोजनाओं के संबंध में जहां पर्यावरणीय प्रभाव निर्धारण की प्रक्रिया की तत्समय प्रवत्त किसी अन्य विधि के प्रावधानों के अधीन अपेक्षा की जाती, सामाजिक प्रभाव निर्धारण से संबंधित इस अधिनियम के प्रावधान लागू नहीं होगें। अतः भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन सार्वजनिक सूचना के जरिये सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि इसके द्वारा उक्त परियोजना हेतु निम्नानुसार भूमि का अर्जन किया जाता है :-

**अनूसूची 1**

1. परियोजना का नाम : चिनको बोरास बराज संयुक्त बहुउद्देशीय परियोजना के लिये पम्प हाऊस क्र.-1 निर्माण हेतु।
2. भूमि का विवरण

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. जिला | : नरसिंहपुर | 2. तहसील | : करेली |
| 3. ग्राम | : गोकला | 4. प.ह.न. | : 13/7 |
| 5. नं.बं. | : 147 | 6. अर्जित भूमि का क्षेत्रफल | : 2.470 हेक्टेयर |

**अनूसूची 2**

| स. क्र. | हितबद्ध व्यक्ति का नाम एवं पता | स्वामित्व का प्रकार | खसरा नंबर | अर्जन हेतु रकबा (हे.) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | तेजबल उर्फ हल्कोरी पुत्र नन्हा धानक करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 72/1/1 | 0.242 |
| 2 | विजई धानक पुत्र तेजबल धानक गोकला करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 72/1/2 | 0.155 |
| 3 | तेजबल उर्फ हल्कोरी पुत्र नन्हा धानक करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 72/3<br>73/1/घ | 0.426 |
| 4 | सेवक पिता कढोरी धानक करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 72/4<br>73/1/अ | 0.405 |
| 5 | सरदार सिंह पुत्र गनपे धानक गोकला करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 73/1/5 | 0.340 |
| 6 | कलाबाई वेवा कढोरी धानक गोकल प्रसाद, सेवक पुत्र कढोरी धानक सब्बीबाई पुत्री कढोरी जाति धानक निवासी गोकला करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 73/1/10 | 0.622 |
| 7 | लखनलाल ना.बा. पुत्र व वली श्यामलाल धानक गोकला | भूमिस्वामी | 73/4 | 0.280 |
| | कुल योग | | | 2.470 |

यह अधिसूचना इससे संबंधित सभी व्यक्तियों के लिये भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 (2013 का 30) की धारा 11 (1) उपबंधों के अधीन जारी की गई है।

राज्य सरकार की अधिसूचना क्रमांक-एफ भोपाल दिनांक एफ 16-15(7)-2014-सात-शा, 2ए भोपाल दिनांक 29.09.2014 जिसका मध्यप्रदेश राजपत्र दिनांक 03.10.2014 के पृष्ठ क्रमांक 2895 पर प्रकाशन किया गया है। उक्त अधिसूचना के परिपालन में अनुविभागीय अधिकारी (रा.) नरसिंहपुर को अधिनियम की धारा-12 द्वारा दी गई शक्ति का प्रयोग करने के लिए निर्देशित किया जाता हैं।

सरकार, उक्त अधिनियम की धारा-12 में यथा उपबंधित एवं विनिर्दिष्ट कार्यपालन यंत्री रानी अवंती वाई लोधी सागर नहर संभाग नरसिंहपुर और उसके कर्मचारिवृंद को भूमि में प्रवेश, करने और उसका सर्वेक्षण करने, किसी भी भूमि के स्तर लेने, अवमृदा में खुदाई करने या वेधन करने और अपने कार्य के उचित निष्पादन के लिये अपेक्षित सभी अन्य कार्य करने के लिये प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा-11 (4) के अधीन कोई भी व्यक्ति कलेक्टर के पूर्व अनुमोदन के बिना ऐसी अधिकारी के प्रकाशन की तारीख से भूमि का कोई भी संव्यवहार नहीं करेगा या कोई भी संव्यवहार नहीं होने देगा अर्थात क्रय / विक्रय आदि नहीं करेगा या ऐसी भूमि पर कोई भी विल्लंगम सृजित नहीं करेगा।

अधिनियम की धारा-15 (1) के अधीन यथ उपबंधित इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 60 (दिनों के भीतर किसी इच्छुक व्यक्ति द्वारा भूमि अर्जन के बारे में कलेक्टर के समक्ष (कक्ष क्रमांक-84 भू अर्जन शाखा, नरसिंहपुर) अथवा कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नरसिंहपुर में आक्षेप यदि कोई हो फाईल किए जा सकेंगे।

भूमि से संबंधित रेखांकन अनुविभागीय अधिकारी (रा.) नरसिंहपुर कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस को कार्य समय के दौरान देखा जा सकता है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार।

(मणिन्द्र कुमार सिंह)
अनुविभागीय अधिकारी सह भू-अर्जन अधिकारी नरसिंहपुर

दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

G-24402/24

(शीतला पटले)
कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव
मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग
जिला नरसिंहपुर (म.प्र)


## थोक महंगाई दर फरवरी में 2.38 प्रतिशत रही

**नई दिल्ली।** भारत में थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) या थोक महंगाई दर में फरवरी 2025 में 2.38 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसकी वजह ईंधन और ऊर्जा की बढ़ी हुई कीमतें और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की लागत में इजाफा होना था। यह जानकारी वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा सोमवार को दी गई। इससे पहले जनवरी में डब्ल्यूपीआई या थोक महंगाई दर 2.31 प्रतिशत पर थी।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

#### टैरिफ विवाद पर....

तरह अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप, वहां के आर्थिक हितों के लिए काम कर रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया विभाग की निदेशक गबार्ड ने कहा कि भारत और अमेरिका दोनों ही देशों के पास ऐसे नेता हैं, जो मुद्दों को लेकर सामान्य ज्ञान भी रखते हैं और वे इसे सामान्य तरीके से हल भी कर सकते हैं।

**भारत-यूएस के बीच बढ़ेगी साझेदारी**-तुलसी गबार्ड ने कहा कि दोनों ही देशों के नेताओं के बीच अच्छी दोस्ती है और यही वह आधार है, जिस पर दोनों देश अपनी साझेदारी को आगे बढ़ाएंगे। इंटरव्यू के दौरान तुलसी गबार्ड ने महाभारत की शिक्षाओं, विशेष रूप से कृष्ण द्वारा अर्जुन को दी गई शिक्षाओं और गीता पर भी बात की। उन्होंने भारत और यूएस को लेकर कहा कि हम अपने संबंधों को मजबूत करना चाहते हैं, यह मजबूती न केवल खुफिया क्षेत्र बल्कि वाणिज्य, व्यापार रक्षा और शिक्षा से संबंधित भी है। तुलसी गबार्ड तुलसी गबार्ड ने आज रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से भी मुलाकात की है। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत और अमेरिका के बीच रक्षा और सुरक्षा संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा की है। अमेरिकी शराब पर भारत द्वारा ज्यादा टैरिफ लगाए जाने को लेकर व्हाइट हाउस ने नाराजगी जारी की थी।

# देश-प्रदेश

उवाच

## दो दिनों में 22 हत्याएं हुई : राबड़ी

**पटना।** बिहार विधानमंडल के बजट सत्र में सोमवार को विपक्ष ने प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर जमकर हंगामा किया। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने सरकार पर जोरदार सियासी हमला बोलते हुए कहा कि दो दिनों में 22 हत्याएं हुई हैं। उन्होंने सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि यह मंगलराज है, जंगलराज में यह नहीं होता था। दारोगा की हत्या नहीं होती थी। पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि अपराध के मुद्दे पर सरकार पूरी तरह से विफल है। विधान परिषद में विरोधी दल की नेता राबड़ी देवी ने कहा कि होली के दौरान राज्यभर में 22 लोगों की हत्या की गई है।



### बजट पर चर्चा के दौरान बोले भार्गव

# बजट विकास और आध्यात्म का संगम

**भोपाल, देशबन्धु।** पूर्व मंत्री और वरिष्ठ भाजपा विधायक गोपाल भार्गव ने आज बजट पर चर्चा के दौरान सरकार की जमकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि ये बजट विकास और आध्यात्म का संगम है।



उन्होंने इस बजट के लिए मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री को बधाई देते हुए कहा कि इस बार का बजट नई थीम विकास और धर्म-संस्कृति को लेकर बनाया गया है। उन्होंने इस बजट में गरीबों, किसानों, युवाओं और नारी सशक्तिकरण के लिए किए गए प्रावधानों की सराहना करते हुए कहा कि इस बजट में सभी वर्गों को सशक्त बनाने के लिए बड़े कदम उठाए गए हैं।

सरकार ने एक ओर विकास कार्यों के लिए बजट बढ़ाया है, योजना मद में भी वृद्धि की गई है। उन्होंने सदन में विभिन्न बजट प्रावधानों का जहां उल्लेख किया, वहीं इस बात को भी सदन के समझ रखा कि कांग्रेस शासनकाल के दौरान बिजली सड़क विकास और विकास कार्यों की स्थिति क्या थी।

### चर्चा में रहा भाषण

पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा विधायक गोपाल भार्गव द्वारा सदन में दिए भाषण की काफी चर्चा हुई। विधानसभा अध्यक्ष के कक्ष में उनको लेकर हुई चर्चा का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें विधानसभा अध्यक्ष, नरेन्द्र सिंह तोमर, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उप मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष दिखाई दे रहे हैं। मुख्यमंत्री कहते हैं- गोपाल जी नहीं आए क्या बात है। इस पर विजयवर्गीय कहते हैं- पहली बार हमने उनको इतना बोलते हुए देखा। इसके पहले मैंने उन्हें इतना बोलते हुए कभी नहीं देखा। इसी बीच कांग्रेस विधायक यादवेंद्र सिंह कहते हैं- प्रवचन चल रहा था। फिर विजयवर्गीय कहते हैं- चुटकी लेकर बैठ जाते हैं, हैडलाइन बन जाती है। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर कहते हैं-मुझे लगता है गोपाल जी का संसदीय जीवन में शायद पहला इतना लंबा भाषण रहा होगा।

### कर्ज बढ़ा, राजकोषीय घाटे में 25 प्रतिशत का अंतर



**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा में बजट पर चर्चा के दौरान कांग्रेस विधायक बाला बच्चन ने कहा कि 2024-25 व 2025-26 के राजकोषीय घाटे में 25 प्रतिशत का अंतर है। सरकार लगातार कर्ज पर कर्ज लिए जा रही है और जनता पर इसका बोझ बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि 31 मार्च 2026 तक 28 हजार 236 करोड़ रुपए कर्ज का ब्याज हमें चुकाना होगा। कांग्रेस विधायक ने कहा कि विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिए 100 करोड़ रुपए का प्रावधान सरकार ने किया था। सरकार मध्यप्रदेश की जनता को कितना कर्ज में डुबोएगी ? कांग्रेस विधायक नितेंद्र सिंह राठौड़ ने कार्यवाही शुरू होने से पहले कहा था कि विभागवार बजट में कुछ नहीं मिला है। वहीं बीजेपी विधायक व पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव ने कहा कि जिस गांव में सड़कें नहीं होती थीं, वहां 15-15 किलोमीटर तक पैदल चलना पड़ता था।

# प्रधानमंत्री के प्रोत्साहन से प्रदेश में मिलेगा फुटबाल को बढ़ावा : मुख्यमंत्री

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिकन पॉडकास्टर लेक्स फ्रिडमैन के साथ विस्तार से बातचीत में मध्यप्रदेश के शहडोल जिले के दौरे की स्मृतियों को साझा की। पॉडकास्ट में पीएम श्री मोदी ने शहडोल जिले के जनजातीय बाहुल्य गांव विचारपुर की चर्चा की।

उन्होंने कहा कि शहडोल जिले की यात्रा में उन्हें उस जगह के बारे में पता चला, जहां के निवासियों में फुटबॉल के प्रति अटूट प्रेम है। वे अपने क्षेत्र को मिनी ब्राजील कहते हैं। अमेरिकन पॉडकास्ट में पीएम श्री मोदी ने कहा कि हमारे यहां सेंट्रल पार्ट ऑफ इंडिया में मध्यप्रदेश एक स्टेट है, वहां शहडोल एक जिला है, शहडोल जिला बहुत बड़ा ट्राइबल बेल्ट है, जहां काफी ट्राइबल लोग रहते हैं वहां ट्राइबल महिलाएं स्व-सहायता समूह चलाती हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने शहडोल यात्रा में स्व-सहायता समूह की महिला सदस्यों और शहडोल संभाग की फुटबाल क्रांति के प्रणेता खिलाड़ियों से मिलकर चर्चा की और उनका उत्साह बढ़ाया।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने शहडोल जिले के भ्रमण की स्मृतियों को साझा करते हुए कहा कि मैं उनसे बातचीत कर रहा था। शहडोल में देखा कि स्पोर्ट्स की ड्रेस पहने हुए वहां 80 से



100 के करीब नौजवान, छोटे बच्चे, सभी लोग एक ही प्रकार से बैठे थे। मैं उनके पास गया, उनसे पूछा कि आप लोग कहां से हैं? जवाब मिला, हम मिनी ब्राजील से हैं। मैंने खिलाड़ियों से पूछ कि मिनी ब्राजील क्या है? तो खिलाड़ियों ने बताया कि हमारे गांव विचारपुर को लोग मिनी

### प्रधानमंत्री ने अमेरिकन पॉडकास्ट में बताया शहडोल में बसा है मिनी ब्राजील

ब्राजील कहते हैं। मैंने फिर पूछा कैसे मिनी ब्राजील कहते हैं? खिलाड़ियों ने बताया कि हमारे गांव में हर परिवार में चार पीढ़ियों से लोग फुटबॉल खेलते आ रहे हैं। गाँव से 80 से अधिक नेशनल प्लेयर निकले हैं। पूरा गाँव फुटबॉल को समर्पित है और वो कहते हैं कि हमारे गांव का इंडिविजुअल मैच जब होता है, तो 20 से 25 हजार दर्शक तो आसपास के गांव से ही आ जाते हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि भारत में फुटबॉल का क्रेज इन दिनों ब? रहा है, मैं उसके लिए शहडोल के मिनी ब्राजील को शुभ संकेत मानता हूं। इससे टीम स्पिरिट पैदा होती है।

**प्रधानमंत्री का मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने माना आभार**-मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री श्री मोदी के प्रोत्साहन के लिये आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे शहडोल ही नहीं पूरे प्रदेश के खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में फुटबाल को और अधिक प्रोत्साहित करने के लिये राज्य सरकार की ओर से हरसंभव मदद दी जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार खेलों का बढ़ावा देने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। हमारी खेल अकादमियों के खिलाड़ियों राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मध्यप्रदेश और देश का नाम रोशन किया है।

**पूर्व कमिश्नर श्री शर्मा ने भी किया प्रोत्साहित**-शहडोल संभाग में फुटबाल को प्रोत्साहित करने के लिए शहडोल संभाग के पूर्व कमिश्नर राजीव शर्मा की पहल पर फुटबाल खिलाड़ियों को बेहतर से बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने के प्रयास किये गए है। इसके अपेक्षित परिणाम मिल रहे हैं। शहडोल जिले के ग्राम विचारपुर गांव सहित शहडोल संभाग के लगभग सभी गांवों में फुटबाल क्लबों का गठन किया गया है तथा फुटबाल खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

# तेलंगाना में ओबीसी को मिलेगा 42 फीसदी आरक्षण

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना में रेवंत रेड्डी की अगुवाई वाल कांग्रेस सरकार ने सोमवार को एक बड़े चुनावी वादे को पूरा कर दिया। कांग्रेस ने सत्ता में आने के बाद जाति जनगणना कराने का ऐलान किया था। पार्टी ने कहा था कि वह जनगणना के बाद ओबीसी के आरक्षण को बढ़ाएगी। जातिगत सर्वे में (अन्य पिछड़े वर्ग) ओबीसी में 56.33 फीसदी सामने आई थी। इसके बाद रेवंत रेड्डी ने विधानसभा में नए जाति सर्वेक्षण का सारांश पेश किया था। तब उन्होंने पंचायत और नगरपालिका चुनावों में पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को कांग्रेस 42 फीसदी टिकट देने का ऐलान किया था। रेवंत रेड्डी के ऐलान के अनुसार सोमवार को विधानसभा में ओबीसी के लिए 42 फीसदी सीटें आरक्षित करने का बिल पास हो गया। बिहार के बाद तेलंगाना दूसरा राज्य है। जिसने जातिगत सर्वे कराया है।

सोमवार को विधानसभा में रेवंत रेड्डी सरकार की तरफ से तेलंगाना पिछड़ा वर्ग (ग्रामीण और शहरी स्थानीय निकायों में सीटों का आरक्षण) विधेयक, 2025 पेश किया गया। इस बिल को चर्चा के बाद पास कर दिया गया। इसे ध्वनिमत से पारित किया गया। सत्र के दौरान तेलंगाना अनुसूचित जाति (आरक्षण का युक्तिकरण) विधेयक, 2025 और तेलंगाना पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति शैक्षणिक संस्थानों में सीटों और राज्य के तहत सेवाओं में नियुक्तियों या पदों का आरक्षण) विधेयक, 2025 रखे गए।

# सौरभ शर्मा के साथ पदस्थ रहे एएसआई की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**ग्वालियर, देशबन्धु।** परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा के साथ पदस्थ रहे एएसआई संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। कंपू स्थित उनके घर से उनकी लाश मिली है। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारण का पता चल सकेगा।

एएसआई वीरेन्द्र सिंह ग्वालियर में उड़नदस्ता के प्रभारी थे। श्री सिंह मूल रूप से चित्रकूट के रहने वाले थे और ग्वालियर में कंपू थाना इलाके की साउथ एवेन्यू हाउसिंग सोसाइटी में निवास करते थे। उनके यहां नौकर नारायण भी रहते थे। बताया गय कि रविवार रात को खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने के लिए चले गए। जिस कमरे में वह सो रहे थे, उसके पास वाले दूसरे कमरे में उनका नौकर नारायण सो रहा था। रोज सुबह वह करीब 7 बजे सोकर उठ जाते थे, लेकिन सोमवार को जब वह देर तक कमरे से बाहर नहीं आए तो नारायण कमरे में चला गया। नारायण ने कमरे के अंदर जाकर देखा तो वह बिस्तर पर अचेत पड़े थे। उसने तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। कंपू थाना पुलिस यहां पहुंची और मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया गया था, उनके परिजनों के घटना की सूचना दे दी। सूचना मिलते ही फौरन उनके स्वजन ग्वालियर आए और यहां पुलिस अधिकारियों ने डॉक्टरों के पैनल से पोस्टमार्टम करवाया। पोस्टमार्टम के बाद उनकी लाश को परिजनों के हवाले कर दिया गया।

# लखनऊ : यातायात को लेकर मंडलायुक्त डॉ. जैकब ने ली बैठक, दिए निर्देश

**लखनऊ, देशबन्धु।** मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब की अध्यक्षता में यातायात से संबंधित इंफ्रास्ट्रक्चर के कार्यों की प्रगति, कैसरबाग पार्किंग, ई-रिक्शा व डीएम ऑफिस के पास वेंडिंग, पार्किंग और फुटपाथ की व्यवस्था के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन स्मार्ट सिटी ऑफिस के सभागार (लालबाग) में आहूत की गई। इस अवसर पर नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव, एमडी मेट्रो व पीडब्लूडी सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान मंडलायुक्त ने एमडी सिटी ट्रांसपोर्ट को निर्देश देते हुए कहा कि- सिटी बसों व टेंपो का संचालन चिन्हित रूटों पर ही कराया जाये। जिससे यातायात व्यवस्था सुगम रूप से चलता रहे। सड़कों पर से अवैध अतिक्रमण को हटाने को लेकर नगर निगम, आरटीओ व पुलिस विभाग द्वारा अभियान चलाया जाना सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि चिन्हित जंक्शनो के सुदर्णीकरण कार्य प्राथमिकता पर कराते रहे।

उक्त के पश्चात एमडी मेट्रो द्वारा मंडलायुक्त को अवगत कराया गया कि मेट्रो स्टेशन तक जाने के लिए 26 ई-रिक्शा के रूटों का स्टडी किया गया है। जिससे इन रूटों पर ट्रैफिक व्यवस्था सुगम व सुचारू रूप से चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि टेम्पो व ई-रिक्शा की पार्किंग निर्धारित स्थल पर ही कराया जाये। अगर संबंधित वाहन अपने पार्किंग स्थल से इधर-उधर खड़ी या पार्क मिलती हैं तो तत्काल चालान करते हुए आवश्यक कार्रवाई किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि पीडब्ल्यूडी विभाग को कलेक्ट्रेट के सामने सड़क निर्माण व रेम्प बनाने के लिए स्मार्ट सिटी से पैसा ट्रांसफर कर दिया गया है। जिसके क्रम में संबंधित अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि कलेक्ट्रेट के सामने सड़क निर्माण व रेम्प बनाने के लिए टेंडर करा दिया गया है जल्द ही सड़क निर्माण व रेम्प बनाने का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। उक्त के पश्चात पीडब्ल्यूडी के संबंधित अधिकारी द्वारा बताया गया कि कैसरबाग की पार्किंग व ब्लैक टाप बढ़ोतरी कार्य करने के लिये टेंडर करा लिया गया है। मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन सिविल कार्यों का टेंडर हो गए है उन कार्यो को बिना विलंब किए हुए प्रारंभ कर दिया जाए।

# विपक्ष ने बिहार में बढ़ते अपराधों पर सरकार को घेरा

**पटना, (एजेंसियां)।** बिहार विधानमंडल के बजट सत्र की कार्यवाही होली पर्व के बाद सोमवार को शुरू हुई। बजट सत्र के 10वें दिन भी विपक्ष ने सदन के बाहर और अंदर सरकार को घेरने की कोशिश की। विपक्ष ने प्रदेश में आपराधिक घटनाओं में तेजी का आरोप लगाते हुए सदन की कार्यवाही शुरू होने के पहले परिसर में और कार्यवाही शुरू होने के बाद सदन के अंदर हंगामा किया। विपक्ष के सदस्य तख्तियां लेकर विधानसभा पहुंचे और परिसर में जमकर नारेबाजी की। होली के दौरान मुंगेर में दारोगा की हत्या, अररिया में दारोगा की हत्या सहित कुछ अन्य जगहों पर पुलिस वालों पर हमले की घटना को लेकर नीतीश सरकार के खिलाफ विपक्ष का आक्रामक रुख दिखा। राजद के विधायक मुकेश रौशन ने कहा कि बिहार में खून की होली हुई। यहां कानून का राज कहने को है। भाजपा के लोग उन्मादी बात करते हैं। सत्ता में बैठे लोग ही अपराधी को संरक्षण दे रहे हैं। विधायक भाई वीरेंद्र ने कहा कि होली के दौरान मुंगेर में दारोगा की हत्या, अररिया में दारोगा की हत्या, कई स्थानों पर पुलिस वालों पर हमला। जब पुलिस ही सुरक्षित नहीं है तो आम लोगों की क्या स्थिति है।


**CHANGE OF NAME**

I, Vahidan Sakh is real/ legally Wife of Army NO - 15684021H, Rank- Hav Name - JM Ansari, Unit - 11 RAPID SIGNAL Reget (H) (Corps of Signals) Home - Address Village -Supela, Post - Supela, Teh - Sihawal, Dist - Sidhi, State - MP, Pin - 486670. I have change my name from Vahidan Sakh to Vahidan Sakh Ansari vide affidavit before Notary Jabalpur (MP)

INCORRECT NAME
Vahidan Sakh
CORRECT NAME
Vahidan Sakh Ansari
कृति

**CHANGE OF NAME & DOB**

I , Mngera Shakh Ansari is legally MOTHER of Army NO - 15684021H, Rank- Hav Name - JM Ansari, Unit - 11 RAPID SIGNAL Reget (H) (Corps of Signals) Home - Address Village -Supela, Post - Supela, Teh - Sihawal, Dist - Sidhi, State - MP, Pin - 486670. I have change my name from Mngera Shakh Ansari to Managiriya and DOB 01/07/1958 to 01/01/1951 vide affidavit before Notary Jabalpur (MP)

INCORRECT NAME
Mngera Shakh Ansari
INCORRECT DOB - 01/07/1958
CORRECT NAME
Managiriya
CORRECT DOB - to 01/01/1951
कृति

**CHANGE OF NAME**

I, BARIA KIRTIKABEN CHATURBHAI (existing name of spouse as per NOK) is legally wedded spouse of No 15731318X Rank LOC NK Name PATEL DINESHBHAI JUVANSINH presently, residing at VILL-ANTELA, PO- DEVGADH BARIA, TEH- DEVGADH BARIA, DISTT- DAHOD (GUJRAT)- 389380. I have change my name from BARIA KIRTIKABEN CHATURBHAI to PATEL KIRTIKABEN DINESHBHAI vide affidavit dated 12/03/2025 before Notary Jabalpur (MP)

INCORRECT NAME
BARIA KIRTIKABEN CHATURBHAI
CORRECT NAME
PATEL KIRTIKABEN DINESHBHAI
कृति

**CHANGE OF NAME**

I, ARMY NO. 15731318X Rank LOC NK Name PATEL DINESHBHAI JUVANSINH S/O PATEL JUVANSINH OF UNIT 4 TTR, (1 STC), JABALPUR (MP). have changed my Son name PATEL YATIN KUMAR to PATEL YATINKUMAR DINESHBHAI vide affidavit dated 17/03/2025 before Notary Jabalpur (MP)

INCORRECT NAME
PATEL YATIN KUMAR
CORRECT NAME
PATEL YATINKUMAR DINESHBHAI
कृति

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं ARCHANA उम्र लगभग 48 वर्ष पति JC-733470X, RANK SUB, NAME TEMBHURNIKAR PRAMOD KUMAR SEWAKRAM, पता- VILLAGE & POST- KATTIPAR, TEH AMGAON, DIST- GONDIA, STATE- MAHARASHTRA, PIN CODE- 441902. शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करती हूँ :- 1. यह कि मैं उपरोक्त पते की स्थायी निवासी हूँ। 2. यह कि मेरे पति TEMBHURNIKAR PRAMOD KUMAR SEWAKRAM भारतीय थल सेना में Rank SUB के पद पर पदस्थ है, जिनका आर्मी नं. JC-733470X, है। 3. यह कि मेरे पति के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम ARCHANA दर्ज है। 4. यह कि मेरे आधार कार्ड एवं पेन कार्ड में मेरा नाम ARCHANA TEMBHURNIKAR दर्ज है, जो कि सत्य व सही है। 5. यह कि ARCHANA एवं ARCHANA TEMBHURNIKAR ये दोनो नाम मेरे ही है, किसी अन्य महिला के नहीं है। 6. यह कि मैं शपथकर्ती TEMBHURNIKAR PRAMOD KUMAR SEWAKRAM की एक मात्र विवाहिता पत्नी हूँ। 7. यह कि मेरे पति TEMBHURNIKAR PRAMOD KUMAR SEWAKRAM के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा पूरा व सही नाम ARCHANA TEMBHURNIKAR दर्ज किया जावे। भविष्य में मुझे ARCHANA TEMBHURNIKAR पति TEMBHURNIKAR PRAMOD KUMAR SEWAKRAM के नाम से ही जाना-पहचाना, पढ़ा-लिखा व समझा जावें I vide affidavit No 73AA 530446 dated 10/02/2025 before Notary Jabalpur (MP)

गलत नाम :- ARCHANA
सही नाम :- ARCHANA TEMBHURNIKAR
कृति

**निविदा/नियुक्ति/जाहिरात**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर**

पत्र क्र. / लोक कर्म /06/2024/ PRO-648 जबलपुर दिनांक: 13/03/2025

**// निविदा निरस्तीकरण सूचना //**

दिनांक 12/03/2025 को समाचार पत्रों में प्रकाशित E- TENDER Id 2025_uad_408963_1 PRO-641 संभाग क्र. 06 अंतर्गत राजेंद्र प्रसाद वार्ड में स्थित वाचनालय एवं सभा भवन के पुनर्निर्माण कार्य की निविदा तकनीकी कारणों से निरस्त की जाती है।

कार्यपालन यंत्री, नगर पालिक निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.-03 रामपुर (शक्ति भवन रोड) नगर निगम, जबलपुर**

पत्रांक/ सं. क्र.-03/एम/2024-25/335
दिनांक 17/03/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति रमाकान्ता दहायत पति श्री राजेन्द्र दहायत एवं श्री पलाश दाहिया पिता श्री राजेन्द्र दहायत ने आईडियल हिल्स के फ्लेट क्रमांक विंग्स-4 वार्ड दादा बाबूराव परांजपे वार्ड प्रथम तल 1284 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक विंग्स-4 वार्ड दादा बाबूराव परांजपे वार्ड गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठी अनुसार) श्री विनोद कुमार गुरू पिता श्री कुंज बिहारी लाल गुरू के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक-3 शक्ति भवन रोड रामपुर, नगर निगम जबलपुर में प्रमाण एवं दस्तावेजों सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

र.नं. 3405
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.-03 रामपुर नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.-03 रामपुर (शक्ति भवन रोड) नगर निगम, जबलपुर**

पत्रांक/ सं. क्र.-03/एम/2024-25/334
दिनांक 17/03/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति रमाकान्ता दहायत पति श्री राजेन्द्र दहायत ने आईडियल हिल्स के फ्लेट नं. डी/4-3 वार्ड दादा बाबूराव परांजपे वार्ड प्रथम तल 1284 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त फ्लेट नं. डी/4-3 वार्ड दादा बाबूराव परांजपे वार्ड गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्टी अनुसार) श्री विनोद कुमार गुरू पिता श्री कुंज बिहारी लाल गुरू के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक-3 शक्ति भवन रोड रामपुर, नगर निगम जबलपुर में प्रमाण एवं दस्तावेजों सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

र.नं. 3405
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.-03 रामपुर नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.-03 रामपुर (शक्ति भवन रोड) नगर निगम, जबलपुर**

पत्रांक/ सं. क्र.-03/एम/2024-25/336
दिनांक 17/03/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अमित सिंह, श्री अंकित सिंह पिता श्री अशोक सिंह एवं श्री कुलदीप सिंह राजपूत पिता श्री नारायण सिंह राजपूत ने भवन क्रमांक प्लाट नं. 12 वार्ड शंकरशाहनगर वार्ड प्लाट 1000 व.फु. भूतल 1000 व.फु. प्रथम तल 1000 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक प्लाट नं. 12 वार्ड शंकरशाहनगर वार्ड गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्टी अनुसार) श्रीमती परमिता करमाकर पति श्री नबरूण कर्माकर एवं श्री नबरूण पिता श्री सम्भुनाथ के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक-3 शक्ति भवन रोड रामपुर, नगर निगम जबलपुर में प्रमाण एवं दस्तावेजों सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

र.नं. 3405
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.-03 रामपुर नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र.11 नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र.- सं. क्र.11/19-20/.. दि.17/03/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सीता कनौजिया पत्नी श्री वेदप्रकाश कनौजिया ने वार्ड क्रमांक 54 वार्ड का नाम पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड के भवन क्रमांक 1163 से 1165 समदड़िया कालोनी कांचघर सम्पत्ति के पिन क्रमांक 40501193, 1000430324, पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/ रकबा ... व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 1000 व.फु. आरसीसी प्रथम तल 1000 व.फु. आरसीसी द्वितीय तल 200 व.फु. आरसीसी पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमती मनोज कनौजिया पिता स्व. श्री चुन्नी लाल का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

र.नं. 3400
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर

**संभागीय कार्यालय संभाग क्र.-15 सुहागी, नगर निगम, जबलपुर**

प्रकरण क्र./संभा.अधि./राजस्व/एम 121/ 2024-25 दिनांक 06/03/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति तृप्ति कोष्टा पति श्री अशोक कुमार पठोदिया के द्वारा वार्ड क्र. 72 दादा ठनठनपाल के निगम सम्पत्ति आई. डी. क्र. 1004379528 के पंजीकृत स्वामी श्री रवि विश्वकर्मा पिता श्री गेंदालाल विश्वकर्मा के नाम से दर्ज ई, डब्लु,एस, प्लाट न. 13 अनमोल परिसार रिमझा का प्लाट एरिया 913 वर्गफुट जिसका मोजा रिमझा खसरा नं. 1 के भाग में स्थित प्लाट विक्रय/क्रय की गई सम्पति पर निम्न दस्तावेजों ई-पंजीयन प्रमाण पत्र, संपत्ति लैजर रिर्पोट, आधार कार्ड के आधार पर नगर निगम राजस्व कम्प्यूटर रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किये जाने नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया हैं जिस किसी को भी आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क.-15 सुहागी में दस्तावेज / प्रमाण सहित आपत्ति आवेदन प्रस्तुत करें।

र.नं. 3405
संभागीय अधिकारी (राजस्व)
संभाग क्रं.-15, सुहागी नगर पालिक निगम, जबलपुर

**नाम परिवर्तन सूचना**

I, Army No 13764072X Rank HAV NAME SURJIT KUMAR of Presently residing at Vill RAMTATWALI, P/O- DHOL WAHA, TEH- DHIL WAHA, DISTT- HOSHIARPUR (PB) PIN 144206 शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि मेरे सर्विस रिकार्ड में पुत्री का नाम TANIYA दर्ज है जो कि गलत है मेरी पुत्री का सही एवं वास्तविक नाम TANIA है जो कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड स्कूल सर्टिफिकेट एवं अन्य कागजातों में दर्ज है एवं मेरी पुत्री के इस नाम को पढा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे। द्वारा शपथ पत्र नं. 33AA 622967 दिनांक 17/03/2025 नोटरी जबलपुर म प्र।

गलत नाम- TANIYA
सही नाम- TANIA
कृति

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं Army No. 2697892F RANK- HAV, NAME- RADHA KRISHNA, UNIT- 5 GRENADIERS, ADDRESS VILL-GOVINDPUR, POST- MAUJEPUR, TEH- BHON- GAON, DISTT-MAINPURI, STATE- UP, PIN- 205262 शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पत्नी का नाम RAJISA DEVI दर्ज है जो कि गलत है मेरी पत्नी का सही नाम RAJEESHA DEVI है जो कि मेरी पत्नी के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है एवं मेरी पत्नी के इस नाम RAJEESHA DEVI को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे।

गलत नाम-RAJISA DEVI
सही नाम-RAJEESHA DEVI
कृति

**न्यायालय नायब तहसीलदार, तहसील अधारताल, जिला जबलपुर (म.प्र.)**
राजस्व प्रकरण क्रमांक- 1994/अ-6/2024-25 जबलपुर दिनांक 07.03.25

**आम इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती गीता विश्वकर्मा पुत्री स्व. श्री बाबूलाल विश्वकर्मा पति श्री रामेश्वर विश्वकर्मा, निवासी 1568 यशवंतनगर, अधारताल जबलपुर की मां श्रीमती सरोज रानी विश्वकर्मा पति श्री बाबूलाल विश्वकर्मा के द्वारा ग्राम बैतला नं.बं. 52 प.ह.नं. 22/25 नया 1 रा.नि.मं. जबलपुर- 1 तहसील अधारताल जिला जबलपुर के खसरा नम्बर 166/1/3, 167/2 में से रकवा 1027 वर्गफुट भूमि दर्ज भूमिस्वामी विक्रेता श्री यशवंत सिंह पिता श्री महिमा प्रसाद सिंह एवं अन्य, सभी निवासी- अधारताल, जबलपुर वालों से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 17/03/1986 दस्तावेज क्रमांक 4443 के माध्यम से क्रय करने एवं क्रेता श्रीमती सरोज रानी विश्वकर्मा की मृत्यु दिनांक 03.09.2022 को हो जाने के बाद आवेदिका द्वारा वारसाना हक से प्राप्त की गई भूमि पर इस न्यायालय में नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उपरोक्त नामान्तरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपति हो तो वे अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज पेशी दिनांक 22.03.2025 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा या आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

न्यायालय की पदमुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से इश्तहार जारी किया गया।
जारी दिनांक 07.03.25
पेशी दिनांक 22.03.25

र.नं. 3389
नायब तहसीलदार
अधारताल, जबलपुर

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रांझी जबलपुर**
रा.प्र.क्रं./1921/अ-6/2024-25

**आम इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री मंजीत सिंह सग्गू पिता मदन सिंह निवासी 994 सुभाष नगर मानेगांव रांझी जबलपुर द्वारा ग्राम कजरवारा प.ह.नं. 10 नं.बं. 505 ख.नं. 60/1/2/18 रकबा 0.110 हेक्टेयर/वर्गफुट भूमि रजिस्टर्ड विक्रयपत्र/ वसीयतनामा/ सहमति पत्र/फौती के आधार पर शासकीय अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अत: उक्त भूमि आवेदक/आवेदिका के नाम दर्ज किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति/एतराज हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति इस न्यायालय के कक्ष क्रं. 72 में तारीख पेशी के पूर्व पेश कर सकता है। समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

न्यायालय की मुहर एवं हस्ताक्षर से आज दिनांक 10.03.2025 को जारी।
जारी दिनांक 10.03.2025
पेशी दिनांक 24.03.2025

अतिरिक्त तहसीलदार
एवं कार्यपालिक दंडाधिकारी
र.नं. 3394 जबलपुर

**नाम सुधार सूचना**

मैं श्रीमति विटई बाई रजक उर्फ विट्टी बाई रजक पति स्व. वीरन लाल रजक, उम्र करीब 68 वर्ष, निवासी - 48/1 सांई बिहार कॉलोनी, सुहागी, सरस्वती स्कूल के पास, अधारताल, जिला जबलपुर म.प्र. शपथ पूर्वक निम्नलिखित कथन करती हूं कि-

यह कि मैं उपरोक्त पते पर निवास करती हूं। यह कि मेरे परिचय पत्र, राशन कार्ड, पारिवारिक पेंशन आदि दस्तावेजों में मेरा सही नाम विटई बाई रजक अंकित है जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम विट्टी बाई रजक अंकित हो गया है इसलिये मैं आधार कार्ड में अपना सही नाम विटई बाई रजक कराना चाहती है। यह कि, मैं घर में विट्टी बाई के नाम से जानी जाती हूं तथा मेरे परिचय पत्र, राशन कार्ड, पारिवारिक पेंशन आदि दस्तावेजों में मेरा नाम विटई बाई रजक अंकित है तथा मेरा घरेलू नाम विट्टी बाई है मैं दोनों ही नामों से जानी व पहचानी जाती हूं यह दोनों नाम मेरे ही हैं। यह कि, मैं आधार कार्ड में अपना सही नाम विटई बाई रजक पति स्व. वीरन लाल रजक अंकित कराना चाहती हूं।

शपथ कर्ती
श्रीमती बिटई बाई रजक
र.नं. 3341

**कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, प्रक्षेत्र जबलपुर**

**भवन भूखंड/हस्तांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सुभाष नगर महाराजपुर जबलपुर स्थित भवन क्रमांक एल.आई.जी. 07 श्री सुनील सिडाना पिता श्री मनोहर को आवंटित है। आवंटी श्री सुनील सिडाना पिता श्री मनोहर से प्राप्त आवेदन/ संयुक्त शपथ पत्र एवं निर्धारित दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन श्रीमती सविता राजपूत पति श्री उमाकांत राजपूत के नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जाना है। यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को उक्त भवन हस्तांतरण बावत आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित एवं वैद्य आपत्ति सप्रमाण स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि में किसी भी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर सुभाष नगर महाराजपुर जबलपुर स्थित भवन क्रमांक एल.आई.जी. 07 श्रीमती सविता राजपूत प्रति श्री उमाकांत राजपूत के नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जावेगी एवं भविष्य में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति/दावा मान्य नहीं होगी।

संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना
कृति विकास मंडल, प्रक्षेत्र जबलपुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार गोरखपुर, जबलपुर**

**आम इश्तहार**

रा.प्र.क्र. 1753/अ-6/2024-25

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपेन्द्र बरसिया पिता स्व. मगन सिंह (2) अनुराधा बेन (3) पूजा बरसिया निवासी 292 मेन रोड गोरखपुर आर्य समाज मंदिर जबलपुर द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक ..... के माध्यम से मौजा गोरखपुर नं.ब. 605 प.ह.नं. 29 शीट नं. 272, 680, 681, 691, 692 रकवा 1015 वर्गफुट विक्रेता म.प्र. शासन से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र वसीयतनामा/ बटवारा नामा/ हस्तान्तरण पत्र/ हकत्याग पत्र/ दान पत्र एव नक्शा बंटाक की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 24/3/25 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 10/3/25 को जारी।

जारी दिनांक : 10/03/25
पेशी दिनांक : 24/03/25

नायब तहसीलदार एवं
कार्यपालिक दण्डाधिकारी
र.नं.- 3399 गोरखपुर, जबलपुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार गोरखपुर, जबलपुर**

**आम इश्तहार**

रा.प्र.क्र. 1804/अ-6/2024-25

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पवनजीत कौर पिता स्व. राजेन्द्र सिंह ओबेराय व अन्य निवासी म.नं. 1795, गुप्तेश्वर रोड, अमृत अपार्टमेंट के सामने मदन महल द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक ..... के माध्यम से मौजा गोरखपुर नं.ब. 753 प.ह.नं. 09 शीट नं. 81/1 रकवा 3562 वर्गफुट विक्रेता म.प्र. शासन से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र वसीयतनामा/ बटवारा नामा/ हस्तान्तरण पत्र/ हकत्याग पत्र/ दान पत्र एव नक्शा बंटाक की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 24/3/25 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 10/3/25 को जारी।

जारी दिनांक : 10/03/25
पेशी दिनांक : 24/03/25

नायब तहसीलदार एवं
कार्यपालिक दण्डाधिकारी
र.नं.- 3399 गोरखपुर, जबलपुर

**न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल, जबलपुर**
रा.प्र.क्र./.... /अ-6/2024-2025
जबलपुर, दिनांक 17/03/2025

**आम इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक श्रीमती चन्द्रावती चौधरी पत्नी श्री रूपलाल चौधरी निवासी 1501 विजय नगर जबलपुर के द्वारा मौजा सुभाष नगर ब्लॉक नं. ... प्लॉट नं. 874/1 स्थित भूमि खसरा नंबर 460, 461, 462 में से रकवा 786 व.फु. भूमि पर डायवर्सन शीट नं. 255 की मृत्यु दिनांक ..... को हो जाने के कारण वर्तमान राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज किये जाने हेतु विक्रय पत्र/ फौती/ वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र सहित अन्य दस्तावेज संलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 02/04/2025 तक इस न्यायालय में स्वंय या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक-17/03/2025
पेशी दिनांक-02/04/2025

र.नं. 3406
तहसीलदार
अधारताल जबलपुर

जबलपुर, मंगलवार 18 मार्च 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# वक्फ़ बोर्ड: मुस्लिमों की सुने सरकार!

भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र सरकार द्वारा वक्फ़ संशोधन कानून के जरिये जैसे बदलाव प्रस्तावित हैं, उनके खिलाफ़ देश भर के मुस्लिमों में नाराज़गी है। इसकी बानगी सोमवार को दिल्ली के जंतर-मंतर पर दिखी। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने एक बड़ा प्रदर्शन कर सरकार को चेतावनी दी है कि यदि वक्फ़ कानून संशोधन विधेयक (2024) वापस नहीं लिया गया तो इसके खिलाफ देशव्यापी आंदोलन होगा। बोर्ड के अतिरिक्त जमाते इस्लामी व जमीयत उलेमा-ए-हिन्द जैसे कई और संगठन शामिल हुए जो कि देश के अल्पसंख्यकों का प्रतिनिधित्व करते हैं। पहले से ही सरकार इस बात से वाकिफ़ है कि मुस्लिम संगठनों की इससे नाराज़गी है। बेहतर होगा कि सरकार इस कानून को लाने का विचार ही त्याग दे। वैसे भी जब संशोधन कानून लाया गया तभी संसद के अलावा देश भर के मुस्लिमों तथा उन तमाम नाराज़ हैं जो नागरिकों की धार्मिक आज़ादी के पक्षधर हैं।

हालांकि इस प्रदर्शन को लेकर केन्द्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरण रिजिजू ने अपनी सरकार के चिर-परिचित अंदाज में कांग्रेस तथा विपक्ष पर दोष मढ़ दिया और कहा कि वह इस कानून को लेकर देश भर में झूठ फैला रही है। उन्होंने यह भी कहा कि यह कानून मुस्लिमों के हित में है। एक तरह से देश भर के वक्फ़ों से उनकी ज़मीनें छीन लेने की साफ मंशा सरकार की दिखाई देती है। अब तक मस्जिदों को संचालित करने एवं उनका प्रबंधन करने वाले बोर्ड के काम-काज में संशोधित कानून के जरिये सरकार की न केवल दखलंदाजी बढ़ेगी बल्कि सभी स्थानों पर देश के प्रमुख दो सम्प्रदायों- हिन्दुओं व मुस्लिमों के बीच दूरी भी बढ़ेगी। बोर्ड पर सरकार या स्थानीय प्रशासन का नियंत्रण होने से मस्जिदों का रखरखाव भी कठिन हो जायेगा।

याद हो कि 2024 में सरकार संसद में वक्फ़ संशोधन अधिनियम लेकर आई थी जिसका दोनों सदनों में तीव्र विरोध हुआ था। विपक्ष की मांग के आगे झुकते हुए इसे संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के पास भेजा गया था लेकिन उसमें सत्तारुढ़ भाजपा का बहुमत होने के कारण इसमें वे सारे संशोधन शामिल करने की सिफारिशें की गयीं जो कि सरकार या यूं कहें कि भाजपा चाहती है। लोगों में एक आम धारणा यह फैलाई गई है कि वक्फ़ के पास अकूत ज़मीनें हैं जिनके बल पर मुस्लिमों की राजनीति होती है। सच तो यह है कि वक्फ़ की जमीनों एवं अन्य परिसम्पत्तियों से ही मस्जिदों का खर्च निकलता है। आम धारणा यह भी है, जो कि सुनियोजित तरीके से फैलायी गयी है कि मस्जिदों में देश विरोधी तथा हिन्दू विरोधी कार्यक्रम चलाये जाते हैं। दरअसल यह भी भाजपा द्वारा ध्रुवीकरण का एक टूल है जो उसे हिन्दुओं के वोट दिलाने में मददगार साबित होता है। नये कानून के जरिये एक तरह से पूरा नियंत्रण सरकार के हाथों में चले जाने से मुस्लिमों को उनके धार्मिक कार्यक्रमों को सम्पन्न करने में न केवल कठिनाई आयेगी वरन दैनंदिन के कामों के लिये भी जिला प्रशासन पर निर्भर होना पड़ेगा।

यह एक तरह से एक समुदाय की धार्मिक आज़ादी में हस्तक्षेप होगा। इन कारणों से यदि मुस्लिम समुदाय प्रस्तावित कानून से नाराज़ है तो वह स्वाभाविक ही है। जंतर-मंतर पर प्रदर्शन उसी नाराज़गी के कारण होने वाला प्रदर्शन कहा जा सकता है जिसमें शामिल होने के लिये आयोजकों ने न केवल जेपीसी के सदस्यों को आमंत्रित किया बल्कि भाजपा के नेतृत्व में बने नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस के सदस्यों से भी ऐसा ही आग्रह किया है।

इस कानून के विरोध पर रिजिजू का कहना वैसा ही है जैसा कृषि कानून पर सरकार तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित विभिन्न मंत्री कहते आये थे, कि यह कानून किसानों के हित में है। यह समझ से परे है कि भाजपा सरकार जो भी कानून लाती है वह किसी न किसी के हित में होने का दावा करती है, लेकिन सिर्फ उन्हें पता नहीं होता जिसका हित सरकार करना चाहती है। नोटबन्दी जनता के हित में थी पर जनता की समझ में नहीं आई, जीएसटी व्यवसायियों के हित में थी पर व्यवसायियों की समझ में नहीं आई और उन्होंने विरोध किया, कृषि कानून किसानों के हित में था पर किसानों की समझ में नहीं आया और उन्होंने विरोध किया, संविधान की अनुच्छेद 370 का विलोपन जम्मू-कश्मीर के हित में था परन्तु वह वहां के नागरिकों की समझ में नहीं आया और उन्होंने विरोध किया, तीन तलाक की समाप्ति मुस्लिमों के हित में थी पर उन्हें समझ में नहीं आई और उन्होंने विरोध किया तथा इलेक्टोरल बॉन्ड्स कानून मतदाताओं के हित में था पर मतदाताओं की समझ में नहीं आया और उन्होंने विरोध किया। सरकार का कोई भी कानून किसी की समझ में न आने तथा उनका विरोध होने का कारण यह है कि सरकार न तो इस पर सम्बन्धित पक्षों से बात करती है और न ही संसद में इस पर चर्चा करती है। विशेषज्ञों की तो दूर, सम्बन्धित मंत्रियों से तक विचार-विमर्श किये बिना कानून लागू हो जाते हैं। उपरोक्त सभी कानून ऐसे ही आये।

असली बात यह है कि भाजपा सरकार के सारे काम सिर्फ और सिर्फ एक ही उद्देश्य के इर्द-गिर्द घूमते हैं- वह है हिन्दू वोटों का ध्रुवीकरण। प्रस्तावित वक्फ़ संशोधन कानून का मकसद भी यही लगता है। एक बार यह कानून लागू हो जाने के बाद साफ है कि देश के हर छोटे-बड़े शहर-कस्बे में वक्फ़ की जमीनों पर कब्जे के लिये संघर्ष की जमीन तैयार हो जायेगी। वक्फ़ की जमीनों पर सत्ता से जुड़े लोगों की नज़रें पहले से हैं। इसलिये संशोधन कानून का विरोध लाजिमी है।

# छुड़ाए नहीं छूटेगा गुजरात के दंगों का दाग

गुजरात के 2002 के दंगों के तेईस साल हो चुके हैं। फिर भी हैरानी की बात नहीं है कि इस प्रकरण का जिक्र आना भर, प्रधानमंत्री के बौखला उठने के लिए काफी होता है। इसका ताजातरीन उदाहरण, अमरीकी वैज्ञानिक तथा पॉडकास्टर, लैक्स फ्रीडमैन के साथ प्रधानमंत्री मोदी के तीन घंटे लंबे पॉडकास्ट में सामने आया है। कहने की जरूरत नहीं है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह पॉडकास्ट, उनकी छवि निर्मित करने के अविराम जारी रहने वाले उद्यम के हिस्से के तौर पर और खासतौर पर उन अनेक मामलों में, जिनमें प्रधानमंत्री मोदी की छवि बहुत शानदार नजर नहीं आती है, उनकी छवि को रंग-रोगन लगाकर चमकाने के सुविचारित तथा सुसंबद्ध प्रयास का ही हिस्सा है। इस सबसे जुड़ी निश्चिंतता के बावजूद, गुजरात के दंगों का जिक्र आते ही, प्रधानमंत्री मोदी अपना संतुलन ही खो बैठे लगते हैं।

न्यायपालिका द्वारा खुद को क्लीन चिट दिए जाने का अपना बार-बार का दावा दुहराने से भी नरेंद्र मोदी को संतोष नहीं हुआ और उन्होंने झूठी गाथा गढ़नी शुरू कर दी कि किस तरह, केंद्र में सत्ता में बैठे उनके राजनीतिक विरोधियों ने उन्हें दंगों के सिलसिले में आरोपों में फंसाने की और सजा दिलवाने की विफल कोशिश की थी। 'उस समय हमारे राजनीतिक विरोधी सत्ता में थे और स्वाभाविक रूप वे चाहते थे कि हमारे खिलाफ सभी आरोप चिपक जाएं। वे हमें सजा दिलाना चाहते थे। उनकी अनवरत कोशिशों के बावजूद, न्यायपालिका ने मेहनत से हालात का दो बार विश्लेषण किया और अंततः हमें पूरी तरह से निर्दोष पाया।' अपने साथ अन्याय की इस मोदी की गढ़ी हुई गाथा में सबसे बड़ा झूठ तो यही है कि 2002 की फरवरी के आखिर से गोधरा रेल अग्निकांड के बाद, गुजरात के अनेक हिस्सों में भड़की सांप्रदायिक हिंसा के समय ही नहीं, उसके करीब दो साल बाद तक सिर्फ गुजरात में ही नहीं, देश के पैमाने पर भी नरेंद्र मोदी के विरोधियों की नहीं, उनकी अपनी पार्टी की ही सरकार थी। हां! अटलबिहारी वाजपेयी की सरकार को भी मोदी अपने राजनीतिक विरोधियों की सरकार कह रहे हों, तो बात दूसरी है! कहने की जरूरत नहीं है कि वाजपेयी सरकार ने कम से कम नरेंद्र मोदी को फंसाने और सजा दिलाने की कोई कोशिश नहीं की थी। अगर किसी भी स्तर पर सरकार नरेंद्र मोदी को सजा दिलाने की कोशिश कर रही होती, तो तब के गुजरात के मुख्यमंत्री को, दंगों की पृष्ठभूमि में गुजरात के दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री वाजपेयी के 'राजधर्म का पालन करें' का सार्वजनिक रूप से संदेश देने पर, 'वही तो कर रहे हैं' के उल्टे जवाब पर ही नहीं छोड़ दिया गया होता। नरेंद्र मोदी ने यहां, पार्टी में अपने विरोधियों को, आम तौर पर अपने विरोधियों के साथ मिला दिया लगता है। यह तो अब किसी से छुपा हुआ नहीं है कि गुजरात के दंगे के बाद, गोवा में हुई भाजपा की कार्यकारिणी की बैठक के मौके पर, अटल बिहारी वाजपेयी के अनुमोदन से भाजपा नेताओं के एक हिस्से ने, नरेंद्र मोदी को गुजरात के दंगों को संभालने में उनकी विफलताओं के लिए, मुख्यमंत्री पद से हटवाने की कोशिश की थी। इसे तब तक भाजपा में नंबर दो माने जाने वाले लालकृष्ण आडवाणी के नेतृत्व में, भाजपा कार्यकारिणी के बड़े हिस्से ने विफल कर दिया। बाद में भाजपा के कुछ अंदरूनी जानकारों ने तो इसे 'वाजपेयी के खिलाफ बगावत' तक करार दिया था। इसी बगावत के बल पर नरेंद्र मोदी 'सजा' के तौर पर मुख्यमंत्री की कुर्सी गंवाते-गंवाते बचे थे। अगर यह किसी तरह से सजा होती तो उनकी अपनी पार्टी की अंदरूनी सजा होती, जिसका विरोधियों की फंसाने की किसी तरह की कोशिशों से कोई लेना-देना नहीं था।

बेशक, नरेंद्र मोदी के विरोधी कोई समूचे परिदृश्य से गायब ही नहीं थे। विपक्षी, जैसी कि उनकी जिम्मेदारी थी, इन भयंकर दंगों के संदर्भ में मोदी सरकार की विफलताओं और उसके चलते जान-माल के भयावह नुकसान के खिलाफ लगातार और जोरदार तरीके से आवाज उठा रहे थे। और विपक्षी, जिसमें मुख्यधारा के मीडिया का बड़ा हिस्सा भी शामिल था, खासतौर पर इस भयावह सच्चाई के खिलाफ आवाज उठा रहे थे कि सत्ताधारी संघ-भाजपा की संगठित संलिप्तता और पुलिस व प्रशासन के खुल्लमखुल्ला संरक्षण ने, इन दंगों को सांप्रदायिक दंगा नहीं रहने दिया था बल्कि मुस्लिम अल्पसंख्यकों के खिलाफ लगभग इकतरफा हमला ही बना दिया था। हैरानी की बात नहीं है कि इस लंबे पॉडकास्ट में गुजरात के दंगों के सिलसिले में अपना काफी विस्तार से बचाव पेश करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने, गुजरात के इस दंगे को एक मुस्लिमविरोधी नरसंहार ही बना देने वाली इस विशिष्टता और वास्तव में अपनी खास विरासत की ओर से, ध्यान बंटाने की ही पूरी कोशिश की है। मोदी ने इस दंगे की भयावहता को कम करने की कोशिश में, इसका विस्तार से बयान किया है कि किस तरह गुजरात में इससे पहले भी दंगे होते आए थे, बराबर कहीं न कहीं कर्फ्यू लगता रहता था, गुजरात में तो बार-बार और 'पतंगबाजी के मुकाबले से लेकर साइकिलों के भिड़ने तक, मामूली बातों पर भी दंगे होते आए थे, कि 1969 का दंगा तो पूरे छः महीने से भी ज्यादा चला था' आदि, आदि। फिर भी नरेंद्र मोदी इस सच्चाई को छुपा नहीं सके हैं कि गुजरात में सांप्रदायिक दंगे तो पहले भी होते आए थे और दंगे नियोजित होने तथा शासन पर पक्षपात के आरोप भी लगते आए थे, लेकिन यह पहली बार था जब एक पूरे राज्य के पैमाने पर संगठित तरीके से और शासन के संरक्षण के साथ, इस तरह कमोबेश इकतरफा हिंसा हुई थी। मोदी के राज में हुए इस दंगे के इसी चरित्र की अभिव्यक्ति इन दंगों के दौरान जगह-जगह पर 'हिंदू राष्ट्र में स्वागत है' के बोर्ड लगाए जाने में हो रही थी। इसी के पूरक के तौर पर मुख्यमंत्री के कुर्सी पर बैठकर नरेंद्र मोदी खुद, मुसीबत के मारे मुस्लिम दंगा पीड़ितों की कोई भी मदद करने से साफ इंकार करते हुए, उनके शिविरों को 'बच्चा पैदा करने की फैक्टरियां' करार दे रहे थे। और अहमदाबाद में सूफी शायर वली गुजराती का मजार ध्वस्त करने के बाद, नगरपालिका द्वारा उस जगह पर सड़क बनवायी जा रही थी।

यह भी हैरानी की बात नहीं है कि प्रधानमंत्री मोदी गोधरा की ट्रेन आगजनी की घटना, आग में इतने सारे लोगों के जल कर मारे जाने का, 'अकल्पनीय पैमाने की त्रासदी' कहकर जिक्र ही नहीं करते हैं, फौरन इसे कांधार विमान अपहरण, लाल किले पर हमले, संसद पर हमले और यहां तक कि अमेरिका के 11 सितंबर समेत, तमाम आतंकवादी घटनाओं से जोड़ देते हैं, जबकि इन 23 वर्षों में इसमें किसी आतंकवादी कोण के कोई साक्ष्य तो निकल कर आए नहीं हैं। फिर भी ट्रेन आगजनी को आतंकवादी घटनाओं के क्रम में रखकर मोदी कहते हैं, 'आप कल्पना कर सकते हैं कि स्थिति कितनी तनावपूर्ण तथा उत्तेजनापूर्ण थी।' और इसके फौरन बाद, इसके बाद हुई भयावह हिंसा से सिर्फ इतना कहकर हाथ झाड़ लेते हैं कि, 'कुछ भी नहीं होना चाहिए, हम भी यही कामना करते हैं। सभी शांति की ही कामना करेंगे।' कुछ इसी प्रकार के शब्दों में प्रधानमंत्री मोदी ने पहले भी एक बातचीत में 2002 की गुजरात की घटनाओं पर यह कहते हुए दु:ख जताया था कि, 'दु:ख तो गाड़ी के नीचे कुत्ते का पिल्ला दब जाता है, तब भी होता है!' लेकिन, प्रधानमंत्री मोदी इतने पर ही नहीं रुक गए। इसके फौरन बाद इशारों में उन्होंने 2002 के अल्पसंख्यक-विरोधी नरसंहार को, अपने राज की एक उल्लेखनीय उपलब्धि भी बता दिया। कैसे? 2002 के बाद से गुजरात में कोई दंगा जो नहीं हुआ है! (देश के गृहमंत्री, अमित शाह ने भी पिछले आम चुनाव की पूर्व-संध्या में ठीक यही दावा किया था।) 'गुजरे 22 वर्षों में गुजरात में एक भी बड़ा दंगा नहीं हुआ है...गुजरात पूरी तरह से शांतिपूर्ण बना हुआ है।' एक बड़ा मुस्लिमविरोधी नरसंहार और दंगों से हमेशा के लिए गुजरात जैसे दंगा-प्रभावित राज्य की भी छुट्टी!

रही बात दो-दो बार न्यायपालिका द्वारा उस समय के गुजरात के मोदी राज को 'पूरी तरह से निर्दोष' करार दे दिए जाने की, तो यह दोषमुक्ति कैसे हुई इसकी कहानी भी देशवासियों से छुपी हुई नहीं है। यह भी नहीं भूलना चाहिए कि उसी शीर्ष न्यायपालिका ने गुजरात दंगों के ही मामले में कितनी बार तथा क्या-क्या हस्तक्षेप किया था। और सर्वोच्च न्यायालय ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी की भूमिका पर कैसी टिप्पणियां की थीं, जिनमें उन्हें 'आधुनिक नीरो' करार दिया जाना भी शामिल था। बेशक, इस कथित दोषमुक्ति को हर चरण पर चुनौती देने वाली, इसी दंगे में मारे गए पूर्व-सांसद अहसान जाफरी की बेवा, जकिया जाफरी की जीवन की यात्रा, न्याय की उनकी लड़ाई के बीच में ही पूरी हो गयी। पर संजीव भट्ट के हलफिया बयानों में उठाए गए सवाल, उन्हें जेल की सलाखों के पीछे धकेल कर भी पूरी तरह से दबाए नहीं जा सकते हैं। इसीलिए तो, 2002 के दंगों पर बीबीसी की डॉक्यूमेंटरी का प्रदर्शन रुकवाने के लिए मोदी के नेतृत्व में पूरे भारतीय राज्य को जुटना पड़ता है। नरेंद्र मोदी, निजी तौर पर तो अदालत से दोषमुक्त हो सकते हैं, लेकिन उनके राज में हुए भयावह अल्पसंख्यकविरोधी नरसंहार की राजनीतिक जिम्मेदारी से कोई अदालत उन्हें बरी नहीं कर सकती है। मोदी के दामन से छुड़ाए नहीं छूटेगा गुजरात के दंगों का दाग।

**( लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं। )**



राजेंद्र शर्मा

**बेशक, नरेंद्र मोदी के विरोधी कोई समूचे परिदृश्य से गायब ही नहीं थे। विपक्षी, जैसी कि उनकी जिम्मेदारी थी, इन भयंकर दंगों के संदर्भ में मोदी सरकार की विफलताओं और उसके चलते जान-माल के भयावह नुकसान के खिलाफ लगातार और जोरदार तरीके से आवाज उठा रहे थे। और विपक्षी, जिसमें मुख्यधारा के मीडिया का बड़ा हिस्सा भी शामिल था, खासतौर पर इस भयावह सच्चाई के खिलाफ आवाज उठा रहे थे।**

# औरंगजेब, छावा और इकतरफा इतिहास

इतिहास का इस्तेमाल राजनीति में करने से साम्प्रायिक नफरत बढ़ रही है और पिछले कुछ सालों में इसमें कई नए मुद्दे जोड़ दिए गए हैं। आरएसएस की शाखाओं, सोशल मीडिया, भाजपा के आईटी सेल, मुख्यधारा का मीडिया, विशेषकर कई टीवी चैनलों के जरिए, अपने प्रोपेगंडा को आगे बढ़ाने और ब्रेनवाश करने के अलावा अब फिल्मों के माध्यम से भी समाज में व्याप्त गलतफहमियों को गहरा करने का प्रयास किया जा रहा है.

हालिया अतीत में 'द केरला स्टोरी, कश्मीर फाईल्स' आदि फिल्मों ने समाज में नफरती उन्माद को बढ़ाने का काम किया है। कई अन्य फिल्में जैसे स्वातंत्र्य वीर सावरकर, 72 हूरें, सम्राट पृथ्वीराज आदि अधिक सफलता हासिल नहीं कर सकीं। अब पूरे देश में और खासकर महाराष्ट्र में 'छावा' नामक फिल्म के शो हाउसफुल हो रहे हैं और नफरत को और बढ़ा रहे हैं। यह कोई इतिहास को दर्शाने वाली फिल्म नहीं है बल्कि शिवाजी सावंत के छावा नामक उपन्यास पर आधारित है। फिल्म में दिखाई गई कुछ असंगत बातों के लिए फिल्म के निर्माता पहले ही माफी मांग चुके हैं।

फिल्म में छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन की कुछ चुनिंदा घटनाओं को दिखाकर यह साबित करने का प्रयास किया गया है कि औरंगजेब जालिम और हिंदू विरोधी था। कुल 126 मिनिट की फिल्म में लगभग 40 मिनिट तक संभाजी महाराज को दी गई यंत्रणा को दिखाया गया है। फिल्म के इस हिस्से में फिल्म बनाने वालों ने एक काल्पनिक कथा के लेखक की तरह मनचाही बातें दिखाई हैं। पूरे आख्यान में मध्यकालीन इतिहास को उदार हिंदू राजाओं और दुष्ट मुस्लिम राजाओं के टकराव के रूप में पेश किया गया है।

संभाजी महाराज छत्रपति शिवाजी महाराज के सबसे बड़े पुत्र थे। शिवाजी के साम्राज्य में जो अधिकारी थे, उनमें से कई मुसलमान थे। मौलाना हैदर अली उनके विश्वासपात्र सचिव थे और सिद्धी संबल, इब्राहिम गर्दी और दौलत खान समेत उनकी सेना के 12 जनरल भी मुसलमान थे। जब उनका अफजल खां से आमना-सामना होने वाला था तब उन्हें एक लोहे के पंजे साथ ले जाने की सलाह दी गई जो उन्हें उनके सहायक रूस्तम-ए-जमान ने दिया था। अफजल खां को मौत के घाट उतारने के बाद अफजल खां के सचिव कृष्णाजी भास्कर कुलकर्णी ने शिवाजी पर हमला करने का प्रयास किया था।

शिवाजी पर आक्रमण करने वाली औरंगजेब की सेना के सेनापति राजा जयसिंह थे। शिवाजी को औरंगजेब के दरबार में पेश होने के लिए बाध्य किया गया और बाद में कैद कर लिया गया। उन्हें कैद से भागने में मदद करने वाले व्यक्ति का नाम मदारी मेहतर था, जो एक मुस्लिम राजकुमार था।

हिंदुत्व के जनक सावरकर और गोलवलकर संभाजी के चरित्र पर ऊंगली उठाते हैं और सुरा-सुंदरी के प्रति उनकी आसक्ति का जिक्र करते हैं। इन्हीं आदतों के चलते शिवाजी ने उन्हें पनहाला किले में कैद कर दिया था। बाद में संभाजी ने शिवाजी के खिलाफ हुए युद्ध में औरंगजेब का साथ दिया। संभाजी बीजापुर के आदिलशाह के खिलाफ हुए युद्ध में भी औरंगजेब के सहयोगी थे।

शिवाजी की मौत के बाद हुए सत्ता संघर्ष में संभाजी के सौतेले भाई (शिवाजी की दूसरी पत्नि सोयराबाई के पुत्र) ने उन्हें जहर देने का प्रयास किया। साजिश का भंडाफोड़ होने के बाद संभाजी ने कई हिंदू अधिकारियों को मौत के घाट उतरवा दिया था। औरंगजेब के साथ हुए युद्ध के लिए औरंगजेब ने अपने जनरल राठौड को भेजा था। संभाजी के पकड़े जाने के बाद उन्हें अपमानित किया गया और यंत्रणा दी गई जिसे बहुत बढ़ा-चढ़ाकर प्रस्तुत किया गया है।

फिल्म के जरिए औरंगजेब के संबंध में कई मान्यताओं को और गहरा करने का प्रयास किया गया है। उन्हें अपने विरोधियों के प्रति अत्यंत क्रूर दिखाया गया है। यहां सवाल इन आरोपों का जवाब देने का नहीं है बल्कि साम्राज्यों के संचालन के तौर-तरीकों को समझने का प्रयास करने का है। राजाओं का अपने शत्रुओं के साथ बहुत क्रूर व्यवहार करना आम बात थी और इसके बहुत से उदाहरण मिलते हैं।

इतिहासकार रूचिका शर्मा बताती हैं कि चोल राजाओं ने चालुक्य सेना को पराजित करने के बाद चालुक्य जनरल समुद्रराज का सिर धड़ से अलग कर दिया और उसकी सुंदर पुत्री की नाक काट दी। अशोक का कलिंग युद्ध भयावह निर्ममताओं के लिए जाना जाता है। राजाओं का अपने शत्रुओं के प्रति व्यवहार अत्यंत नृशंस होता था और उसे आज के मानदंडों की कसौटी पर नहीं कसा जा सकता और हम आज की घटनाओं के बारे में क्या कहेंगे जब मुसलमानों पर लगे आरोप अदालत में साबित होने के पहले ही बुलडोज़र उनके घरों को मिट्टी में मिला देते हैं।

हम उस हिंदू राजा के बारे में क्या कहेंगे जिसका एक किला एक पहाड़ की चोटी पर था और राजा के खिलाफ साजिश रचने वालों को हाथ-पैर बांधकर किले से गहरी घाटी में फेंक दिया जाता था? बाला सामंत ने अपनी पुस्तक में सूरत की लूटपाट के दौरान शिवाजी की सेना द्वारा ढाए गए जुल्मों का विवरण दिया है। सेना और जुल्म का बहुत निकट का संबंध था। शत्रुओं के साथ क्रूरता निश्चित ही निंदनीय है, लेकिन यह एक सामान्य बात थी। जब संभाजी की मराठा सेना ने गोवा पर आक्रमण किया, तब एक पुर्तगाली द्वारा दिए गए विवरण के अनुसार (जिसे इतिहासकार यदुनाथ सरकार ने उद्धृत किया है) 'अब तक भारत में कहीं भी ऐसी निर्ममता नहीं देखी गई...'। हालांकि जुल्मों के इन विवरणों को गौर से देखा जाना चाहिए, लेकिन इससे यह स्पष्ट होता है कि हिंसा एक व्यापक प्रवृत्ति थी, भले ही उसका स्तर कम या ज्यादा होता था।

क्या औरंगजेब हिंदू विरोधी था? यह कहा जा सकता है कि औरंगजेब न तो अकबर जैसा था और ना ही दारा शिकोह जैसा। वह एक रूढ़िवादी व्यक्ति था और एक ओर जहां वह हिंदुओं और इस्लाम के गैर-सुन्नी पंथों को पसंद नहीं करता था, वहीं दूसरी ओर वह गठबंधन कायम करने में अत्यंत कुशल था और उसके प्रशासन में बहुत से हिंदू अधिकारी थे। जैसा कि प्रोफेसर अतहर अली बताते हैं कि औरंगजेब के प्रशासन में हिंदू अधिकारियों की संख्या अधिकतम (33 प्रतिशत) थी।

यह बिल्कुल सही है कि उसने कई मंदिरों को नष्ट किया। लेकिन उसने कामाख्या देवी (गुवाहाटी), महाकालेश्वर (उज्जैन) चित्रकूट बालाजी और वृंदावन में भगवान कृष्ण जैसे कई मंदिरों को धन भी दिया। शिवाजी भी हजरत बाब बहोत थोरवाले की सूफी दरगाह के लिए धन देते थे। पराजित राजा को अपमानित करने के लिए जीतने वाला राजा उस विशिष्ट पूजा स्थल को नष्ट करता था जो हारने वाले राजा से संबद्ध होता था। अब साम्प्रदायिक इतिहासकार मुस्लिम राजाओं द्वारा नष्ट किए गए मंदिरों की घटनाओं का चुन-चुनकर विवरण दे रहे हैं और मुस्लिम राजाओं द्वारा हिंदू मंदिरों को दिए गए दान की बात को छिपा रहे हैं।

औरंगजेब ने 22 साल राज के बाद जजिया कर लगाया। लेकिन ब्राह्मण, अपाहिज और महिलाएं इससे मुक्त थे। यह धर्मपरिवर्तन का माध्यम नहीं था बल्कि संपत्तिकर की तरह था और 1.25 प्रतिशत की दर से वसूला जाता था। वहीं मुसलमानों को 2.50 प्रतिशत की दर से जकात देनी पड़ती थी। जहां तक सिक्ख गुरूओं को यंत्रणा दिए जाने की बात है, वह अनुचित था, लेकिन उसका मुख्य कारण मुगल प्रशासन और सिक्ख गुरूओं के बीच सत्ता संघर्ष था।

साम्प्रदायिक इतिहासविद् साम्राज्यों के दौर के पूरे संदर्भ का हवाला दिए बिना विभिन्न स्त्रोतों से घटनाओं को चुनने में जुटे हुए हैं। राजा शत्रुओं से लड़ने के लिए अपनी सेनाओं को उत्साहित और प्रेरित करने हेतु धर्म का इस्तेमाल करते थे। हिंदू राजा धर्मयुद्ध और मुस्लिम राजा जिहाद का नाम लेते थे। दक्षिणपंथी इतिहासविद् अपने अनुकूल स्त्रोतों का चयन करते हैं और राजाओं को धर्म के चश्मे से देखते हैं। वे इस तथ्य को नजरअंदाज करते हैं कि राजाओं का लक्ष्य सत्ता और धन हासिल करना होता था। धर्म का इस्तेमाल यदि होता भी था तो अपने साम्राज्यों के विस्तार के मात्र एक औजार के रूप में, जो हो रहा है वह बांटने वाली राजनीति की ताकत बढ़ा रहा है और यह भारतीय संविधान के लिए बड़ा खतरा है।

**( अंग्रेजी से रूपांतरण अमरीश हरदेनियां )**



राम पुनियानी

**औरंगजेब ने 22 साल राज के बाद जजिया कर लगाया। लेकिन ब्राह्मण, अपाहिज और महिलाएं इससे मुक्त थे। यह धर्मपरिवर्तन का माध्यम नहीं था बल्कि संपत्तिकर की तरह था और 1.25 प्रतिशत की दर से वसूला जाता था। वहीं मुसलमानों को 2.50 प्रतिशत की दर से जकात देनी पड़ती थी। जहां तक सिक्ख गुरूओं को यंत्रणा दिए जाने की बात है, वह अनुचित था, लेकिन उसका मुख्य कारण मुगल प्रशासन और सिक्ख गुरूओं के बीच सत्ता संघर्ष था।**

## आपके पत्र

### नशे में लड़खड़ाती नई पीढ़ी

होली में दुगनी हुई नशीले पदार्थों की खपत देश में इस बार होली के अवसर पर कई गुना बढ़ी खपत। लगातार हो रही ड्रग्स की सप्लाई ने देशभर में अपराधों का इजाफा कर दिया है। इस बार होली में लगा कि पूरा युवा वर्ग नशे में लड़खड़ा कर डोल रहा है। होली के अवसर पर युवा बुजुर्ग यहां तक कि छोटे-छोटे जवान होते बच्चे भी नशे का शिकार हो चुके हैं और होली में शराब, गांजा, भांग ड्रग्स जैसे खतरनाक नशीले पदार्थों को लेने का जन्मसिद्ध अधिकार समझ उसका भयानक तरीके से सेवन करने लगे हैं। नशीले पदार्थों की इस बार खपत पिछली बार की तुलना में लगभग दुगनी हो गई है। नशीले पदार्थों से हुई आपराधिक गतिविधियों में हुई तेजी शासन, प्रशासन तथा पुलिस के लिए एक गंभीर चुनौती बन गया है। नशीले पदार्थों की अंतरराष्ट्रीय, अंतर राज्यीय तस्करी देश तथा विश्व के लिए एक बड़ा सिरदर्द बनी हुई है। यह चुनौती इसलिए भी है कि पिछले वर्ष में अपराधियों ने सूखे नशे का सेवन कर अपराध की वारदातें की हैं, नशे की लत में आकर अपराधियों में महानगरों मुंबई, कोलकाता, हैदराबाद, दिल्ली, बेंगलुरु, चेन्नई में लगातार बलात्कार, लूट, डकैती,और राहगीरों की हत्या जैसे अपराधों को जन्म दिया है।

दूसरी तरफ सूखे नशे की लत में स्कूल और कॉलेज के युवा तथा बच्चे अपना भविष्य खराब करने पर आमादा है। पिछले कुछ माह में मुंबई नारकोटिक्स इकाई ने ताबड़तोड़ छापेमारी कर बड़ी मात्रा में चरस, कोकीन, गांजा, स्मैक की बड़ी तादाद में जब्त कर कई नामचीन अभिनेता, अभिनेत्रियों को गिरफ्तार कर प्रकरण न्यायालय के हवाले किया है। दूसरी तरफ दिल्ली, बेंगलुरु, कोलकाता में भी पुलिस प्रशासन द्वारा सीधे कड़ी कार्रवाई की हैं। वर्तमान में शराब तो सामाजिक बुराई बना ही हुआ है साथ ही साथ सूखा नशा भी समाज के लिए गंभीर चुनौती बना हुआ है। सूखे नशे के मामले में केंद्र के सर्वोच्च नेतृत्व में यानी प्रधानमंत्री ने भी गंभीरतापूर्वक इसे रोकने के लिए चिंता जताई है। देश में न सिर्फ ड्रग्स के नशे का इस्तेमाल किया जा रहा है बल्कि बड़े पैमाने पर इसकी तस्करी कर अवैध कारोबार भी किया जा रहा है। ड्रग्स का नशा सामाजिक विडंबना बना हुआ है। तब देश में नए वर्ष के आगमन के पूर्व बड़े-बड़े आलीशान होटलों मैं सूखे नशे की पार्टियां आयोजित करने की तैयारी कर ली है, ऐसे में पुलिस के केंद्र सरकार के तथा राज्य सरकार के आला अधिकारी इसे रोकने के लिए हर संभव प्रयास की रणनीति बनाने में जुट गए हैं और शासन तथा पुलिस प्रशासन अपना पूरा ध्यान सूखे नसे को प्रतिबंधित करने में लगे हुए हैं। मूलतः मुंबई, गोवा और पाकिस्तानी सरहद से लगे क्षेत्र और राज्य से सूखे नशे पदार्थों की आवक सभी राज्यों में होती है। निस्संदेह इसे गंभीर षड्यंत्र के रूप में लिया जाना चाहिए।

-संजीव ठाकुर



## ललित सुरजन की कलम से

### नेता क्यों पढ़ें?

*'दिल्ली में आप यदि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के मुख्यालय जाएं तो वहां साम्यवाद और उससे जुड़े आंदोलनों इत्यादि पर पुस्तकें मिल जाएंगी। इस दृष्टि से कांग्रेस की स्थिति चिंतनीय है। यदि देश की राजधानी में स्थित उनके मुख्यालय में पुस्तक बिक्री की व्यवस्था नहीं है तो राज्यों अथवा जिलों में स्थित कार्यालयों में ऐसा कोई इंतजाम होगा इसकी कल्पना करना ही बेकार है। कांग्रेस पार्टी ने इस बारे में आज तक कभी कोई विचार किया या नहीं, कहा नहीं जा सकता। लेकिन इस वक्त जब पार्टी के कर्णधारों के पास सोचने-विचारने के लिए कुछ वक्त है तब शायद इस ओर ध्यान देना अच्छा होगा।'' भारतीय जनता पार्टी की दुकान पर सरदार पटेल की जीवनी बिक्री के लिए रखी गई है तो इसमें आश्चर्य की कोई बात नहीं है। भाजपा प्रधानमंत्री तो सरदार की ऐसी प्रतिमा स्थापित करना चाहते हैं जो विश्व में सबसे ऊंची हो। इस पुस्तक विक्रय केन्द्र में स्वामी विवेकानंद की पुस्तकें भी अवश्य होंगी, जिन्हें भाजपा ने बड़ी खूबसूरती से अपना आदर्श घोषित कर रखा है। भाजपा के जो अन्य प्रेरणा पुरुष हैं उनके लिखित ग्रंथ भी यहां होंगे। फिर शायद अटल बिहारी वाजपेयी के कविता संग्रह भी। साथ ही लालकृष्ण अडवानी, जसवंत सिंह की आत्मकथाएं भी शायद उपलब्ध होंगी। इनके बरक्स कांग्रेस को देखें तो एक सौ पच्चीस साल के इतिहास में कांग्रेसजनों ने जितना लिखा है उसकी कोई थाह ही नहीं है। अगर वे चाहें तो भाजपा से चौगुनी बड़ी दुकान चला सकते हैं। बशर्ते कांग्रेसजनों में किताबें खरीदने और पढ़ने की तमीज हो!'*

**( देशबन्धु में 03 जुलाई 2014 प्रकाशित )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2014/07/blog-post.html

## विश्व समाजकार्य दिवस

### आधुनिक परिवेश में समाजकार्य मात्र दिखावा बनकर ना रह जाए


अनेक संतों ने भी देश के सामाजिक विकास में अमूल्य योगदान दिया हैं। आज भी देश में कुछ गुमनाम समाज कार्यकर्ता अपने काम से मानवता और समाज को विकसित करने के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर चुके हैं। अपने लिए तो हर कोई जीता है, लेकिन जो खुद से पहले औरों का विचार करें, नि:स्वार्थ भाव से लोगों के लिए जियें और खुद के प्रसिद्धि के लिए कभी ढिंढोरा नहीं पिटे, वही सच्चे सामाजिक कार्यकर्ता कहलाते हैं।

हर साल मार्च माह के तीसरे मंगलवार को 'विश्व समाजकार्य दिवस' दुनियाभर में मनाया जाता हैं। इस साल विश्व सामाजिक कार्य दिवस 2025 की थीम है 'स्थायी कल्याण के लिए अंतर-पीढ़ीगत एकजुटता को मजबूत करना'। यह थीम पीढ़ियों के बीच एक-दूसरे की देखभाल करने और सम्मान करने के महत्व पर प्रकाश डालती है। समाजकार्य जीवन में सद्भाव, समानता और मानव विकास कल्याण पर केंद्रित हैं। मनुष्य होने के नाते, समाज के प्रत्येक व्यक्ति में परोपकार की भावना होनी चाहिए। महान लोग अक्सर कहते थे कि नि:स्वार्थ भाव से समाजकार्य या लोगों की मदद करो, तो किसी को पता न चले, इस तरह करें, ताकि सेवा लेनेवाले को भी शर्मिंदगी या हिचक न महसूस हो और हम में भी अहंकार का निर्माण न हों। अच्छा कर्म करके भूल जाओ, हर धर्म और महापुरुषों ने भी यही सीख दी है, यही हमारे संस्कार भी होने चाहिए। अगर हम सक्षम है, चाहे तन, मन, धन या ज्ञान से हो, तो अवश्य हमें असहायों की अपनी क्षमता अनुरूप बिना किसी अपेक्षा के मदद करनी चाहिए। अच्छे कामों को हमेशा सराहना मिलनी चाहिए, ताकि अन्यों को भी प्रेरणा मिलें, लेकिन दिखावा बिल्कुल नहीं होना चाहिए। अतिसामान्य वयोवृद्ध गरीब ग्रामीण मजदूर माउंटेनमैन दशरथ मांझी ने अकेले 22 साल के अथक संघर्ष से पहाड़ काटकर लोगों के लिए मार्ग बनाया और इतिहास रच दिया। आर्थिक कमी से जूझते हुए उनका परिवार तंगहाली में जिया, लेकिन कभी किसी से अपेक्षा नहीं की। आज भी देश-दुनिया में अनेक ऐसे समाजसेवी है जो अतिसामान्य जीवन जीते है लेकिन उनके काम असामान्य होते है, भले ही बहुत से समाजसेवी आधुनिकता की चकाचौंध और प्रसिद्धि से दूर है लेकिन कभी-कभार इनके बारे में देखने-सुनने मिलता है तो बड़ा फख्र और सुकून महसूस होता हैं।

वैसे तो अधिकतम संस्थान, एनजीओ धनोपार्जन के केंद्र बने हुए है, फिर भी कुछ संस्थान आर्थिक तंगी से जूझते हुए भी सही अर्थों में समाजसेवा कार्य में लगे हुए हैं। अनाथ बच्चे, बेसहारा वृद्ध, कुंवारी माता, दिव्यांग, मानसिक रोगी, एचआईवी पीड़ित बालक, नशेड़ी, गंभीर रोगों से ग्रस्त मरीज जैसे अनेक जरूरतमंदों का सहारा बनकर संस्थान उन्हें बेहतर जीवन जीने का मौका देती हैं। ये समाज जिन्हें अपनाने से मना कर देता है, अपने ही मरने के लिए छोड़ देते हैं, उन्हें ऐसे संस्थान नि:स्वार्थ भाव से अपनाते है, इसे ही समाजकार्य कहते हैं।

प्रियंका सौरभ

# शहर को मिलने जा रहा है एक और नॉन मोटरेवल ट्रैक





**जबलपुर, देशबन्धु।** अतिशीघ्र शहर को एक नया नॉन मोटरेवल ट्रैक मिलने जा रहा है जो कि ओमती नाले को कवर्ड करके बनाया जा रहा है पहले इसकी लम्बाई 5 किलोमीटर थी चूंकि बस स्टेण्ड से जिला पंचायत तक के हिस्से का समय पर टेन्डर न होने के कारण निर्माण रद्द कर दिया गया है जिससे इसकी लम्बाई 5 किलोमीटर से घटकर 3 किलोमीटर रह गई है।

नए मिलने वाले नए नॉन मोटरेवल ट्रैक से न सिर्फ पैदल चलने वालों को सुरक्षित रोड मिलेगी बल्कि साईकिल के शौकीन लोगों को भी एक सुरक्षित ट्रैक मिलेगा निश्चित तौर पर शहर के लिए एक नायाब तोहफा होगा यहां गौरतलब है एक दशक पहले शहर का पहला नॉन मोटराईज ट्रैक कटंगा से गौरीघाट तक

देशबन्धु खबर

लगभग साढ़े पांच किलोमीटर था और जिसे तत्तकालीन मुख्यमंत्री ने भी खूब सराहा था वर्तमान में कई जगह से उखड़ गया है और अतिक्रमण को कई जगह सांई मंदिर के पास फल के ठेले और कारें जगह-जगह खड़ी हैं नगर निगम की ढर्राशैली से यह ट्रैक अंतिम सांसे गिन रहा है।

अब इन हालातों में जो नया नॉन मौटराईज शहर को मिलने वाला है अगर वो भी इसी तरह की उपेक्षा का शिकार हो गया तो यह जनता की गाढ़ी कमाई का दुरूपयोग ही होगा निश्चित तौर पर इस तरह के ट्रैक न सिर्फ शहर को एक नई पहचान देते हैं बल्कि नागरिकों के स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाते हैं लेकिन यह तभी होगा जब न सिर्फ इनका समुचित रखरखाव हो साथ ही इनमें समय समय पर अधिकारी भी भ्रमण के लिए निकले जिससे इसकी वास्तविकता से रूबरू होते रहें।

# ग्रामीण अंचल की शराब दुकानों की नीलामी हुई

## नगरीय क्षेत्रों के लिये आज होगी निष्पादन की प्रक्रिया

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिले में आबकारी विभाग ने ग्रामीण अंचल अंतर्गत ज्यादातर दुकानों के निष्पादन का काम कर लिया है। नये सहायक आबकारी आयुक्त दीपक अवस्थी ने इस पूरी प्रक्रिया को पूरा कराया। इसमें बारह ग्रुप ने भाग लिया, अब दूसरे चरण में आज 18 मार्च को नगर अंतर्गत शेष दुकानों का निष्पादन का काम होगा, जिसक लिये आबकारी विभाग ने जरूरी तैयारियों को कर लिया है।

शासन के दिशा-निर्देश के अनुसार शहरीय क्षेत्रों की देशी और विदेशी शराब दुकानों के लिये नये लायसेंस आवंटित किये जाएंगे। हालाकि अब दुकानों का आवंटन ग्रुपों के बीच होता है। समय के साथ दुकानों के निष्पादन में परिवर्तन देखने को मिला है। शराब ठेका में भाग लेने वाले ठेकेदारों ने अपनी मन माफिक दुकान लेने के लिये कोई कसर नही छोड़ी है। इसमें जरूरी गुणा भाग बिठाया जा रहा है ताकि निष्पादन प्रक्रिया में शामिल ग्रुपों में समनवय के साथ काम हो सके। शराब के कारोबार में शामिल कई नामी गिरामी ग्रुप अपने-अपने स्तर पर कवायद कर रहे हैं। नफा नुकसान को देखते हुये दुकानों की कीमत ठेका कंपनी लगाती हैं।

उल्लेखनीय है कि जिले में पूर्व सहायक आयुक्त मानिकपुरी ने शासन के दिशा निर्देश को नजर अंदाज कर शराब माफिया को लाभ पहुंचाने के लिये नियमों को कड़ाई से पालन कराने में लापरवाही की गई थी। साथ ही निष्पादान प्रक्रिया में लेट लतीफी की थी। इसी क ेचलते उन्हें शासन ने हटा कर सागर में पदस्थ रहने वाले अवस्थी को जबलपुर भेजा है।

# युवाओं के भविष्य को संवारने वाला बजट, मुख्यमंत्री का आभार : डॉ अभिलाष पांडे



**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक डॉ अभिलाष पांडे 17 मार्च को विधानसभा में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का विगत सप्ताह पेश हुए मध्यप्रदेश सरकार के 4 लाख 21 हजार करोड़ के सर्वजन कल्याणकारी और विकसित मध्यप्रदेश को समर्पित बजट धन्यवाद एवं आभार करने पहुंचे।

इस दौरान डॉ अभिलाष पांडे ने बताया कि ये 4 लाख 21 हजार करोड़ का बजट जो मध्यप्रदेश की भारतीय जनता पार्टी की सरकार के द्वारा यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी के नेतृत्व में एवं वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा के द्वारा प्रस्तुत किया गया है ये विकासोन्मुखी एवं कल्याणकारी बजट है , इस बजट में युवाओं के हित के लिए अनेकों प्रकार के प्रावधान और कल्याणकारी योजनाओं का समन्वय किया गया है।

चाहे वह स्किल्ड यूथ बनाने का कार्य हो, ग्लोबल इनवेस्टर समिट के माध्यम से लाखों युवाओं के लिए रोजगार सृजन करने का कार्य हो, स्वरोजगार एवं उद्यम के लिए कार्य हो प्रत्येक प्रकार से बजट में युवाओं के भविष्य को उन्नत बनाने के लिए प्रावधान किए गए हैं।

# पंजाबी साहित्य अकादमी का रंग दे बसंती आयोजन 24 मार्च को होगा

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश शासन संस्कृति विभाग, मध्य प्रदेश संस्कृति परिषद, पंजाबी साहित्य अकादमी, भोपाल एवं केंद्रीय गुरु सिंह सभा म.प्र.-छग जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 24 मार्च को मानस भवन में रंग दे बसंती होला महल्ला उत्सव सायं 7 बजे से 9 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। आयोजक सुरिंदर सिंह खनूजा एवं अजीत सिंह नैय्यर ने बताया कि इस निःशुल्क आयोजन में पंजाबी लोक नृत्य, गायन एवं शहीद ए आजम सरदार भगत सिंह के जीवन पर आधारित एक घंटे का नाट्य मंचन के साथ ही रंगारंग प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। पंजाबी साहित्य अकादमी भोपाल के महा निदेशक इंद्रजीत सिंह खनूजा, अध्यक्षता करेंगे। इस दौरान नगर के उम्दा कलाकार एवं साहित्यकार का सम्मान भी किया जाएगा।

# 24, 25 मार्च को अखिल भारतीय कृषक परिषद की बैठक उज्जैन में



**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर जिले के विशिष्ठ किसान प्रतिनिधियों की उपस्थिति में गंगोत्री अपार्टमेंट, गोलबाजार स्थित किसान कार्यालय में आयोजित होली मिलन के गरिमामायी कार्यक्रम में होली के इस पावन पर्व के अवसर पर जिले के समस्त किसान भाइयों के सुख, शांति व समृद्धि की कामनाएं करते हुए बधाइयां व शुभ कामनाएं प्रेषित की गईं।

भारत कृषक समाज के जिला अध्यक्ष जेआर गायकवाड़ की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम मे उपस्थित सदस्यों ने अन्नदाता की सेवा का संकल्प लिया। भारत कृषक समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के के अग्रवाल ने जानकारी दी की आगामी 24 एवं 25 मार्च 2025 को उज्जैन में अखिल भारतीय कृषक परिषद की दो दिवसीय बैठक आयोजित होने जा रही है, जिसमे देश के सभी प्रांतों से चुने हुए कृषक प्रतिनिधि, कृषि अर्थ शास्त्री, तथा विशेषज्ञ भाग लेंगे।

बैठक में कृषि नीति, व किसानों की समस्याओं पर विचार विमर्श कर सरकार को सौपे जाने हेतु अनुशंशा का ड्राफ्ट/ रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

## किसानों ने मनाया होली मिलन कार्यक्रम

होली मिलन कार्यक्रम में सुभाष चंद्रा, प्रमोद मरवाहा, अविनाश राय, व्ही के पंड्या, अनिल चिले, रामकिसन पटेल, डॉ प्रकाश दुबे, एन के बत्रा, जितेंद्र देसी, डॉ आर एम पटेल, देवेंद्र पटेल, सुरेश पटेल, महेन्द्र कुर्मी, संदीप पटेल, हीरा बर्मन, नारायण सोनी, अंकुर नायक, साहित्य यादव, संतोष बर्मन, बिजेंद्र कुमार आदि वरिष्ठ कृषक प्रतिनिधियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# इग्नू के मास्टर्स, बैचलर, डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश 31 मार्च तक

**जबलपुर, देशबन्धु।** भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत देश के एकमात्र राष्ट्रीय मुक्त (केन्द्रीय) विश्वविद्यालय इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी (इग्नू) के जनवरी -2025 सत्र के सभी मास्टर्स, बैचलर डिग्री और डिप्लोमा कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन प्रवेश का लिंक www.ignouadmission.samarth.edu.in <इग्नूएडमिशन(डॉट) समर्थ(डॉट)एडू(डॉट)इन> 31 मार्च'25 तक खुला है. ध्यातव्य है कि सर्टिफिकेट और सेमेस्टर आधारित पाठ्यक्रमों की अन्तिम तिथि समाप्त हो चुकी है।

इग्नू ने पिछले दिनों में बहुत से नए विषय क्षेत्रों में उपाधियां और डिप्लोमा पाठ्यक्रम आरम्भ किये हैं, जिनमें एग्री-बिजनेस, सस्टेनेबिलिटी साइंस, डेवलपमेंट स्टडी?, एन्टरप्रिन्योरशिप, एनवायरमेंट एंड आक्युपेशनल हेल्थ, कारपोरेट सोशल रेस्पोंसबिलिटी, रिन्युवेबल एनर्जी, ज्योतिष और वास्तुशास्त्र जैसे क्षेत्रों में पीजी डिग्री और डिप्लोमा प्रमुख हैं वहीं इग्नू ने बीए-वोकेशनल ट्रेनिंग (एमएसएमई) तथा बीए-वीटी (टूरिज्म मैनेजमेंट) के साथ बीए (एजुकेशन) भी आरम्भ किया है।

इग्नू प्रवेश की पूरी प्रक्रिया अब ऑनलाइन है और किसी भी व्यक्ति के लिए इग्नू के 300 से अधिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेना अब बहुत आसान है। उल्लेखनीय है कि इग्नू के पाठ्यक्रम किसी भी उम्र का व्यक्ति कर सकता है और ये पाठ्यक्रम न सिर्फ 12वीं कक्षा उत्तीर्ण कर के आगे बढ़ने वाले छात्रों के लिए उपयोगी हैं बल्कि किसी भी सरकारी, गैर-सरकारी क्षेत्र में नौकरी कर रहे लोगों के लिए भी अपनी योग्यता बढाने के लिए बहुत उपयोगी हैं। इग्नू अनुसूचित जाति/ जनजाति के छात्रों के लिए सामान्य स्नातक डिग्री पाठ्यक्रम निशुल्क करने का अवसर भी दे रहा है।

देश भर में इग्नू के क्षेत्रीय केंद्र और अध्ययन केंद्र हैं और जिसकी उपाधियाँ यू.जी.सी. और अन्य नियामक संस्थानों से पूरी तरह मान्यता प्राप्त हैं। सभी प्रमुख विषयों में उपाधि एवं स्नातकोत्तर उपाधि पाठ्यक्रम तो हैं ही साथ ही अनेक उपयोगी क्षेत्रों में डिप्लोमा और स्नातकोत्तर डिप्लोमा आदि के लिए भी अपने मोबाइल से भी ऑनलाइन आवेदन का विकल्प है।

# राग मंत्र संगीत समारोह सम्पन्न

**जबलपुर, देशबन्धु।** शहीद स्मारक सभागृह में शास्त्रीय संगीत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनिल मोघे, प्राचार्य भातखंडे संगीत महाविद्यालय, जबलपुर रहे। यह कार्यक्रम आई.टी.सी. संगीत रिसर्च अकादमी, कलकत्ता और आर्ट हब जो संगीत कला के क्षेत्र के लिये समर्पित संस्था है, दोनो के संयुक्त तत्त्वावधान में आयोजित की गई थी।



कार्यक्रम की प्रथम प्रस्तुति में कलकत्ता के स्वर्नेंदु मंडल ने अपने सरोद वादन का आरंभ किया। वादन का आरंभ आपने राग मालगुंजी से किया। आपने इसमें आलाप, जोड़ ,झाला के साथ तीन ताल में बड़ी एवं छोटी गत व झाला प्रस्तुत किया। आपने अपने कार्यक्रम का समापन राग तिलक कामोद में एक गत प्रस्तुत कर किया। आपके साथ तबले पर सुमधुर व सराहनीय संगत भोपाल से पधारे रामेंद्र सोलंकी ने की।

कार्यक्रम के दूसरे चरण में कलकत्ता से ही पधारे श्री ब्रजेश्वर मुखर्जी के शास्त्रीय गायन से हुआ. आपने अपने कार्यक्रम का आरंभ राग मारुबिहाग में बडे ख्याल के पश्चात तीन ताल में छोटा ख्याल प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का समापन आपने एक ठुमरी गायन के साथ किया। आपके साथ तबले पर रामेंद्र सोलंकी एवं सारंगी पर सरवर हुसैन ने बहुत ही मधुर, कुशलता से व प्रशंसनीय संगत की। मंच का कुशल संचालन मधु नागराज द्वारा किया गया। विशेष सहयोग प्रकाश शिंदे, प्रशांत पाठक, संजय सोनी, आलोक सप्रे द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम के समापन में संयोजक प्रोफेसर अखिलेश सप्रे ने सभी के प्रति आभार प्रस्तुत किया।

# अंतरक्षेत्रीय विद्युत नाट्य एवं नृत्य प्रतियोगिता आज से

**जबलपुर, देशबन्धु।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में अंतरक्षेत्रीय विद्युत नाट्य व नृत्य प्रतियोगिता आज 18 मार्च से तरंग प्रेक्षागृह में प्रारंभ हो रही है। प्रतियोगिता का उद्घाटन केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव राजीव गुप्ता प्रातः 11 बजे तरंग प्रेक्षागृह करेंगे। प्रतियोगिता में मंचीय व नुक्कड़ नाटक और एकल व समूह नृत्य की स्पर्धाएं होंगी। प्रतियोगिता में मेजबान केन्द्रीय कार्यालय जबलपुर के अतिरिक्त इंदौर, सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी, संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर व श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह खंडवा की टीमें भाग ले रहीं हैं।

अंतरक्षेत्रीय विद्युत नाट्य व नृत्य प्रतियोगिता में भाग लेने वाली केन्द्रीय कार्यालय जबलपुर टीम की घोषणा कर दी गई है। टीम में विश्वनाथ धारगे, दिलदार चौधरी, राजकुमार शुक्ला, दीपाली श्रेया दुबे, अनुपमा तिवारी, उषा मौर्य, उर्मी मित्तल, विद्या झरबड़े, मनीषा झारिया, दीक्षा सिंह, व मोना वाकलवार को शामिल किया गया है।

# पुस्तक मेला की व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों को मिली जवाबदारी

**जबलपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर दीपक सक्सेना ने पुस्त क मेला की व्य वस्थाओं के संबंध में अधिकारियों को दायित्व सौंपकर कहा कि पुस्तक मेला को भव्य व आकर्षक बनायें। पुस्तक मेला के लिये जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। ज्ञात हो कि यह मेला 25 मार्च से 5 अप्रैल तक शहीद स्मा रक प्रांगण में शनिवार और रविवार को दोपहर 12 बजे से रात्रि 10 बजे तक एवं शेष दिवसों में शाम 4 बजे से रात्रि 10 बजे तक आयोजित किया जायेगा। कलेक्टर सक्सेना ने मेले की संपूर्ण व्यवस्था के लिये जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी को सहायक नोडल अधिकारी बनाया है।

**इन्हें मिला दायित्व-** टेंट व पंडाल व्यवस्था के लिये मुख्य कार्यपालन अधिकारी जेएटीसीसी हेमंत सिंह को, मेला स्थल का लेआउट व स्टॉल के लिये कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग शिवेन्द्र सिंह को, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिये सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण विभाग एनएस रघुवंशी और सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास मनीष सेठ को दायित्व सौंपे है। इसी प्रकार डाइट प्राचार्य सुधीर उपाध्याय व डीपीसी योगेश शर्मा को पुरानी पुस्तकें प्राप्त कर उनके सेट बनवाने एवं बुक बैंक की समस्त जिम्मेदारी तथा एनसीईआरटी की पुस्तकों को आवश्यकता अनुसार उपलब्ध कराने के लिये, जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक विनीत रजक को दुकानदारों से समन्वय एवं कैरियर काउंसलिंग कराने, पिछड़ा वर्ग एवं अल्प संख्यक कल्याण विभाग के सहायक संचालक आशीष दीक्षित को स्वयं सेवी संगठनों से समन्वय करने के निर्देश दिये हैं। एसडीएम अधारताल और पंकज मिश्रा को मेला स्थल की संपूर्ण साफ-सफाई, मैदान का समतलीकरण, मंच एवं कंट्रोल रूम की संपूर्ण व्यवस्था, आस्थाई टॉयलेट व मेला स्थल पर स्वच्छ पानी की व्यवस्था कराने का नोडल अधिकारी बनाया गया है तथा उनके सहयोगी अपर आयुक्त नगर पालिक निगम श्री आरपी मिश्रा होंगे। प्रोटोकॉल की समस्त व्यवस्थाओं के लिये जिला सत्कार अधिकारी ऋषभ जैन को दायित्व सौंपा गया है।

**पुलिस को सुरक्षा की कमान-** मेला स्थल पर दुकानों की 24 घंटे सुरक्षा की जिम्मेदारी, यातायात व कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जबलपुर को एवं मंच व्यवस्था सभी अशासकीय विद्यालयों से समन्वय, पुस्तक विक्रेता, प्रकाशकों से समन्वय व शिकायतों के निराकरण के लिये जिला शिक्षा अधिकारी व डीपीसी का दायित्व सौपा गया है। पुस्तक मेला की आय-व्यय के संपूर्ण लेखा रखने के लिये जिला कोषालय अधिकारी सुश्री विनायिका लकरा, मेले में संचालित हेल्प डेस्क एवं समस्त तकनीकी कार्य के लिये जिला प्रबंधक ई गवर्नेंसचित्रांशु त्रिपाठी को जवाबदारी दी गई है।

# लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक संपन्न

**जबलपुर, देशबन्धु।** अपर कलेक्टर सुश्री मिशा सिंह की अध्याक्षता में आज लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत, अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

बैठक में उन्होंने सभी विभागों की सीएम हेल्परलाईन की एक-एक कर समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि सीएम हेल्प लाईन के प्रकरणों के निराकरण प्राथमिकता से करें। उन्होंने कहा कि कोई भी प्रकरण नॉन अटेंडेंट न रहे और न ही निम्न गुणवत्ता से बंद हों। साथ ही कहा कि 50 दिन से अधिक के प्रकरणों को पहले निराकृत करें। शिकायतों के निराकरण की गति में तेजी लायें।

# 46 वीं अंतरक्षेत्रीय विद्युत महिला खेल प्रतियोगिता आज से

**जबलपुर, देशबन्धु।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में 46 वीं अंतरक्षेत्रीय विद्युत महिला खेल प्रतियोगिता आज 18 मार्च से प्रारंभ हो रही है। प्रतियोगिता का उद्घाटन केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव राजीव गुप्ता प्रातः 11 बजे तरंग प्रेक्षागृह में करेंगे। महिला खेल प्रतियोगिता में पांच खेल स्पर्धाओं शतरंज, टेबल टेनिस, कैरम, बैडमिंटन व टेनीकॉइट का आयोजन होगा। सभी स्पर्धाएं रामपुर परिसर स्थित मशाल परिसर व ज्योति क्लब में खेली जाएंगी।

केन्द्रीय कार्यालय जबलपुर ने अंतरक्षेत्रीय विद्युत महिला खेल प्रतियोगिता के लिए अपनी दस सदस्यीय टीम घोष?त कर दी है। केन्द्रीय कार्यालय की ओर से सुरभि अग्नहोत्री व अंजली देशमुख कैरम में, अंजू नीखरे व कविता विश्नोई शतरंज, रजनी धारने व दीक्षा सिंह बैडमिंटन, विद्या झरबड़े व रीति शुक्ला टेबल टेनिस और मनीषा झारिया नीता पटेल टेनीक्वाइट में प्रतिनिधित्व करेंगी।

# एम वाय मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता आज से

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आज से नीमखेड़ा स्थित एमपीसीए के मैदान पर एम वाय मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता प्रारंभ हो रही है। चार दिवसीय मैच का पहला मुकाबला जबलपुर एवं भोपाल के मध्य खेला जाएगा। इस मैच के लिए मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा अंपायर स्कोरर एवं ऑब्जर्वर की पोस्टिंग की जा चुकी है।


मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा जबलपुर संभाग में क्रिकेट संचालन के लिए बनाई गई, समिति के बाद जिस तरह अंदर 22 की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में अपनी जगह बनाई थी उसी प्रदर्शन की उम्मीद जबलपुर की क्रिकेट प्रेमी जनता संभाग की सीनियर टीम से भी कर रही है। मुकाबला अत्यंत रोचक होने की पूरी संभावना है।

# 27 हजार 3 सौ 72 सनहाल करदाताओं से वसूलना है 9 करोड़

**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर के करदाताओं के पास बकाया करों की राशि 31 मार्च तक जमा कर अधिभार से बचने के लिए अब मात्र 14 दिन शेष बचा है। 14 दिन के उपरांत यानी 1 अप्रैल 2025 से समस्त बकाया करों की राशि दो गुना कर करदाताओं से करों की वसूली की जायेगी। अभी निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के द्वारा लगातार करदाताओं से अपील की जा रही है कि 31 मार्च तक समस्त बकाया करों की राशि जमा कर अधिभार के साथ-साथ अप्रिय कार्यवाही से बचें।

वसूली के संबंध में उपायुक्त श्री सनखेरे ने बताया कि 27 हजार 3 सौ 72 सनहाल करदाता है जिनसे लगभग 9 करोड़ रूपये की राशि वसूल की जाना है। उन्होंने बताया कि करदाताओं द्वारा 31 मार्च तक राशि जमा नहीं की जाती है तो शासन के संशोधित नियमों के तहत् 1 अप्रैल से राशि को दो गुना कर दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि जिन बकयादारों को होली के पहले 3 दिन का नोटिस जारी किया गया था उनकी चल सम्पत्ति जैसे स्कूटर, मोटर साइकिल, कार, जीप आदि जप्त करने की कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने बताया कि बकायादारों के वाहनों की जानकारी एकत्र भी की जा रही है। उन्होंने कहा कि 1 अप्रैल से राशि दो गुना हो जायेगी जिसमें आने वाली लोक अदालत में भी राहत नहीं मिलेगी।

**31 मार्च के पहले सभी व्यापारी कराएँ लाइसेंस नवीनीकरण** -नगर निगम द्वारा निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार बाजार विभाग के माध्यम से शहर में स्वाभिमान के साथ व्यापार करने नए व्यापारियों के लिए लायसेंस बनाने तथा पुराने लायसेंस का नवीनीकरण करने का कार्य किया जा रहा है। यह व्यवस्था नगर निगम के सभी संभागीय कार्यालयों के साथ-साथ जार्ज टाउन स्कूल परिसर में लायसेंस एजेन्सी संचालक कार्यालय से भी किये जा रहे हैं। निगमायुक्त श्रीमती यादव ने सभी व्यापारियों से अनुरोध किया है कि नगर निगम से लायसेंस लेकर ही स्वाभिमान के साथ व्यापार करें और पुराने लायसेंस का 31 मार्च के पहले नवीनीकरण कराएँ और 100 प्रतिशत लगने वाला पेनाल्टी से बचें।




इस संबंध में उपायुक्त पी.एन. सनखेरे एवं बाजार अधीक्षक दिनेश प्रताप सिंह ने पेनाल्टी के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि 31 मार्च तक नवीन लायसेंस एवं लायसेंस नवीनीकरण में कोई पेनाल्टी नहीं लगेगी, 31 मार्च के बाद 1 अप्रैल से 100 प्रतिशत पेनाल्टी का प्रावधान किया गया है। बाजार अधीक्षक दिनेश प्रताप सिंह ने व्यापारियों से लाइसेंस लेकर ही व्यापार करने और निगम की अप्रिय कार्यवाही से बचने अपील की है।

**स्वच्छ सर्वेक्षण के कार्यो की निगमायुक्त ने की समीक्षा**-नगर निगम द्वारा बड़े पैमाने पर स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान के तहत् शहर में कार्य कराये जा रहे हैं तथा सर्वेक्षण अभियान में लोगों की भागीदारी भी सुनिश्चित की जा रही है। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने भँवरताल स्थित संस्कृति थियेटर में सर्वेक्षण के अंतिम चरण में होने वाले सभी तैयारियों एवं कार्यो की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में उन्होंने उपस्थित सभी संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली कि फील्ड में क्या काम और होना चाहिए और क्या नहीं होना चाहिए के बिन्दुओं पर विस्तारपूर्वक निगमायुक्त ने चर्चा की और चर्चा उपरांत आवश्यकत तैयारियाँ करने निर्देश दिये गए।

# संस्कारधानी में समरसता की होली 19 मार्च को

## तैयारियों और व्यवस्थाओं को लेकर बैठक

**जबलपुर, देशबन्धु।** समरसता सेवा संगठन के तत्वावधान में जबलपुर में समरसता होली महोत्सव का भव्य आयोजन रंगपंचमी पर बुधवार 19 मार्च को होने जा रहा है, इस भव्य आयोजन की तैयारियो और व्यवस्थाओं को लेकर जानकीरमण महाविद्यालय आगा चौक में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा करने के साथ ही व्यवस्था सौंपी गई। जिसमे समरंग शोभायात्रा, यात्रा मार्ग, स्वागत मंच, कार्यक्रम स्थल परिसर, पार्किंग, यातायात, व्यापक प्रचार प्रसार और लोगो को आमंत्रित करने हेतु चर्चा हुई। समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा लगातार दूसरा वर्ष है जब समरसता सेवा संगठन द्वारा समरसता के पर्व होली पर संस्कारधानी में समरसता की होली का आयोजन रंगपंचमी के अवसर पर किया जा रहा है, पूज्य संतो के सानिध्य, सर्व समाज की सहभागिता और संस्कारधानी के जनमानस की उपस्थिति में यह आयोजन भव्य और गरिमामय हो इसकी जिम्मेदारी हम सभी की सामूहिक है इसीलिए जिस सदस्य को जो जिम्मेदारी दी गई है उसे पूरी निष्ठा से पूरा करे।

जैन ने बताया संस्कारधानी में समरसता की होली के आयोजन में बुधवार 19 मार्च को रंगपंचमी पर दोपहर 2.30 बजे श्रीराम जानकी मंदिर, छोटा फुहारा से विराट समरंग यात्रा निकाली जाएगी जो मिलौनीगंज चौक, सुभाष टाकीज, कोतवाली, कमानिया, बड़ा फुहारा, लार्डगंज, सुपर बाजार, मालवीय चौक, होते हुए डी.एन. जैन कॉलेज मैदान पहुंचेगी।

श्री जैन ने बताया संतो की अगुआई में भव्य समरंग यात्रा निकाली जाएगी पूरे यात्रा मार्ग पर विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा मंचों से और घर दुकानों से फूलों की होली होगी।

शोभायात्रा में बृज की होली, अवध की होली, मसाने की होली, सामाजिक समरसता की झांकी, परिवार सभा (कुटुंब प्रबोधन) की झांकी, पर्यावरण संरक्षण की झांकी, स्वच्छता की झांकी में संदेश के साथ ही संगठन के सदस्यों की तिली द्वारा पूरे मार्ग की सफाई जायेगी।

मंचो द्वारा लगाई गई उत्कृष्ट झांकियों को पुरस्कृत किया जाएगा। शोभायात्रा के समापन के बाद डी.एन. जैन कॉलेज मैदान में समरसता की होली का आयोजन किया गया है जिसमेंपरंपरागत राई, फाग के साथ विभिन्न समाजों द्वारा लगाए स्टॉल में पारंपरिक व्यंजनों के साथ सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया है इस आयोजन में रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ एवं समरस जायका आकर्षण का केंद्र होगा।

# समानता लाने मंच से उठी बदलाव की गूंज



**जबलपुर, देशबन्धु।** वर्तमान समाज भले ही महिला पुरुष एक समान की बात पर जोर देता है, लेकिन सच्चाई इससे दूर है। अभी भी महिलाओं और पुरुषों की समानता है वैचारिक दूरी नजर आती है। क्योंकि कहने की बजाय इस भेदभाव को खत्म करने के लिए विचार क्रांति को जगाने की जरूरत है। समाज में फैले भेदभाव को मिटाने का ऐसा ही संदेश कलाकारों ने मंच पर दिया। तरंग ऑडिटोरियम में एमपी पावर ट्रांसमिशन कम्पनी के तत्वावधान में महिला दिवस के उपलक्ष्य में बदलाव की गूंज नाटक का मंचन किया गया। कलाकारों ने मंचन में दिखाया कि किस तरह एक समय समाज में स्त्री-पुरुष के बीच अभी भी भेदभाव जारी है। नाट्य परिकल्पना ट्रांसमिशन कंपनी के मुख्य अभियंता देवाशीष चक्रवर्ती की थी। संयोजन कार्यपालन अभियंता क्षमा शुक्ला और श्रद्धा तिवारी का रहा।

**खुद से सवाद करने की आवश्यकता-** कलाकारों ने मंचन में बताया कि लोगों को खुद के यह सवाल करना होगा कि क्या वे समाज में स्वयं स्त्री और पुरुष को एक समान देख रहे हैं। यदि नहीं तो बदलाव के प्रहरी स्वयं बने। नाटक में ट्रांसको के शुभम प्रजापति, अनिल मिश्र, धनश्री लोधी, अंकिता तिवारी, आकांशा बैन, रानू गुप्ता, रिंकी गुप्ता, सूरज झारिया एवं सिद्धार्थ बेन ने अभिनय किया।

# माता कर्मा जयंती शोभा यात्रा की बैठक सम्पन्न

**जबलपुर।** साहू समाज जबलपुर द्वारा माता कर्मा जी की 1009वीं जयंती के अवसर पर आयोजित भव्य शोभा यात्रा की तैयारी बैठक 16 मार्च 2025 को साहू धर्मशाला, गढ़ा फाटक, जबलपुर में संपन्न हुई। बैठक में समाज के वरिष्ठजनों एवं बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधुओं की उपस्थिति रही।

इस अवसर पर मध्य प्रदेश तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष, कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त रविकरण साहू सहित वरिष्ठ समाजसेवी उपस्थित रहे। उन्होंने समाज के सभी बंधुओं से अधिकाधिक संख्या में शोभा यात्रा में सम्मिलित होकर इसे भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने की अपील की। बैठक में समाज के विभिन्न वर्गों ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए शोभा यात्रा की तैयारियों को अंतिम रूप दिया। सभी समाज बंधुओं से अनुरोध है कि 24 मार्च 2025 को आयोजित इस दिव्य शोभा यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म और समाज के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करें।

# होलिया में उड़े रे गुलाल, कहियो रे मंगेतर से...



**जबलपुर.** फूलों की होली खेलकर क्लब मेंबर्स से त्योहार का रंग जमाया। इस दौरान हर्बल गुलाल की खुशबू भी बिखरी नजर आई। रंग-बिरंगे परिधान, लजीज व्यंजन और मस्ती धमाल के बीच डेजलिंग डीवा क्लब के तत्वावधान में होली मिलन समारोह मनाया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने होली के गीतों पर धमाल मचाया। इस दौरान थीम के अकॉर्डिंग एंटरटेनिंग गेम्स भी खेले गए। विनर्स को मिले सरप्राइज गिफ्ट्स ने चेहरे पर मुस्कान बिखेरी। कार्यक्रम में फनी टाइटल्स गेम और होली डांस खास रहा।

**कृष्ण रूप में फूलों की होली-** कार्यक्रम में कान्हा रूप में तैयार होकर कलाकार ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। कान्हा ने सभी गोपी बनी महिलाओं के साथ नृत्य किया। इसके साथ ही फूलों की होली खेली। इस मौके पर क्लब प्रेसिडेंट प्रियंका अग्रवाल, डायरेक्टर एनि मक्कर, विशाखा मुक्कर, मेघा लाम्बा, चेताली शाह, रिचा भामरी, रिचा अग्रवाल, अंकिता मोहबे, रितिका सदाना, अलका जगवानी, कोमल अडानी, अल्पना, एकता, नीतू शाह, मनीषा श्रीवास्तव, जूही दत्त, नम्रता विश्वकर्मा मौजूद रहीं।

# उर्स व अफ्तार ए आम में शरीक हुए लोग



**जबलपुर।** रमजान मुबारक के सोलहवे रोजे पर ईदगाह कला रानीताल मे हजरत मौलाना शाह अब्दुल करीम नक्शबंदी अलेहीरहमत के 128 वे सालाना उर्स शरीफ के मौके पर विशाल अफ़्तार ए आम का एहतेमाम मुफ्ती ए आज़म मध्यप्रदेश हजरत मौलाना मोहम्मद मुशाहिद रज़ा कादरी बुरहानी की सरपरस्ती में किया गया जिसमें हज़ारों रोजेदारों ने शिरकत की, उर्स शरीफ में अपरान्ह बाद नमाज जुहर कुरान ख्वानी की गई जिसके उपरांत मजार शरीफ पर चादर पोशी की गई। सांय मगरिब के वक्त विशाल अफ्तार ए आम का-एहतेमाम किया गया। मगरिब की अजान बुलंद होने पर हज़ारों लोगों ने एक साथ अफ्तार किया! अफ्तार ए आम में बड़ी तादाद में महिलाएँ व मासूम बच्चे भी शरीक हुए! मगरिब की सामुहिक नमाज अदा की गई और मुल्क की तरक्की खुशहाली की दुआए मांगी गई।

# सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षण का कार्यक्रम




**जबलपुर.** गवर्नमेंट साइंस कॉलेज में सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सेडमैप से हुए एमओयू के अंतर्गत छात्रों को 20 दिवसीय व्यवहारिक, संप्रेषण कौशल, कम्प्यूटर कौशल के प्रशिक्षण कार्यक्रम का ज्ञान दिया गया। प्रशिक्षण सेडमैप डायरेक्टर अजय तिवारी के संयोजन में प्रशिक्षकों ने युवाओं को जॉब और इंटरव्यू के लिए तैयार किया। समापन समारोह में प्राचार्य डॉ. एएल महोबिया, स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. जया वाजपेयी, डॉ. आरपीएस चंदेल, डॉ. उषा मसराम, डॉ. मृदुला सिंह, डॉ. सुजाता कुमार, डॉ. प्रतीक्षा गौर, डॉ. मनीष शर्मा, डॉ. सुमन प्रभाकर, डॉ. अनिल बिमझिआ, डॉ. प्रीति पांडे, वीरेंद्र साकेत मौजूद थे।

# राधा कृष्ण की होली थीम पर फागोत्सव में एक से बढ़कर ए क प्रस्तुती दी गई

**जबलपुर, देशबन्धु।** दि. जैन सोशल ग्रुप, जबलपुर मेन के तत्वावधान में शुक्रवार, 14 मार्च 2025 प्रात: 7.30 बजे श्री नंदीश्वर द्वीप जिनालय, पिसनहारी मढ़िया तीर्थ, जबलपुर में अष्टाह्निका पर्व के पावन अवसर पर अभिषेक एवं पूजन आयोजित किया गया।

तत्पश्चात फागोत्सव का रंगारंग आयोजन, तिलवारा पुल के पास एक फॉर्म हाउस में राधा-कृष्ण की होली थीम के साथ किया गया। संगीत, नृत्य एवं रंगों का उत्सव में आर्केस्ट्रा के साथ गाने-बजाने, झूमने-झुमाने के अनूठे संगम के साथ रंगों की मस्ती में झूमे ग्रुप के राधा-कृष्ण। इस अवसर पर विभिन्न मनोरंजक गेम्स खिलाए गए, जिनमें ग्रुप सदस्यों ने बढ़ चढ़ कर उत्साह से हिस्सा लिया और विजेताओं को स्पॉट गिफ्ट दिए गए। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय महासचिव आयोजन के फेडरेशन महासचिव विनय अनीता जैन की गरिमामयी उपस्थिति




उल्लेखनीय थी। आकर्षण थे माँ नर्मदा का मनोरम तट, सुंदर सेल्फी पॉइंट्स, स्विमिंग पूल, प्रकृति की गोद में हरे-भरे वृक्षों संग मनोरम दृश्य।

चलो रंगों में घुल जाएँ, प्रेम की सौगात लिए, राधा-कृष्ण बन के, सतरंगी बरसात लिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप जबलपुर मेन के अध्यक्ष मुल्कराज बादशा-श्रीमती अंजलि सिंघई, सचिव सचिन-श्रीमती कीर्ति जैन, कोषाध्यक्ष प्रदीप-श्रीमती सीमा जैन के साथ साथ कार्यक्रम संयोजकगण संजय-सारिका सिंघई, देवेश-प्रिया, राशि-नितिन,नवीन मनीषा, निशि-राहुल, प्रियांशी-प्रशांत, मोनिका-कपिल, स्मिता-अरिहंत का सराहनीय योगदान रहा।

## दैनिक राशिफल

मंगलवार 18 मार्च 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। चैत्र कृष्ण पक्ष की चतुर्थी, नक्षत्र- स्वाति।

**मेष**
आज वाणी पक संयम रखें। स्नेहीजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा।

**वृषभ**
आज का दिन लाभ का बना हुआ है। व्यापार में आपको लाभ होगा। संतान के साथ संबंध अच्छे बने रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन**
आज का दिन लाभदायी है। नौकरीमें अधिकारी आपके काम से खुश रह सकते हैं। व्यापार में भी आय बढ़ने की आशा है। `क-

**कर्क**
अधिकारियों के साथ वाणी और व्यवहार में संभलकर चलें। शारीरिक रूप से अस्वस्थता और मानसिक चिंता बनी रहेगी। व्यापार में विघ्न आ सकता है।

**सिंह**
आज क्रोध और वाणी पर संयम बरतने की सलाह आपको दी जाती है। स्वास्थ्य के मामले में संभलकर चलना होगा। मानसिक रूप से व्यग्रता बनी रहेगी।

**कन्या**
आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे। दैनिक कामों में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं। आप मनोरंजन का सहारा लेंगे।

**तुला**
आज आप व्यवसाय बढ़ाने का प्रयास करेंगे। रोजाना की आय बढ़ाने के आपके प्रयास सार्थक हो सकते हैं।

**वृश्चिक**
साहित्यिक गतिविधियों के लिए आज का दिन शुभ फलदायक है। कहानी-कविता लिखने के लिए योजना बना सकते हैं।

**धनु**
आज आप हर मामलों में सावधान रहें। माता के स्वास्थ्य में हो रहा परिवर्तन आपके विचारों को नेगेटिव कर सकता है। इससे आपका मन किसी काम में नहीं लगेगा।

**मकर**
जीवनसाथी से आपका व्यवहार अधिक मधुरतापूर्ण होगा। मित्रों के साथ पर्यटन पर जाने का कार्यक्रम बना पाएंगे। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी।

**कुंभ**
अपने खर्च पर आपको संयम रखना होगा। क्रोध और वाणी पर नियंत्रण किसी से वाद-विवाद होने से बचाएगा।

**मीन**
आज का आप का दिन शुभ फलदायी है। आज आप उत्साही बने रहेंगे। नए काम की शुरुआत करने के लिए समय अच्छा है।

म.

# अखंड ब्राह्मण सेवा समिति का होली मिलन समारोह



**जबलपुर, देशबन्धु।** अखंड ब्राह्मण सेवा समिति (भारतवर्ष) जिला जबलपुर की बैठक भगवान के पूजन उपरांत स्वस्तिवाचन के साथ शूरू हुई जिसमें लोकसभा सदस्य पंडित आशीष दुबे के प्रतिनिधि के तौर पर उनके बड़े भाई डॉ आशुतोष दुबे के मुख्यातिथ्य एवं पंडित ब्रजेश दीक्षित भागवताचार्य के आतिथ्य में राष्ट्रीय सचिव पंडित आनंद शंकर मिश्रा एवं प्रदेश सचिव पंडित जितेन्द्र कुमार दुबे, संभाग संरक्षक पंडित घनश्याम पाठक, संभाग अध्यक्ष पंडित कामता प्रसाद द्विवेदी जी की गरिमामई उपस्थिति मे राज राजेश्वरी माता मंदिर अधारताल में होली मिलन समारोह संपन्न हुआ अतिथियों का स्वागत पंडित कृष्ण कांत शुक्ला जिला अध्यक्ष एवं पंडित संजय मिश्रा महासचिव द्वारा किया गया मंच संचालन पंडित ब्रजेश मिश्रा उपाध्यक्ष एवं पंडित सृजल चौबे युवा सचिव द्वारा किया गया मिलन समारोह के उपरांत जिला महिला कार्यकारिणी में सुश्री रचना पाठक को जिला अध्यक्ष एवं सुश्री शशि किरण वैदेही को जिला महासचिव सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया पंडित सुभाष मणि बैरागी द्वारा काव्य पाठ होली के शुभ अवसर पर किया गया मीटिंग में उपाध्यक्ष पंडित अभिषेक दुबे कोषाध्यक्ष पंडित सम्पूर्णानंद पाण्डेय, पंडित दीनदयाल मिश्रा, पंडित पप्पू दुबे, पंडित सुरेश शुक्ला, पंडित राजेश शर्मा, पंडित शशांक अरेले, पंडित मनोज दुबे, पंडित विजेन्द्र शुक्ला, पंडित सतीश समाधियां,राजेश मिश्रा, असीम दुबे, पंडित विवेक अवस्थी, महिला प्रकोष्ठ में निपु मिश्रा, सुनीता पाण्डेय, शकुंतला दुबे एवं अन्य महिला एवं विप्र बंधु गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे उसके उपरांत रात्रि भोजन के बाद धन्यवाद प्रस्ताव पंडित जितेन्द्र कुमार दुबे प्रदेश सचिव द्वारा किया गया।

# गढ़ा में राष्ट्रीय कवि सम्मेलन आज

**जबलपुर, देशबन्धु।** मेडिकल कॉलेज रोड स्थित क्षेत्रीय बस स्टैंड पुरवा में 10वां राष्ट्रीय कवि सम्मेलन 18 मार्च को रात्रि 7.30 बजे से आयोजित है इस आयोजन में मुख्य अतिथि प्रदेश के पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह तथा भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। कार्यक्रम के आयोजक पूर्व एमआईसी सदस्य राजेश बड़गैंया एवं वीरेन्द्र गढ़ेवाल ने बताया कि इस बार भी देश भर के जाने-माने कवि हास्य के रंग उड़ेलेंगे आने वाले कवियों में रायबरेली से मधुप श्रीवास्तव नरकंकाल देवास से कुलदीप रंगीला तथा उज्जैन से दिनेश दिग्गज शामिल होंगे दीपक तिवारी दीपक के संचालन में करेली से रश्मि किरण तथा जबलपुर से अर्चना अर्चन डॉ. रानू रूही काव्यरस की फुहार करेंगी। आयोजन समिति के अशोक प्यासी, अजय तिवारी, विवेक नायक, राकेश तिवारी, अनिल शर्मा, राजेन्द्र बाल्मिक ने कार्यक्रम में उपस्थिति का आग्रह किया है।

# निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**



**वनमाला आर, फेरमन-** नेपियर टाउन निवासी वनमाला आर, फेरमन पति स्वर्गीय आर एल फ़ेरमन उम्र 90 वर्ष का निधन हो गया है उनकी अंतिम यात्रा उनके निज निवास 249/572 नेपियर टाउन नवीन विद्या भवन शाला के पास से आज प्रात: 10 बजे बिलहरी कब्रस्तान जायेगी।

**श्री रमाकांत पटेल-** रामपुर पटेल मोहल्ला निवासी श्री राजकुमार पटेल के पुत्र श्री रमाकांत पटेल (33) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री तेजिन्दर सिंह भाटिया-** हाथीताल कॉलोनी निवासी श्री तेजिन्दर सिंह भाटिया (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दीपक श्रीवास्तव-** प्रभात नगर कठौंदा निवासी श्री नरेश श्रीवास्तव के पुत्र श्री दीपक श्रीवास्तव (29) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री रमाकांत मिश्रा-** न्यु आदर्श नगर कॉलोनी अधारताल निवासी श्री रमाकांत मिश्रा (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अजय पासी-** कटरा अधारताल निवासी श्री मोतीलाल पासी के पुत्र श्री अजय पासी (37) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर किया गया।

**श्री संजीव श्रीवास्तव-** शास्त्री विहार लाला चौक त्रिमूर्ति नगर निवासी श्री संजीव श्रीवास्तव (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शंकर प्रसाद राजपूत-** सेठी नगर गुप्तेश्वर निवासी श्री शंकर प्रसाद राजपूत (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री भगवान दास दहायत-** मांडवा छापर रामपुर निवासी श्री भगवान दास दहायत (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मंजीत सिंह-** मदनमहल गुप्तेश्वर रोड निवासी श्री मंजीत सिंह (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री गनपत राव मन्नेवार-** वैशाली परिसर नर्मदा नगर निवासी श्री गनपत राव मन्नेवार (92) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती इंदू केवट-** ओम कला मंदिर रोड चांदमारी लालमाटी निवासी श्री किशन केवट की धर्मपत्नी श्रीमती इंदू केवट (41) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

# भार्गव ब्राम्हण सभा की बैठक आज

**जबलपुर,देशबन्धु।** भार्गव ब्राम्हण सभा के आज मंगलवार को होली मिलन उत्सव समारोह का आयोजन कोतवाली थाने के सामने सरकारी अस्पताल के पीछे शाम 4 बजे आयोजित किया गया है। जिसमें भार्गव ब्राम्हण सभा के सभी सम्मानित सदस्यों को सपरिवार आमंत्रित किया गया।

# सहायक ग्रेड 3 का वेतनमान बढ़ाया जाए

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि मध्य प्रदेश के समस्त विभागों में कार्यरत सहायक ग्रेड 3 को 1900 ग्रेड पे के आधार पर वेतन दिया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर कंप्यूटर आपरेटर को 2400 ग्रेड पे के आधार पर वेतन दिया जा रहा है। सहायक वर्ग-3 का प्रारंभिक वेतन 1900 ग्रेड पे के स्थान 2400 ग्रेड पे के आधार पर दिया जाना चाहिए, मुख्य मंत्री से संघ मांग करता है की मध्य प्रदेश के समस्त विभागों में कार्यरत लिपिकों अर्थात सहायक वर्ग 3 का वेतन 2400 ग्रेड पे के आधार पर किया जाए। प्रदेश अध्यक्ष- रॉबर्ट मार्टिन,जियाउर्रहीम, हेमंत ठाकरे, दिनेश गोंड, राकेश श्रीवास, गुडविन चार्ल्स, राजकुमार यादव, राजेश सहारिया, एनोस विक्टर, विनोद सिंह, दीपेश जैन, सुरेंद्र चौधरी, मनमोहन चौधरी, फिलिप अन्थोनी, सुधीर अवधिया, राकेश गुप्ता, उमेश सिंह ठाकुर, सुधीर पॉवेल, सुनील झारिया, देवेंद्र भट, मान सिंह आर्मो, रवि जैन, आषाराम झारिया, गोपीषाह, विनय रामजे, चैतन्य कुषरे, आषीष कोरी, समर सिंह ठाकुर, त्रिलोक सिंह आदि ने शासन से मांग की है।

## चाकू-तलवार से दो पक्षों ने एक दूसरे पर किया जानलेवा हमला

### गोहलपुर के कृष्णा नगर में वारदात

**जबलपुर,देशबन्धु।** गोहलपुर थाना क्षेत्रांतर्गत कृष्णा नगर में होली की रात दो पक्षों में जमकर विवाद हुआ। दरअसल दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर चाकू तलवार से जानलेवा हमला कर दिया। जिसमें दोनों पक्षों के तीन लोगों को गंभीर चोटें आई है, जिन्हें उपचार के लिये मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

पुलिस ने बताया कि माढ़ोताल ग्रीन सिटी रोड कृष्णा नगर निवासी 23 वर्षीय विकास कोल अपने छोटे



भाई सावन उर्फ साहिल के साथ 15 मार्च की रात करीब साढ़े नौ बजे अघोरी बाबा के मंदिर दर्शन करने जा रहा था। जैसे ही वे गोहलपुर के कृष्णा नगर में जयसवाल किराना दुकान के सामने पहुंचे, तभी एक पंद्रह वर्षीय बालक अपने साथी श्रेयांश त्रिपाठी, आर्यन चौधरी व अन्य के साथ मिला और पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज करते हुए दोनों भाइयों पर चाईना चाकू व तलवार से जानलेवा हमला कर दिया।

वहीं उक्त हमले में दूसरे पक्ष के सूर्या मलिक पर भी साहिल ने तलवार से जानलेवा हमला किया है, जिसमें उसके सिर पर गंभीर चोट आई है। वारदात के बाद से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। तीनों घायलों को गंभीर हालत में उपचार के लिये मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

## शराब के लिये रुपये न देने पर मारपीट, तोडफोड़

### रांझी क्षेत्र में वारदात, पुलिस कर रही आरोपियों की तलाश में पुलिस

**जबलपुर,देशबन्धु।** रांझी थाना क्षेत्र में चार असमाजिक तत्वों ने एक होटल कर्मी से शराब के लिये रुपयों की मांग करते हुए मारपीट की, इतना ही नहीं आरोपियों ने पीड़ित के घर पहुंचकर उसकी बाईक भी तोड?ोड़ दी, इसके बाद उसके ऑटो चालक भाई को भी रोक-कर जमकर मारपीट की। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

पुलिस ने बताया कि सुभाष नगर झण्डा चौक निवासी 20 वर्षीय सौरभ अहिरवार पंजाबी होटल में काम करता है। बीती देर शाम वह अपने दोस्त रोहित तिवारी को नूडल्स देने के लिये बंशकार मोहल्ला गया था। जहां पर राजा वंशकार, शिवा, टारजन वंशकार व झल्लू वंशकार मिले, जिन्होंने सौरभ से शराब पीने के लिए रुपयों की मांग करनी शुरू कर दी। सौरभ के रुपये देने से मना करने पर चारों ने गाली गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की।

जिसके बाद सौरभ चुपचार होटल आ गया। जिसके बाद चारों आरोपी सौरभ के घर पहुंचे और वहां खड़ी उसकी मोटर साइकिल प्लेटिना क्रमांक एमपी 20 एनई-1542 में लाठी, डंडे से तोड?ोड़ डाली, इतना ही नहीं जब उसका भाई शुभम ऑटो लेकर घर पहुंचा तो उसके साथ भी चारों आरोपियों ने जमकर मारपीट की। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरु कर दिये है।

## परशुराम की तुलना में औरंगजेब से पार्टी ने जारी किया पूर्व महिला नगर अध्यक्ष को नोटिस

**जबलपुर,देशबन्धु।** सोशल मीडिया में विवादित पोस्ट वायरल करने पर कांग्रेस पार्टी ने पूर्व महिला नगर कांग्रेस अध्यक्ष को नोटिस जारी किया है। कांग्रेस की पूर्व महिला नगर अध्यक्ष ने सोशल मीडिया में भगवान परशुराम की तुलना औरंगजेब से करते हुए पोस्ट वायरल की थी। जिसका हिन्दूवादी संगठनों ने विरोध किया था।

पूर्व महिला नगर कांग्रेस अध्यक्ष रेखा विनोद जैन ने सोशल मीडिया में कथाकार मणिका मोहिनी की बात कहते हुए लिखा था कि औरंगजेब ने अपने भाई का सिर काटकर अपने पिता को भेंट किया था। परशुराम ने अपनी माता का सिर काटकर अपने पिता को भेंट किया था। पोस्ट में कहा गया था कि मेरी समझ से विवेकहीन,वहशी दरिंदे दोनों जगह है। लेकिन हिंदुत्व की बीमारी ज्यादा खतरनाक है। क्योकि परषुराम को अवतार तथा धर्म का प्रतीक मानने वाले ब्राम्हणत्व के ही नहीं,हिन्दुओं के भी मुखिया,अगुआ है। पोस्ट पर विवाद बढ़ने पर पूर्व महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने उसे डिलीट कर दिया था। नगर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ शर्मा ने सोशल मीडिया में विवादित पोस्ट डालने पर पूर्व महिला नगर कांग्रेस अध्यक्ष को कारण बताओं नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। नोटिस में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संविधान का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि कांग्रेस का प्रत्येक सदस्य धर्मनिरपेक्षता,समाजवाद,सामाजिक न्याय,प्रजातांत्रिक मूल्यों को प्रोत्साहित करते हुए आगे बढायेगा। प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप व अन्य माध्यम से भारतीय कांग्रेस की नीतियों एवं प्रोग्रामों का किसी तरह से विरोध नहीं करेंगा। आपके द्वारा धर्मनिरपेक्ष नीति का उल्लंघन करने के कारण,यह कृत्य अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है।

## ननि आयुक्त पालन प्रतिवेदन पेश करे वरना हाजिर हो

### अवमानना मामले में कोर्ट सख्त, अगली सुनवाई 20 को

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने अवमानना प्रकरण में जबलपुर की निगमायुक्त प्रीति यादव को 19 मार्च तक पालन प्रतिवेदन पेश करने के निर्देश दिये हैं। उक्त आदेश का पालन न होने पर उन्हें 20 मार्च को व्यक्तिगत रूप से हाजिर होने के निर्देश दिये गये है।

यह अवमानना का मामला जबलपुर निवासी नीलेश साहू की ओर स दायर किया गया है। जिनकी ओर से कहा गया कि याचिकाकर्ता नगर निगम में कई वर्षों से दैनिक वेतन भोगी के रूप में कार्यरत है। हाईकोर्ट ने 5 फरवरी 2024 को नगर निगगम को आदेश दिये थे कि याचिकाकर्ता को अन्य समान कर्मियों की भांति नियमितिकरण के साथ सभी वित्तीय लाभ प्रदान करें। आदेश का पालन नहीं होने पर अवमानना याचिका दायर की गई। नगर निगम ने याचिकाकर्ता का दावा यह कहते हुए निरस्त कर दिया था कि उसका मामला अन्य कर्मियों के समान नहीं है। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए उक्त निर्देश दिये।

## दोस्त की कार रख दी गिरवी

**जबलपुर,देशबन्धु।** दादी की तबीयत का बहाना बनाकर दोस्ती की कार गिरवी रखी दी। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ अमानत में खयानत का मामला दर्ज कर लिया है।

गोरखपुर थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज सिंह ठाकुर उम्र 30 वर्ष निवासी पोलीपाथर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि दीपक सोनी उसका दोस्त है। जो रामपुर में घर में किराए से रहता था और उसकी दादी की तबीयत खराब रहती थी। उसने अपनी क्रेटा कार क्रमाक एमपी 20 सीके 1298 दादी को उपचार हेतु लाने ले 1 अक्टूबर 2024 को दी थी, तभी से दीपक गाडी को अपने पास रखे था। जब उसे गाडी की आवश्यकता हुई तो उसने दीपक सोनी से वाहन को वापस मांगा था,परंतु उसने वापस नहीं की। दीपक सोनी ने उसकी क्रेटा कार को शुभम गोस्वामी निवासी अमखेरा के पास गिरवी रख दिया था। उसने दीपक सोनी को अपनी कार वापस करने के लिए बोला तो आज लाकर दे दूंगा, कल लाकर दे दूंगा ऐसा कहते हुए दो माह से ज्यादा का समय व्यतीत हो गया है पर दीपक सोनी उसे कार वापस नहीं किया है। दीपक सोनी निवासी रामपुर थाना गोरखपुर पर विश्वास कर अपनी क्रेटा वाहन दादी के उपचार के लिए दिया था परन्तु उनके विश्वास को तोडते हुए उसके वाहन को गिरवी रख दिया है। रिपोर्ट पर धारा 316(2) बी एन एस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## रेलवे अधिकारी पर हमला, गोरखपुर जॉनसन स्कूल के सामने वारदात

**जबलपुर,देशबन्धु।** गोरखपुर थाना अंतर्गत **जानसन स्कूल के सा**मने नर्मदा रोड पर बीती रात तीन अज्ञात बदमाशों ने रेलवे के एक अधिकारी को रोक-कर रुपयों की मांग करते हुए उन पर किसी नुकीली चीज से हमला कर दिया। जिससे रेलवे अधिकारी की पैर की जांघ में गंभीर चोट आ गई। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरु कर दिये है।

पुलिस ने बताया कि कांचघर वर्न कंपनी निवासी 45 वर्षीय गगनदीप मिश्रा पश्चिम मध्य रेलवे में सहायक प्रोटोकॉल निरीक्षक टू-जीएम के पद पर पदस्थ है, जो कि वर्तमान में रेलवे ऑफिसर क्लब में मैनेजर का कार्यभार संभाल रहे है। गगनदीप बीती



शाम अपनी एक्टिवा क्रमांक एमपी 20 एसएन-9966 से अपनी ससुराल नई बस्ती ग्वारीघाट अपनी पत्नी को छोड़ने गये थे। जहां से वापस लौटकर वह अपने एक मित्र सोनू अहिरवार के बच्चे की जन्मदिन पार्टी में शामिल हुए और वहां से वापस अपनी एक्टिवा से घर लौट रहे थे। जैसे ही वे जॉनसन स्कूल नर्मदा रोड पर पहुंचे, तभी करीब पौने ग्यारह बजे अचानक दो से तीन अजात लड़के कटंगा की तरफ से मोटर सायकल पर आये और उन्हें रोक कर अकारण ही कालर पकड़ कर झुमा झपटी करने लगे। जिससे गगनदीप एक्टिवा सहित सड़क पर गिर गये।

जिसके बाद बदमाशों ने गाली गलौज करते हुए शराब पीने के लिए रुपयों की मांग करते हुए उन पर किसी नुकीली चीज से हमला कर दिया। जिससे उनकी जांघ में गंभीर चोट आ गई। इसके बाद बदमाश जान से मारने की धमकी देते हुए बंदरिया तिराहे की ओर भाग गये। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की पतासाजी शुरु कर दी है।

## सड़क हादसे में मोटर साइकिल सवार दंपत्ती घायल

**जबलपुर,देशबन्धु।** गोरा बाजार थाना क्षेत्रांतर्गत मिलिट्री डेयरी के सामने बीती रात एक तेज रफ्तार बाइक चालक ने मोटरसाइकिल सवार दंपति को पीछे से टक्कर मार दी। जिससे दंपत्ति मोटर साइकिल सहित गिर गये और उन्हें चोटे आ गई। जिन्हें उपचार के लिये निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस को दमोहनाका मिलौनीगंज निवासी 42 वर्षीय आशीष नामदेव ने बताया कि उसकी बहन छाया नामदेव और जीजा रविशंकर नामदेव रिश्तेदारी में तिलहरी गये हुए थे। रात्रि करीब नौ बजे वापस आते समय जैसे ही वे मिलट्री डेयरी के सामने पहुंचे, उसी समय पीछे से आ रहीं बाईक क्रमांक एमपी 20 एनआर-6653 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उनकी मोटर साइकिल में टक्कर मार दी। जिससे वह मोटर साइकिल सहित गिर गये और दोनों को चोटे आ गई। जिन्हें उपचार के लिये निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

## कैदियों को गुटखा, तंबाकू देने वाला फिजियोथेरेपिस्ट पकड़ाया

**जबलपुर,देशबन्धु।** सेंट्रल जेल में कैदियों को गुटखा और तंबाकू देने वाला फिजियोथेरेपिस्ट पकड़ाया है। जिसे जेल प्रशासन ने सिविल लाइन थाने भेज दिया।

बताया जाता है कि संजय दहिया 35 वर्ष जेल में फिजियोथेरेपिस्ट के रूप में कार्यरत था जो कैदियों को तंबाकू और गुटखा महंगे दामों पर देता था। जेल प्रशासन ने उसे पकड़ने के बाद सिविल लाइन थाने भेज दिया है जहां उससे पूछताछ की जा रही है। चर्चा रही कि संजय लंबे समय से कैदियों को गुटखा और तंबाकू दे रहा था वे फिजियोथेरेपी के बहाने कैदियों तक पहुंचता था और उन्हें प्रतिबंधित सामान मुहैया कराता था जिस पर संदेह हुआ तो जेल में काम करने वाले कर्मचारियों और डॉक्टरों पर निगरानी शुरू की गई इस दौरान फिजियोथेरेपिस्ट संजय दहिया की गतिविधियां संदिग्ध पाई गईं। जिसके बाद उसे पकड़ लिया गया। संजय दहिया अपनी फिजियोथेरेपी सेवाओं के बहाने कैदियों के संपर्क में आता था। इसी दौरान वह छिपाकर गांजा कैदियों तक पहुंचाता था। कैदियों को इलाज देने के नाम पर वह आसानी से जेल में घूम सकता था, जिससे किसी को शक नहीं होता था।

## दिनदहाड़े ई-रिक्शा चुरा ले गये चोर

**जबलपुर,देशबन्धु।** लार्डगंज थाने में बड़ी दरगाह के पीछे रहने वाले 24 वर्षीय अनिकेत रैकवार ने ई-रिक्शा चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। जिसमें उसने बताया कि 9 मार्च को उसने अपना लोडिंग ई-रिक्शा घर के पास खड़ा किया था, दोपहर तीन बजे तक रिक्शा खड़ा था। उसके कुछ देर बाद उसने जाकर देखा तो उसका ई-रिक्शा गायब था, अब तक पतासाजी करता रहा, लेकिन उसका ई-रिक्शा नहीं मिला। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

## ट्रेन से टकराकर युवक की मौत

**जबलपुर,देशबन्धु।** पनागर पुलिस को बड़ी खेरमाई निवासी 48 वर्षीय संतोष कुमार वंशकार ने सूचना दी कि बीती रात करीब ग्यारह बजे उसका बेटा 22 वर्षीय देव कुमार बंशकार बलेहा तालाब रेलवे ट्रैक पुल के ऊपर ट्रेन से टकरा गया, जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

## आपराधिक प्रवृत्ति के लोग करेंगे कुलपति का चयन

### हाईकोर्ट ने नोटिस जारी कर मांगा जवाब

**जबलपुर,देशबन्धु।** इंदिरा गांधी नेशनल ट्राइबल यूनिवर्सिटी में कुलपति के चयन के लिए गठित कमेटी में आपराधिक प्रवृत्ति के लोग को शामिल किये जाने को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गयी थी। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत तथा जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। युगलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि कुलपति का चयन याचिका के अंतिम आदेष के अधीन रहेंगा।

अनूपपुर निवासी अजय मिश्रा की तरफ से दायर की गयी याचिका में कहा गया था कि इंदिरा गांधी नेशनल ट्राइबल यूनिवर्सिटी में कुलपति चयन के लिए तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। कमेटी में कार्य परिषद की तरफ से दो सदस्यों के नाम भेजे गये थे। इसके अलावा एक सदस्य का चयन राष्ट्रपति के द्वारा किया जाता है। याचिका में कहा गया था कि कार्य परिषद के द्वारा जो सदस्य नियुक्त किये गये है उनके खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज है। याचिका में कहा गया था कि आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को कुलपति चयन कमेटी में सदस्य नियुक्ति नहीं किया जाना चाहिये। याचिका में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय, इंदिरा गांधी नेशनल ट्राइबल यूनिवर्सिटी के कुलपति व रजिस्टार सहित कमेटी के सदस्य प्रोफेसर श्रीमती अन्नपूर्णा नौटियाल,प्रोफेसर नरेश चंद्र गौतम तथा प्रोफेसर प्रकाश मणि त्रिपाठी को अनावेदक बनाया गया था। युगलपीठ ने याचिका की सुनवाई के बाद अनावेदकों को तीन सप्ताह में हलफनामा में जवाब पेश करने के निर्देश दिये है। युगलपीठ ने अपने आदेष में कहा है कि कुलपति का चयन याचिका के अंतिम आदेष के अधीन रहेगा।

### हाईकोर्ट ने किया कलेक्टर भोपाल को व्यक्तिगत रूप से तलब

**जबलपुर,देशबन्धु**। हाईकोर्ट की दो अलग-अलग एकलपीठ ने भोपाल कलेक्टर को व्यक्तिगत रूप से तलब किया था। भोपाल कलेक्टर के खिलाफ एक एकलपीठ ने जमानती वारंट जारी किया था। जमानती वारंट जारी होने के कारण भोपाल कलेक्टर एकलपीठ के समक्ष व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हुई। दूसरी एकलपीठ ने समक्ष उन्होने उपस्थिति माफी का आवेदन प्रस्तुत किया था। जिसे गंभीरता से लेते हुए हाईकोर्ट जस्टिस ए के सिंह की एकलपीठ ने भोपाल कलेक्टर को 19 मार्च को याचिका की सुनवाई के दौरान व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहने के आदेष जारी किये है। गौरतलब है कि रेरा के द्वारा जारी आरआरसी का निष्पादन नहीं किये जाने के खिलाफ दो अलग-अलग व्यक्तियों के द्वारा हाई कोर्ट में अवमानना याचिका दायर की गयी थी। हाईकोर्ट जस्टिस विवेक अग्रवाल ने व्यक्तिगत उपस्थित के लिए जमानती वारंट जारी किया था। दूसरी अवमानना याचिका की सुनवाई करते हुए जस्टिस ए के सिंह की एकलपीठ ने उनकी व्यक्तिगत उपस्थिति के आदेष जारी किये थे। दोनों अवमानना याचिका पर 12 मार्च को सुनवाई निर्धारित थी।

भोपाल कलेक्टर निर्धारित तिथि को वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से हाईकोर्ट जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने समक्ष उपस्थित थे। जस्टिस ए के सिंह की एकलपीठ ने समक्ष उन्होंने उपस्थिति माफी के लिए आवेदन पेष किया था। जिसमें बताया गया था कि उन्हें दिल्ली में आधिकारिक कार्य के लिए आमंत्रित किया गया है। याचिका की सुनवाई के दौरान जस्टिस ए के सिंह की एकलपीठ को याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने बताया कि उपस्थिति से बचने के लिए आवेदन पेश किया गया है। भोपाल कलेक्टर के खिलाफ दूसरी एकलपीठ ने जमानतीय वारंट इसलिए वह आज दोपहर 1 बजे उनके समक्ष उपस्थित हुए है। इस न्यायालय ने उनके विरुद्ध कोई जमानती वारंट जारी नहीं किया है। एकलपीठ ने अपने आदेष में कहा है कि अगली सुनवाई के पूर्व आदेष का पालन सुनिश्चित नहीं किया जाता है तो कलेक्टर भोपाल 19 मार्च को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहें। याचिकाकर्ता की तरफ से अधिवक्ता ध्रुव वर्मा तथा कपिल दुग्गल ने पैरवी की।

### पेंशन की फूटी कौड़ी दिए बिना गुडबाय नहीं किया जा सकता

**जबलपुर,देशबन्धु**। मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विवेक जैन की एकलपीठ ने अपने एक आदेश में तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि 45 वर्ष सेवा देने के बाद सेवानिवृत्त हुए सफाई कर्मी को पेंशन की




फूटी कौड़ी दिए बिना गुडबाय नहीं किया जा सकता। एकलपीठ ने नगर पालिका दमोह की योगदान नहीं, तो पेंशन नहीं, की रवायत पर करारी फटकार लगाते हुए दिवंगत सफाई कर्मी की विधवा के हक में एक माह के भीतर छह प्रतिशत ब्याज सहित पेंशन जारी किए जाने का राहतकारी आदेश पारित कर दिया। यही नहीं 12 प्रतिशत ब्याज सहित ग्रेच्युटी राशि भी दिए जाने का आदेश सुनाया है। याचिकाकर्ता दिवंगत सफाई कर्मी पुरुषोत्तम मेहता की दमोह निवासी विधवा सोमवती बाई वाल्मीकि की ओर से अधिवक्ता संजय कुमार शर्मा, असीम त्रिवेदी और रोहिणी प्रसाद शर्मा ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि इस मामले में नगर पालिका, दमोह के सभी तर्क दरकिनार किए जाने योग्य हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि सब मनमानी को इंगित करते हैं। जिसके बाद न्यायालय ने उक्त टिप्पणी करते हुए निर्देश जारी किये है।

### होल्ड किये गये पदों पद क्यों नहीं दी जा रहीं नियुक्ति?

#### हाईकोर्ट ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से मांगा जवाब

**जबलपुर,देशबन्धु**। मप्र हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि विभिन्न भर्तियों में अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के होल्ड पदों पर नियुक्ति क्यों नहीं दी जा रही है। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत एवं जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने शिक्षा विभाग, आयुक्त लोक शिक्षण, आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग एवं कर्मचारी चयन मंडल को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

दरअसल यह मामला पन्ना निवासी सूर्या श्रीवास सहित कई जिलों के 35 अभ्यर्थियों की ओर से दायर किया गया है। जिसमें ओबीसी के 13 प्रतिशत पदों को होल्ड करने को चुनौती दी है। याचिकार्ताओं की ओर से अधिवक्ता विनायक प्रसाद शाह, पुष्पेंद्र कुमार शाह, रूप सिंह मरावी ने बताया कि पूर्व में हाईकोर्ट ने उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें ओबीसी के 13 फीसदी पद होल्ड करने के आदेश दिए गए थे।

दलील दी गई कि जब याचिका ही निरस्त हो चुकी है तो अब सरकार को होल्ड पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू कर देनी चाहिये। न्यायालय को बताया गया कि हाल ही में पुलिस कांस्टेबल भर्ती 2023 के विज्ञापन में भी उक्त याचिका का हवाला देकर ओबीसी के 13 प्रतिशत पद होल्ड करने की जानकारी दी गई थी। अब याचिका निरस्त होने के बावजूद सरकार द्वारा मनमाने तरीके से पुलिस कांस्टेबल भर्ती पदों को होल्ड कर मार्च 2025 में रिजल्ट जारी किया गया है। इससे स्पष्ट है कि सरकार की ओबीसी को उसका अधिकार देने की मंशा नहीं है। सरकार के इस रवैये के कारण एक ओर जहां हजारों पद रिक्त हैं वहीं दूसरी ओर विभिन्न भर्तियों के हजारों की संख्या में मेरिटोरियस उत्तीर्ण अभ्यर्थी का भविष्य अधर में लटका हुआ हैं, लेकिन सरकार उन पदों पर भर्ती नहीं कर रही है। सुनवाई पश्चात न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।

### परीक्षा फार्म भरने व चयन प्रक्रिया में शामिल होने की अनुमति

**जबलपुर,देशबन्धु**। मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व न्यायमूर्ति विवेक जैन की युगलपीठ ने याचिकाकर्ता को माध्यमिक शिक्षक भर्ती परीक्षा का फार्म भरने और चयन प्रक्रिया में शामिल होने की अनुमति की अंतरिम राहत प्रदान कर दी। हालांकि चयन विचाराधीन याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन रखे जाने और नियुक्ति आदेश न्यायालय की अनुमति के बिना जारी न किए जाने की व्यवस्था दी गई है। इसी के साथ राज्य शासन सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया गया है। दरअसल याचिकाकर्ता अधारताल जबलपुर निवासी सपना मेहर गढ़वाल की ओर से अधिवक्ता प्रवीण कुमार सेन ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता ने 24 फरवरी 2019 को माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा.2018 उत्तीर्ण कर ली थी। अब सरकार ने उच्चतम आयु सीमा 45 वर्ष कर दी गई है। कोरोना काल में नियुक्ति नहीं हुई, इस कारण अब याचिकाकर्ता की आयु बढ़ गई है। हाईकोर्ट ने उक्त आदेश के तहत अंतरिम राहत प्रदान कर दी।

### महिला अधिवक्ताओं ने पालना घर के लिए उठाई आवाज

#### स्टेट बार वाइस चेयरमैन व कोषाध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर,देशबन्धु**। हाईकोर्ट और जिला एवं सत्र न्यायालय जबलपुर में पैरवी करने वाली महिला अधिवक्ताओं के प्रतिनिधि मंडल ने एमपी स्टेट बार काउंसिल पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। इसके जरिए स्टेट बार के वाइस चेयरमैन आरके सिंह सैनी व कोषाध्यक्ष मनीष तिवारी ने पालन घर की सुविधा की दिशा में प्रयास किए जाने की मांग की गई।

दोनों ने भरोसा दिलाया कि इस सिलसिले में मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत व प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश आलोक अवस्थी ने चर्चा की जायेगी। जिन महिला अधिवक्ताओं के बच्चे छोटे हैं, वे पालनाघर में रहेंगे तो वे अपेक्षाकृत अधिक सहूलियत से पैरवी का कार्य कर सकेंगी। सैनी ने बताया कि वे इस सिलसिले में पूर्व में प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश अवस्थी ने विमर्श कर चुके हैं। लिहाजा उम्मीद है कि शीघ्र ही मांग पूरी होगी।

### घर में घुसकर चोरी करने वाले को छह माह की सजा

**जबलपुर,देशबन्धु**। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी की अदालत ने सूने घर में घुसकर चोरी करने के आरोपी अमन बिरहा को दोषी करार दिया है। अदालत ने आरोपी को छह माह के कारावास की सजा सुनाई है। अदालत के समक्ष एडीपीओं विशाल सिंह ने पक्ष रखा।

जिन्होंने बताया कि घमापुर थाना क्षेत्रातंर्गत समदडिया कालोनी निवासी दिनेश गुप्ता सपरिवार 4 सितंबर 2017 को सिंगरौली गये थे। मकान के निचले हिस्से में उनके छोटे भाई दीपक गुप्ता रात्रि में खाना खाकर सो गये। सुबह उठकर देखा तो दिनेश गुप्ता के बेडरूम की आलमारी का सामान बिखरा पड़ा था और कीमती जेवर व नगदी गायब थी। जांच उपरांत घमापुर पुलिस ने आरोपी अमन बिरहा को हिरासत में लिया था।

### शासकीय भूमि से हटाओं अतिक्रमण

#### हाईकोर्ट ने चार सप्ताह में कार्यवाही के दिये निर्देश

**जबलपुर,देशबन्धु**। मप्र हाईकोर्ट ने निवाड़ी जिले की पृथ्वीपुर तहसील के ग्राम मड़वा में चारागाह के लिये आरक्षित शासकीय भूमि पर अतिक्रमण के मामले को सख्ती से लिया। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने मामले का पटाक्षेप करते हुए पूर्व आदेश के पालन में चार सप्ताह में उक्त जमीन को अतिक्रमण मुक्त किये जाने के निर्देश अनावेदकों को दिये है। युगलपीठ ने कहा है कि यदि याचिकाकर्ता अनावेदकों के कार्यवाही से संतुष्ट नहीं होता है तो वह पुन- उचित फोरम में मामले को चुनौती दे सकता है।

यह जनहित का मामला निवाड़ी जिले की पृथ्वीपुर तहसील के ग्राम मड़वा निवासी कृषक छोटू यादव की ओर से दायर किया गया है। जिसमें कहा गया कि गांव में चारागाह के लिये शासकीय भूमि आरक्षित थी, जिस पर अनावेदक पिता राम ने कब्जा कर रखा है, अनावेदक ने घर व कृषि की भूमि कर पूरी जमीन पर अपना कब्जा जमाया हुआ है। जिसकी शिकायत पर तहसीलदार व एसडीओं ने पूर्व में बेदखली के आदेश जारी किए थे, इसके लिए बाकायदा टीम भी गठित की गई, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई और अनावेदक आज भी उक्त जमीन पर काबिज है। मामले में प्रमुख सचिव राजस्व, कलेक्टर निवाड़ी, एसडीओं व नायब तहसीलदार पृथ्वीपुर और अनावेदक पिता राम यादव को पक्षकार बनाया गया है। सुनवाई पश्चात न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।



## सड़क पर भरे पानी और कीचड़ से फिसल रहे दोपहिया वाहन चालक

**पनागर, देशबन्धु।** पनागर से जबलपुर मार्ग पर कंदराखेड़ा ग्राम के पास सड़क पर पानी भरा रहता है, वही सड़क किनारे कीचड़ और गंदगी भरी पड़ी है। मुख्यमार्ग में 6-6 फीट चौड़े गड्ढे में भरा कीचड़ एवं गंदगी सड़क पर निकलने वाले पैदल यात्री साइकिल सवार एवं चौपइयां गाड़ियों के लिए परेशानी का कारण बनती है, वही गाड़ियों का नुकसान भी होता है तो आम जनता को भी आर्थिक रूप से भी नुकसान उठाना पड़ता है। एक-एक माह बीत जाने के बाद भी इनमें सुधार नहीं आता जबकि इस मार्ग से उच्च अधिकारी भी हमेशा आना जाना होता है उनकी निगाहें भी यहां नहीं पड़ती जिससे संबंधित विभाग द्वारा ध्यान नहीं दिया जाता है।

जिला कलेक्टर से क्षेत्रीय नागरिकों की लोगों की अपेक्षा है कि शीघ्र ही इस मार्ग का सुधार कराया जाए जिससे आम जनता को मुसीबत का सामना एवं नुकसान न उठाना पड़े।

## परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन वाली छात्राओं का किया सम्मान

**सिहोरा, देशबन्धु।** लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा आयोजित 9 वीं एवं 11वीं की परीक्षाओं के परिणाम जारी कर दिए गए है, सोमवार को शासकीय यशोदा बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खितौला बाजार में प्राचार्य जे एल खांडे, परीक्षा प्रभारी संतोषी कोरी की उपस्थिति में 9 वीं, 11वीं के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। कक्षा 11वीं में 81 में से 81 छात्राओं ने सफलता प्राप्त की और शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम देकर विद्यालय को गौरांवित किया, इसी प्रकार कक्षा 9 वीं में 163 में से 100 छात्राओं ने सफलता हासिल की।



इस अवसर पर छात्राओं को सफलता हासिल करने पर विद्यालय की ओर से कक्षा 9 वीं की टॉपर छात्रा आरजू परवीन और 11वीं की टॉपर छात्रा मानसी कोल सहित दोनों कक्षाओं के विभिन्न सेक्शन और संकाय की छात्राओं का सम्मान प्राचार्य, कक्षा शिक्षकों द्वारा किया गया।

प्राचार्य जेएल खांडे, परीक्षा प्रभारी संतोषी कोरी और दीप्ति सिंह राजपूत ने छात्राओं की सफलता का श्रेय शिक्षक शिक्षिकाओं के नियमित और सुचारू अध्यापन को और छात्राओं की पढ़ाई के प्रति मेहनत, लगन को दिया। इस अवसर पर 9वीं की पूरक, असफल छात्राओं को सफलता के लिए निरन्तर अध्ययन जारी रखने कहा गया।

वहीं अपने परीक्षा परिणाम की पुनर्गणना की भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्राचार्य जेएल खांडे, परीक्षा प्रभारी संतोषी कोरी, ज्योति हल्दकार, माधुरी उर्मलिया, रानू पटेल, निधि तिवारी, शोभना राजपूत ,रणजीत राठौर, संगीता रैदास, सरिता सिंह, प्रिया कुशवाहा, रोशनी चौरसिया, अंजना खरे, अहसान उल अंसारी, एनके पटेल, जयप्रकाश तिवारी, अरविंद तिवारी, नसरीन प्रमोद तंतुवाय, प्रवीण, विजय बर्मन उपस्थित रहे।

## अग्निशमन से हो रही सड़कों की धुलाई

### अग्नि हादसों को छोड़ साफ सफाई में जुटा अमला


**पनागर, देशबन्धु।** पतझड़ एवं ग्रीष्म ऋतु के आते ही जहां एक ओर खेत खलिहानों समेत अनेक दुकानों एवं स्थानो में अग्नि हादसों की वारदातें रोजाना बढ़ रही है। वहीं दूसरी ओर इन सब बातों को दर्किनार कर नगर पालिका पनागर का अग्निशमन दल न जाने किसकी शह पर सड़कों की धुलाई एवं साफ़ सफाई करने में जुटा हुआ है। शनिवार और रविवार 2 दिनों में सभी नियम कानून को ताक पर रखकर बखूबी पनागर के वार्ड में साफ सफाई का काम नगर पालिका द्वारा तेजी के साथ किया जा रहा है।



बताया गया कि होली पर्व के दौरान सड़कों पर जो भी रंग फैला हुआ था। उसे झाड़ू से साफ करने की बजाय नगर पालिका प्रशासन ने सारे नियम कानून को किनारे कर बखूबी धुलाई के लिए अग्निशमन वाहन का भरपूर प्रयोग किया। नगर के अनेक वार्डों में बकायदा अति आवश्यक सेवा वाले इस वाहन और फायरफाइटर द्वारा कई गैलन पानी बर्बाद कर सड़कों की धुलाई की गई।

जानकारी चाहे जाने पर ना तो कोई लिखित आदेश की जानकारी दी गई और ना ही मौखिक आदेशों के बारे में भी बताया गया। न जाने आखिर किस अधिकारी या राजनीतिक व्यक्ति के आदेशों के चलते पानी का भरपूर दुरुपयोग कर अग्निशमन वाहन का भी प्रयोग किया गया। लोगों की माने तो यदि वाहन का दुरुपयोग जिस वक्त किया गया, यदि उस वक्त किसी खेत, खलिहान या स्थान में अग्नि हादसों जैसी घटनाएं घटती, तो फायर ब्रिगेड वहां पर तत्काल कैसे उपलब्ध हो पाती? और यदि कोई बड़ा अग्नि हादसा उसी दौरान होता तो आखिर उसका ठीकरा किसके ऊपर फोड़ा जाता। साथ ही दोषियों के ऊपर क्या कार्रवाई की जाती? अब इसका जवाब देने कोई तैयार नहीं हो रहा है।

## सार-समाचार



### श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान आयोजित

**शहपुरा/भिटोनी, देशबन्धु।** जैन पंचायत महासभा, जैन नवयुवक सभा, जैन महिला मंडल, जैन बालिका मंडल एवं सकल दिगम्बर जैन समाज शहपुरा द्वारा अष्टान्हिका महापर्व में प्रथम बार बगैर तैयारी, बगैर प्रतिष्ठाचार्य, बगैर संगीतकार, बगैर पुजारी के ऐसा विधान संपन्न हुआ, जिसमें भक्ति के भावों का विशुद्धि समावेश था। अद्भुत विशुद्ध भावनाओं के साथ आचार्य भगवन के आशीष तले एवं आर्यिका रत्न गुणमति माताजी के ससंघ सानिध्य में जिनसहस्त्रनाम विधान और हवन के साथ श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान सानंद संपन्न हुआ। शहपुरा जैन समाज के सभी साधर्मी बंधुजन, माताओं-बहनों ने विधान में अपनी सहभागिता देकर महान सातिशय पुण्य अर्जित किया। सभी के परस्पर सहयोग और सामंजस्य से बड़ा विधान सहजता से अतिशय भक्ति और प्रभावना के साथ संपन्न हुआ।

### नेता सुमन कुमार जैन प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त

**शहपुरा/भिटोनी, देशबन्धु।** कांग्रेस विचारधारा की अमिट छाप को जन-जन तक पहुंचने के लिए समर्पित कांग्रेस नेता सुमन कुमार जैन को राहुल गांधी विचार मंच की राष्ट्रीय कोर कमेटी ने मध्य प्रदेश शाखा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में नेता सुमन कुमार जैन को जिम्मेदारी सौंपे पर जाने सरदार दलवीर सिंह जस्सल राजकुमार जैन मामा, अतुल जोसेफ, राजेंद्र बंधु, नेकराम पटेल, अमित जैन, युवा शाकिर कुरैशी, हुर बी हाजी, हामिद खान, डॉक्टर अलीम मंसूरी, टीकाराम कोष्टा, संजय वर्मा, संजय जैन, राहुल जैन, प्रशांत जैन, संजय जैन प्रभु, सचिन जैन, निलेश जैन नीलू, आदित्य जैन पप्पू, अरविंद पांडा, सौरभ विश्वकर्मा, राजकमल, शाहिद भाईजान, सलीम खान सोनू, मोनू जयसवाल, रोहणी सिंह, राकेश पटेल, रामजी पटेल, लखन पटेल, उमाशकर अवधी, सुरेश रजक, जानी गुमास्ता, पंचम मिश्रा आदि ने कांग्रेस नेता सुमन कुमार जैन की नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। आशा व्यक्त की है कि कांग्रेस की विचारधारा संगठन को उनके नेतृत्व में और अधिक मजबूती बलवती प्रदान होगी।



### दूसरे जुमा की नमाज़ जामा मस्जिद में अदा की



**शहपुरा/भिटोनी, देशबन्धु।** पवित्र माह रमजान का दूसरे जुमा की नमाज़ सैकड़ों मुस्लिम समुदाय ने जामा मस्जिद शहपुरा में अदा की। साथ ही अमन शांति की दुआ की। मुस्लिम भाइयों ने भाईचारे का पैगाम देते होली के पर्व की बधाई दी। पुलिस कर्मियों को सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने पर यासीन बाबा, बबलू भाईजान, राशिद, आशिफ ताज, अमजद खान, मुस्ताक, जब्बू, जीशान, सोनू आदि ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### होली मिलन समारोह आयोजित

**सिहोरा, देशबन्धु।** भाईदूज के अवसर पर कायस्थ महासभा द्वारा श्री चित्रगुप्त मंदिर प्रांगण में होली मिलन समारोह एवं चित्रगुप्त पूजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के विधायक संतोष बरकड़े एवं कायस्थ महासभा के संरक्षक सत्यप्रकाश खरे द्वारा श्री चित्रगुप्त भगवान का पूजन अर्चन किया गया। समिति के सदस्यों द्वारा होली के गीतों का रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में कायस्थ महासभा के अध्यक्ष संदीप ब्यौहार, उपाध्यक्ष आलोक ब्यौहार, संतोष वर्मा, सचिव दीपक ब्यौहार, कोषाध्यक्ष अमित बक्शी, राहुल श्रीवास्तव, अनिल ब्यौहार, जितेंद्र श्रीवास्तव, नारायण खरे, बीरेंद्र खरे, प्रवीण व्यवहार, प्रदीप निगम, नितेश वर्मा, आशीष ब्यौहार, ओम नारायण श्रीवास्तव, मयंक खरे, संजय ब्यौहार, संतोष श्रीवास्तव सहित अन्य चित्रांश बंधुओं सराहनीय योगदान रहा।

## गरीबों के अनाज पर डाका: पात्रता पर्ची होने के बावजूद नहीं मिल रहा राशन

**पाटन, देशबन्धु।** निकाय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले वार्डो में राशन डीलर के द्वारा कालाबाजारी करने का मामला सामने आया है। इसका सत्तापक्ष के पार्षद और वार्डवासी भी लगातार विरोध कर रहे हैं, लेकिन सत्ता एवं शासन प्रशासन के संरक्षण की वजह से राशन डीलर पर कार्यवाही नहीं हो रही है, जिससे सेल्समैन के हौसले बुलंद हैं। राशन डीलर की कालाबाजारी से निकाय क्षेत्र के राशन हितग्राही परेशान हैं।

**ये है मामला**-निकाय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 01 से लेकर वार्ड क्रमांक 10 तक में रहने वाले राशन कार्ड धारिकों को नगर के पुराने बस स्टैंड पर स्थित शासकीय उचित मूल्य की दुकान, शिवशक्ति प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भंडार मर्या. पाटन प.क्र 936 एवं दुकान कोड नंबर 312001 के सेल्समैन अरविंद नामदेव संचालित करते है। बताया जाता है कि नगर में होने वाले प्रत्येक राजनैतिक एवं प्रशासनिक कार्यक्रमों में मंच साझा करते हुए उक्त सेल्समैन को देखा जा सकता है। सेल्समैन के द्वारा हर माह राशन देने के एक सप्ताह पहले ही पीओएस मशीन पर राशन कार्ड धारिकों से अगूठा लगवाने के बाद पर्ची तो नहीं दी जाती है, लेकिन एक दो दिन बाद कम राशन जरूर दे दिया जाता है।

पीड़ितों ने बताया कि अगूठा लगने के बाद हितग्राहियों के मोबाइल पर एसएमएस भी नहीं पहुंचते हैं। राशन दुकान से कार्ड-धारियों को हर माह के आखिरी हफ्ते में ही राशन मिलता है। पीड़ित हितग्राही बताते हैं कि किसी महीने में चावल मिलता है तो किसी महीने में गेहूं दिया जाता है। शक्कर, तेल, नमक तो देखने को भी नहीं मिलता है। यदि किसी कार्डधारी ने इसका सवाल जवाब या विरोध किया तो सेल्समैन के द्वारा कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी से बोलकर उसकी राशन पर्ची से नाम कटवाने की धमकी दी जाती है। जिसकी वजह से पीड़ित सेल्समैन की दबंगई से भयभीत है। जब लोगों ने अपनी आप बीती मीडिया को बताई तो जानकारी प्राप्त हुई कि नीले राशन कार्डधारी को 2 किलो गेहूं, 3 किलो चावल और एक किलो नामक प्रति व्यक्ति देने के निर्देश शासन ने दिए हैं, वही पीला राशन कार्ड धारी को 21 किलो चावल एवं 14 किलो गेहूं साथ ही 01 किलो शक्कर और 01 किलो नामक देने के निर्देश है। देशबन्धु की पड़ताल में खुलासा हुआ कि गरीबों के पेट का निवाला छीनकर बड़ी तादाद में इकट्ठा किए हुए अनाज की कालाबाजारी सेल्समैन अरविंद नामदेव कई वर्षों से करते चले आ रहे हैं।





### डीलर की दबंगई : खुलेआम बेच रहा गरीबों का राशन

ढेरों शिकायत होने के बावजूद जिम्मेदार विभाग की ओर से अभी तक कोई कार्रवाई नहीं होना कई सवाल खड़े कर रहा है। बीते दिनों राशन माफिया अरविंद के द्वारा गरीबों के पेट पर डाका डालकर दर्जनों क्विंटल इकट्ठा किया हुए अनाज को पचास किलो की सफेद बोरियो में तोल कर अपने मजदूरों से महज 30 मीटर की दूरी पर स्थित नगर की प्रतिष्ठित मज्जी सेठ की गल्ला दुकान पर भेजते हुए मजदूरों को देखा गया था। इससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस गोरख धधे में नामी गिरामी और ऊंचे रसूख वाले लोग शामिल हैं जिसकी वजह से ऊंचे पदों पर बैठे शासन प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी गरीबों का निवाला छीनने वाले राशन चोर की दहरी पर नतमस्तक है और चंद रुपयों की लालच में ऐसे राशन डीलर पर कोई कार्यवाही नहीं करते है वही जनता को धोखा देने के साथ साथ प्रदेश सरकार की छवि को भी धूमिल करने का काम कर रहे हैं। नाम न छापने की शर्त पर भाजपा नेता ने बताया कि हमारी ही पार्टी के कुछ नेता सहित कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी की मिलीभगत से ही यह कालाबाजारी राशन डीलर के द्वारा की जा रही है। जिसके एवज में मैडम के द्वारा सभी राशन डीलरो से मंथली वसूली की जाती है।

**इनका कहना** -वार्ड के लोगों को एक बार राशन लेने के लिए तीन से चार बार, लगभग तीन किलोमीटर पैदल चल कर राशन दुकान जाना पड़ता है। एक बार में गेहूं दूसरी बार में चावल हितग्राहियों को दिया जाता है। अरविंद नामदेव के द्वारा राशन देने के पहले ही हितग्राही से उनकी बस्ती में जाकर एक दिन पहले ही अंगूठा लगवा लिया जाता है और हितग्राहियों को पर्ची भी नहीं देते है और न ही उनके मोबाइल पर एसएमएस आते हैं। जिससे उनको पता ही नहीं चलता कि राशन वाले ने उनके नाम से कितना राशन निकला है। वार्ड वासियों ने बताया कि राशन डीलर के द्वारा हितग्राहियों को कम राशन दिया जा रहा है। जिसको लेकर मैने भी बात की तो डीलर ने बताया कि ऊपर से राशन कम आ रहा है।

**राजमणि प्रदीप पटेल,** पार्षद, सुभाष चंद बोस वार्ड क्रमांक एक

**इनका कहना** -जब इस संबंध में वार्ड पार्षद से बात की गई तो उन्होंने बताया कि वार्ड से लोगों की शिकायत आ रही है कि राशन डीलर के द्वार हितग्राहियों को कम राशन दिया जा रहा है। प्रत्येक हितग्राही को 5 किलो से लेकर 10 किलो तक राशन कम दिया जा रहा है। वही इनके द्वारा पहले अंगूठा लगवा कर बाद में राशन दिया जाता है मेरे वार्ड की नीतू विश्वकर्मा के अलावा और भी कई लोगों ने इसकी शिकायत 181 सीएम हेल्पलाइन पर भी की है।

**रंजीत गौंड, पार्षद,** सरदार वल्ल भाई पटेल वार्ड क्रमांक 2

**इनका कहना** -जब इस संबंध में वार्ड पार्षद से बात की गई तो उन्होंने बताया कि अरविंद नामदेव राशन डीलर के द्वार वार्ड नंबर 01 से लेकर वार्ड नंबर 10 के हितग्राहियों को राशन दिया जाता है।

मेरे वार्ड से उक्त दुकान लगभग 3.50 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है महिला,बुजुर्ग की परेशानी को देखते हुए पूर्व में मेरे द्वारा उक्त राशन दुकान को सेंटर में स्थान परिवर्तन करने का मौखिक निवेदन विधायक अजय विश्नोई जी से किया था वही जिला कलेक्टर एवं पाटन एसडीएम को लिखित आवेदन भी दिया था लेकिन आज दिनांक तक उक्त राशन दुकान का स्थान परिवर्तन नहीं हुआ जिससे वार्ड के लोगों को परेशानी हो रही है और यह दुकान नियम विरुद्ध भी चल रही है। कम राशन देने की भी शिकायत वार्डवासी कर रहे हैं। शासन प्रशासन को उक्त दुकान की जांच करना चाहिए।

**मंजू राघवेन्द्र यादव,** पार्षद, वार्ड क्रमांक 3

## बोलेरो से 7 लीटर शराब बरामद

**पाटन देशबन्धु।** पाटन थानांतर्गत शहपुरा कटंगी मार्ग पर 13 मार्च की शाम 7 बजे पाटन पुलिस ने बोलेरो एमपी 20 जेडपी 8750 में अवैध शराब लोड कर बेचने की फिराक में जा रहे वाहन को पकड़कर थाने लाया। थाने से मिली जानकारी के मुताबिक उक्त वाहन में 7 बंटल अंग्रेजी शराब जो पुलिस के द्वारा 45 लीटर एवं शराब की कीमत 40800 बताई जा रही है वही पुलिस ने अनंत राम पटेल को आरोपी बनाकर मामला दर्ज किया है। अब सवाल यह उठता है कि जप्त बोलेरो वाहन में लगभग 25 से 30 कार्टून अवैध शराब वाहन की डिक्की एवं बीच वाली सीट पर लोड थे, जिसको वाहन के कांच में से साफ साफ देखा जा सकता था।

मीडिया के द्वारा इसका वीडियो एवं तस्वीर भी पुलिस अधीक्षक महोदय को सोशल मीडिया के माध्यम से उसी समय शेयर की गई थी। वही सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यह वाहन पाटन देशी शराब ठेकेदार मंजीत भाटिया का बताया जा रहा है और ठेके का मैनेजर अर्जुन सिंह के द्वारा उक्त शराब गांव गांव खुली अवैध शराब की दुकानों पर भेजना था। उसी दौरान किसी ग्रामीण से अर्जुन सिंह का इसको लेकर विवाद हुआ और उक्त व्यक्ति ने अर्जुन सिंह को दो तीन थप्पड़ जड़ते हुए पुलिस को सूचना देकर वाहन को जप्त कराया था। अब सवाल यह उठता है कि बोलेरो में लोड 25 से 30 कार्टून शराब को कम बताकर मामला दर्ज करने में पाटन पुलिस को क्या लाभ होगा। वही पुलिस अधीक्षक भी इस मामले की छान बीन करे।

## भगवान विष्णु ने श्रीकृष्ण के रूप में लिया अवतार

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** कथा व्यास पौराणिक राघवेंद्र त्रिपाठी के सानिध्य में बड़े ही हर्षोल्लास व श्रीकृष्ण जन्म को पात्र अभिनय की प्रस्तुति ने जीवंत बना दिया। ग्राम गांधीग्राम बाजार वार्ड में में आयोजित संगीतमय साप्ताहिक श्रीमद्भागवत कथा में वासुदेवजी के पात्र ने पीले वस्त्र धारण कर टोकनी में नन्हे बालक को श्रीकृष्ण के रूप में रखकर जब दर्शकों के बीच कथा पंडाल से निकले तो श्रोताओं का जनसमूह नन्हे श्रीकृष्ण के चरण छूने बेताब हो गये।इस बीच कथा वाचक राघवेन्द्र त्रिपाठी ने बालकृष्ण पात्र को गोद में उठाकर मंच से ही सबको भगवान श्रीकृष्ण स्वरूप के दर्शन करा दिए।



श्रीमदभागवत कथा प्रवचन में पंडित त्रिपाठी ने कहा की कंश के अत्याचार से तीनों लोक त्राहि-त्राहि कर उठे तो भगवान विष्णु ने श्रीकृष्ण के रूप में अवतार लिया।कंस अपनी बहन देवकी की शादी वासुदेव से धूमधाम से कराने के बाद जब उन्हें छोड़ने जा रहा था तभी भविष्यवाणी सुनकर उसकी सारी खुशी काफूर हो गई ,उसने वासुदेव के अनुनय-विनय के बाद दोनों को कारागार में डाल दिया और एक-एक कर उनके छह बच्चों को मौत के घाट उतार दिया। जब भगवान कृष्ण ने आधी रात को अवतार लिया तो सारे पहरेदार गहरी निद्रा में सोए हुए थे और हथकड़ियां व कारागार के ताले अपने आप खुल गए। वासुदेव कृष्ण को टोकरी में रखकर गोकुल में छोड़ आए और वहां से माया रूपी बालिका को अपने साथ ले आए, इधर जब कंश बच्चे के रोने की आवाज सुना तो कारागार की तरफ दौड़ पड़ा उनके हाथों से छीनकर जैसे ही उसने माया को जमीन पर पटकने का प्रयास किया तो वह उसके हाथ से छूटकर आकाश में चली गई और कहा की तुझे मारने वाला गोकुल में जन्म ले चुका है।

इस अवसर पर व्यासपीठ का पूजन करने के लिए पूर्व जनपद अध्यक्ष व राम जानकी मन्दिर गांधीग्राम के अध्यक्ष प्रताप सिंह बघेल , पुष्पराज सिंह बघेल, भाजयुमो जिला अध्यक्ष राजमणि सिंह बघेल ने व्यास पीठ का पूजन किया और पौराणिक राघवेंद्र त्रिपाठी का क्रमशः मां नर्मदा की फोटो, शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया।

## बिजली की आंख-मिचौली से ग्रामीण परेशान

### पानी को तरसे ग्रामीण

**पाटन देशबंधु।** त्योहारों के मौके पर ग्रामीण इलाकों में सुबह 6 बजे से लेकर 10 बजे तक लाईट बंद होने की वजह से ग्रामीणों को पानी तक नसीब नहीं हुआ। बताया जा रहा है कि रविवार को कटरा बेलखेड़ा फीडर से बजरंग गढ़, कुंवरपुर फीडर की बिजली गुल होने से लोगों को सुबह पानी के लिए लाइट का कई घंटे इंतजार करना पड़ा।

जाहिर सी बात है कि ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकतर घरों से हैंडपम्प गायब हो चुके है और उनके स्थान पर जेट पम्प लगा दिए गए है जिनको चलाने के लिए बिजली की जरूरत पड़ती है। वही लाईट नहीं होने से सुबह के जरूरी कार्य ग्रामीणों के रुक जाते है। जिस वजह से लोगों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है। गांव के प्रेम सिंह, वीरेंद्र सिंह,अजय सिंह,प्रकाश सिंह ने बताया कि अटल ज्योति बिजली जो शासन के निर्देशानुसार 24 घंटे विद्युत सप्लाई का आदेश है। शासन के निर्देशों को ठेंगा दिखाते हुए बिजली विभाग के जिम्मेदार अफसर आए दिन ग्रामीण क्षेत्रों की बिजली बंद करते रहते हैं। गांव के ही रामकुमार बताते है कि बिजली विभाग के द्वारा बगैर सूचना के बिजली बंद होने से ग्रामीणों को काफी परेशानी होती है जब इस संबंध में मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड उप संभाग में पदस्थ जेई एवं एई तथा कार्यपालन अभियंता को कॉल किया गया लेकिन जिम्मेदारों ने कॉल रिसीव ही नहीं किया।

## वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग न करें, अपील

**पाटन देशबन्धु।** जिले से लेकर प्रदेश स्तर पर पाटन पुलिस की कारगुज़ारियों के लिए जाना जाता है। थाना क्षेत्र से चोरी गई दर्जनों मोटर साइकिल चोरी का खुलासा हो या फिर एक्सीडेंट होने पर घटना घटित करने वाले वाहन को बदलकर कोई अन्य वाहन पर मामला बनाने की बात हो या फिर जुआं सट्टा खिलाने वालो को संरक्षण देने की बात हो या फिर रेत मुरम के अवैध उत्खनन करने वालों से पुलिस का याराना किसी से छुपा नहीं है। आज हम बात कर रहे हैं हमारी जाबाज पाटन पुलिस लोगो से अपील करती दिख रही हैं कि वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग करें। नगर में कई स्थानों पर पाटन पुलिस के द्वारा स्टॉपर रखे गए है जिनमें लिखा है कि वाहन चलाते समय मोबाइल उपयोग न करें।

## नृत्य गोपालजी रंग पंचमी पर खेलेंगे फूलों की होली

**पाटन, देशबन्धु।** नृत्य गोपाल मंदिर लोक न्यास की 30 वर्षीय परम्परा अनुसार भगवान नृत्य गोपाल जी अपने भक्तों के साथ 19 मार्च 2025 दिन बुधवार को रंग पंचमी के अवसर पर फूलों की होली खेलेंगे। प्रथम चरण में लोक गन्धर्व रूद्र दत्त दुबे,आकाशवाणी कलाकार सौम्या त्रिपाठी,सुखचैन विश्वकर्मा आदि.भक्तिमय होली गीतों प्रस्तुत करेंगे। शाम 6 बजे से मंदिर सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थिति का अनुरोध सर्वराहकार रणधीर सिंह ठाकुर,न्यासी राघवेंद्र शुक्ल,आचार्य जगेन्द्र सिंह के साथ एच एन कुररिया आदि ने किया है।

## ट्रेन हाईजैक हुई तो टूटी पाकिस्तान की नींद, आतंकियों पर कर रहा बड़े ऐक्शन की तैयारी

**इस्लामाबाद।** प्रधानमंत्री शरीफ और सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर इस बैठक में शामिल होंगे। इस बीच, अखबार ने बताया कि सरकार प्रांत में बढ़ते आतंकवादी हमलों में शामिल बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) और अन्य आतंकवादी समूहों के खिलाफ बड़े पैमाने पर अभियान की योजना बना रही है पाकिस्तान की नेशनल असेंबली के स्पीकर अयाज सादिक ने राष्ट्रीय सुरक्षा पर संसदीय समिति की बैठक बुलाई है। यह बैठक मंगलवार को बंद कमरे में होगी। पाकिस्तान के बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा प्रांतों में हाल में आतंकवादी हमलों में वृद्धि के बीच यह बैठक काफी अहम मानी जा रही है पाकिस्तान के दैनिक समाचारपत्र 'डॉन' की रिपोर्ट के मुताबिक, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने नेशनल असेंबली के स्पीकर से मंगलवार को अपराह्न 1:30 बजे संसद भवन में यह सुरक्षा बैठक बुलाने को कहा है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) द्वारा जारी एक बयान के अनुसार पाकिस्तानी सेना के शीर्ष अधिकारी इस बैठक में संसदीय समिति को मौजूदा सुरक्षा स्थिति पर व्यापक जानकारी देंगे।

### क्या है डोनाल्ड ट्रंप की बनाई ऑरेंज लिस्ट

# पाकिस्तान के साथ रूस का भी आया नाम

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दुनिया के कुल 43 देशों पर ट्रैवल बैन लगाने की तैयारी में है। इन देशों में अफगानिस्तान, पाकिस्तान, रूस समेत कई बड़े मुल्क शामिल हैं।



न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार इन देशों को तीन सूचियों में विभाजित किया गया है। ये लिस्ट हैं– रेड, ऑरेंज और येलो। इनमें से रेड लिस्ट वाले देशों का मतलब है कि उनके यहां के लोगों की अमेरिका में एंट्री पर पूरी तरह से पाबंदी रहेगी। भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान को ऑरेंज लिस्ट में शामिल किया गया है। इसके अलावा रूस भी इसी सूची में है। इस लिस्ट में कुल 10 देश शामिल हैं, जिनके नागरिकों को आंशिक पाबंदियां झेलनी होंगी। दरअसल प्रभावी लोगों और बिजनेस से जुड़े मामलों के लिए आने वालों को एंट्री मिलेगी। वहीं प्रवासियों और पर्यटकों की एंट्री पर पाबंदियां रहेंगी।

**क्या है ऑरेंज और रेड लिस्ट का मतलब–** इसके अलावा नागरिकों को एंट्री से पहले व्यक्तिगत साक्षात्कार से गुजरना होगा। पाकिस्तान और रूस के अलावा म्यांमार, बेलारूस, हैती, लाओस, एरिट्री, सिएरा लियोन, दक्षिण सूडान और तुर्कमेनिस्तान भी इस नारंगी लिस्ट का हिस्सा हैं। वहीं 10 देशों को रेड लिस्ट में रखा गया है। इसमें शामिल देशों के नागरिकों की अमेरिका में एंट्री पर पूरी तरह से रोक रहेगी। इन देशों में अफगानिस्तान और भूटान भी शामिल हैं, जो भारत के पड़ोसी मुल्क हैं। रेड लिस्ट में शामिल अन्य देशों में क्यूबा, ईरान, लीबिया, उत्तर कोरिया, सोमालिया, सूडान, सीरिया, वेनेजुएला और यमन शामिल हैं। वहीं 22 देशों को शामिल करते हुए एक येलो लिस्ट का भी ड्राफ्ट तैयार हुआ है। इसमें शामिल देशों को बताया जाएगा कि वे किन खामियों को दूर कर लें तो पाबंदियों से बच सकते हैं।

### *किन देशों को रखा गया येलो लिस्ट में, बचाव का तरीका भी बताया*

*यदि 60 दिनों की टाइम लिमिट के बीच भी वे खामियों को दूर नहीं कर सके तो फिर पाबंदियां झेलनी होंगी। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार येलो लिस्ट में शामिल देशों से समय–समय पर पूछा जाएगा कि कौन से यात्री आ रहे हैं। पासपोर्ट जारी करने में कोई गड़बड़ी तो नहीं है। यदि इन खामियों को वे दूर कर लेंगे तो उनके नागरिकों को अमेरिका प्रवेश की अनुमति मिलेगी अन्यथा नहीं। इस सूची में अंगोला, एंटीगुआ और बारबुडा शामिल हैं। इसके अलावा कंबोडिया, कैमरूम, चाड, कॉन्गो, माली, लाइबेरिया, वानुआतू, जिम्बाब्वे आदि देश शामिल हैं। यह दूसरी बार है, जब डोनाल्ड ट्रंप ट्रैवल बैन लगाने वाले हैं। इससे पहले उन्होंने अपने पहले कार्यकाल में मुस्लिम बहुल 7 देशों के लोगों की एंट्री पर बैन लगाया था। इन देशों में ईरान, इराक, लीबिया, सोमालिया, सूडान, सीरिया और यमन शामिल थे।*

## पाकिस्तानी महिला ने बॉर्डर पार कर राजस्थान में की एंट्री, पकड़े जाने पर लौटने से किया इनकार

**जयपुर, (आईएएनएस)।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने सोमवार को एक पाकिस्तानी महिला को हिरासत में लिया। यह महिला बलूचिस्तान की रहने वाली है और अवैध रूप से भारत–पाकिस्तान सीमा पार कर राजस्थान में घुस आई थी। अधिकारियों ने बताया कि महिला को सुबह श्रीगंगानगर जिले के अनूपगढ़ में विजेता चौकी से गिरफ्तार किया गया। महिला ने पाकिस्तान लौटने से साफ इनकार कर दिया है और दावा किया है कि उसके वापस लौटने पर उसकी जान को खतरा होगा। अधिकारियों के अनुसार, महिला सुबह करीब 5.30 बजे कांटेदार तार की बाड़ पार कर भारतीय क्षेत्र में प्रवेश कर गई। विजेता चौकी पर तैनात बीएसएफ जवानों ने तुरंत उसे हिरासत में ले लिया। शुरुआती पूछताछ के दौरान उसने भारत में शरण लेने की इच्छा जताई और कहा कि यदि उसे वापस भेजा गया तो उसकी जान को खतरा हो सकता है। हिरासत में ली गई महिला ने खुद को हुमारा (33) बताया है, जो बलूचिस्तान के केच जिले के दगरी खान गांव की रहने वाली है। उसने यह भी बताया कि उसके पति का नाम वसीम है और उसके माता–पिता मूल रूप से कराची के रहने वाले हैं। सुरक्षाकर्मियों ने उसके पास से एक मोबाइल फोन और आभूषण बरामद किए हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा एजेंसियां मामले की गहन जांच कर रही हैं। अधिकारी यह पता लगाने का प्रयास कर रहे हैं कि महिला ने सीमा पार क्यों की और क्या उसका किसी संदिग्ध संगठन से संबंध है। बीएसएफ अधिकारियों ने पुष्टि की कि उसे भारतीय क्षेत्र में 50 मीटर अंदर से पकड़ा गया।

### आज का इतिहास

1801 – भारत में पहले आयुध निर्माण कारखाने की स्थापना हुई।
1910 – स्वतंत्रता सेनानी गोपाल कृष्ण गोखले ने मुफ्त और अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा प्रावधान के लिए ब्रिटिश विधान परिषद के समक्ष प्रस्ताव रखा।
1920– ग्रीस ने ग्रेगोरीयन कैलेंडर का उपयोग करना आरम्भ किया।
1922 – महात्मा गांधी को अदालत ने सविनय अवज्ञा आंदोलन के बाद राजद्रोह मामले में छह साल की सजा सुनायी।
1938 – बॉलीवुड अभिनेता शशि कपूर का जन्म।
1940 – इटली के तानाशाह बेनिटो मुसोलिनी ने इंग्लैंड और फ्रांस के खिलाफ जर्मनी का साथ दिया।
1944 – नेताजी सुभाष चंद्र बोस के नेतृत्व में आजाद हिंद फौज बर्मा की सीमा पार कर भारत में घुसी।
1965 – सोवियत संघ के अंतरिक्ष यात्री एलेक्सी लियोनोव ने पहली बार अंतरिक्ष में चहलकदमी की।
1966 – इंडोनेशिया में जनरल सुहार्तो ने सरकार बनायी।
1971 – पेरू में भूस्खलन से 200 लोगों की मौत।

### सुडोकू 6855

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | | | | | | | 1 |
| | | 4 | | | 3 | | | 5 |
| | | 3 | 5 | | | 2 | 6 | |
| | | | | | 2 | 9 | 4 | |
| | | | 8 | 4 | 7 | | | |
| | 8 | 6 | 3 | | | | | |
| | 2 | 5 | | | 8 | 1 | | |
| 6 | | | 7 | | | 5 | | |
| 1 | | | | | | | | 6 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## पुतिन से बात करेंगे ट्रंप, क्या रुकने वाला है रूस-यूक्रेन युद्ध ?

**वाशिंगटन, (आईएएनएस)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह मंगलवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बात करेंगे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ट्रंप ने फ्लोरिडा से वाशिंगटन की देर रात की फ्लाइट के दौरान एयर फोर्स वन पर मीडिया से कहा, हम देखना चाहते हैं कि क्या हम युद्ध को समाप्त कर सकते हैं। शायद हम कर सकते हैं, शायद हम नहीं भी कर सकते, लेकिन मुझे लगता है कि हमारे पास बहुत अच्छा मौका है। इससे पहले क्रेमलिन ने शुक्रवार को कहा कि पुतिन ने अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ के जरिए ट्रंप को उनकी युद्ध विराम योजना के बारे में एक संदेश भेजा और सतर्क आशावाद व्यक्त किया कि तीन साल से चल रहे संघर्ष को समाप्त करने के लिए एक समझौते पर पहुंचा जा सकता है। अमेरिका में अलग–अलग संडे शो के दौरान विटकॉफ, विदेश मंत्री मार्को रुबियो और ट्रंप के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइक वाल्ट्ज ने इस बात पर जोर दिया कि रूस के युद्ध विराम पर सहमत होने से पहले कई चुनौतियों का समाधान किया जाना बाकी है, युद्ध का अंतिम शांतिपूर्ण समाधान दूर की बात है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें रूसी युद्ध को समाप्त करने का एक अच्छा मौका दिखाई दे रहा है। कीव की ओर से 30–दिवसीय अंतरिम युद्धविराम के अमेरिकी प्रस्ताव को स्वीकार करने के बाद उनका यह बयान आया। हालांकि, जेलेंस्की ने लगातार कहा है कि उनके देश की संप्रभुता पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता है और रूस को उस क्षेत्र को सौंपना चाहिए जिसे उसने जब्त किया है। रूस ने 2014 में क्रीमिया प्रायद्वीप पर कब्जा कर लिया था और अब 2022 में देश पर आक्रमण करने के बाद से चार पूर्वी यूक्रेनी क्षेत्रों पर उसका नियंत्रण है।

## सुनीता विलियम्स मंगलवार पृथ्वी पर वापस आएंगी

**न्यूयॉर्क, (आईएएनएस)।** अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर नौ महीने से फंसे दो अमेरिकी अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर नासा ने पुष्टि की है कि वे मंगलवार की शाम पृथ्वी पर लौट आएंगे। बुच विल्मोर और सुनीता विलियम्स एक अन्य अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री और एक रूसी कॉस्मोनॉट के साथ स्पेसएक्स क्रू ड्रैगन यान से वापस आएंगे, जो रविवार सुबह आईएसएस पर पहुंचा था। नासा ने रविवार शाम को कहा कि इन अंतरिक्ष यात्रियों की वापसी मंगलवार को फ्लोरिडा तट पर समुद्र में उतरने का समय शाम 5:57 बजे (भारतीय समयानुसार 19 मार्च की सुबह 3:30 बजे) होगी। पहले यह वापसी बुधवार से पहले नहीं होने जा रही थी। विल्मोर और विलियम्स जून 2023 से आईएसएस पर हैं। वे बोइंग स्टारलाइनर यान के पहले मानवयुक्त परीक्षण उड़ान में गए थे, लेकिन उसमें तकनीकी खराबी आ गई, जिससे वह सुरक्षित वापसी के लिए अनुपयुक्त हो गया। नासा ने बताया कि इस वापसी का समय इस तरह तय किया गया है कि आईएसएस के दल अपना काम पूरा करने का समय मिल जाए और साथ ही सप्ताह के अंत में खराब मौसम की आशंका को देखते हुए लचीलापन बना रहे। नासा ने कहा है कि वो स्पेसएक्स क्रू–9 के अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से धरती पर लौटने का सीधा प्रसारण करेगा। ये प्रसारण 17 मार्च की रात 10:45 बजे (अमेरिका के समय के अनुसार) से शुरू होगा। भारत में ये समय लगभग 18 मार्च की सुबह 8– 30 बजे होगा नासा के अंतरिक्ष यात्री निक हेग और रोस्कोस्मोस के अंतरिक्ष यात्री अलेक्जेंडर गोरबुनोव भी ड्रैगन कैप्सूल में वापस आएंगे।

# अपनी तारीफ सुन गदगद हुए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप, पीएम मोदी के पॉडकास्ट को किया शेयर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हाल ही में कंप्यूटर साइंटिस्ट और पॉडकास्टर लेक्स फ्रिडमैन के साथ एक पॉडकास्ट में नजर आए। इस दौरान पीएम मोदी ने अपनी निजी जिंदगी से लेकर अपने राजनीतिक सफर और भारत के साथ अमेरिका, पाकिस्तान और चीन जैसे देशों के संबंध पर भी बातचीत की। रविवार को ऑन एयर होने के बाद से ही यह पॉडकास्ट सुर्खियों में है। अब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर इस पॉडकास्ट को शेयर किया है। सोमवार को एक पोस्ट में ट्रंप ने पीएम मोदी के पॉडकास्ट का लिंक शेयर किया। दरअसल इस इंटरव्यू में प्रधानमंत्री ट्रंप की तारीफों के पुल बांधते भी नजर आए थे।

इंटरव्यू के दौरान वॉशिंगटन दौरे और अमेरिकी राष्ट्रपति से मुलाकात को लेकर किए गए सवाल के जवाब में पीएम मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अपने देश के प्रति अटूट समर्पण की जमकर तारीफ की। पीएम मोदी ने ह्यूस्टन में हाउडी मोदी कार्यक्रम को याद करते हुए कहा, हमारा एक कार्यक्रम था, हाउडी मोदी।



राष्ट्रपति ट्रंप और मैं दोनों वहां थे और स्टेडियम पूरी तरह से भरा हुआ था। एक राजनीतिक रैली के लिए इस तरह का नजारा असाधारण था। हम दोनों ने भाषण दिए और वे नीचे बैठकर मेरी बात सुनते रहे। यह उनकी विनम्रता है कि जब मैं मंच से बोल रहा था, तब अमेरिका के राष्ट्रपति दर्शक दीर्घा में बैठे थे।

**दिल को छू लेने वाला पल–** पीएम मोदी ने याद कर बताया कि इस कार्यक्रम के बाद उन्होंने ट्रंप से स्टेडियम का एक चक्कर लगाने का सुझाव दिया और सख्त सुरक्षा प्रोटोकॉल के बावजूद ट्रंप ने इसके लिए हामी भर दी। पीएम मोदी ने बताया, मैंने उनसे कहा कि अगर आपको कोई आपत्ति न हो, तो क्यों न हम स्टेडियम का एक चक्कर लगा लें? यहां बहुत सारे लोग हैं। उनका अभिवादन करें। अमेरिका में राष्ट्रपति के लिए हजारों की भीड़ में चलना लगभग असंभव है, लेकिन बिना एक पल की भी हिचकिचाहट के वह सहमत हो गए और मेरे साथ चलने लगे। पीएम मोदी ने इस पल को दिल को छू लेने वाला बताया।

**पीएम मोदी ने बताई समानताएं–** वहीं पीएम मोदी ने ट्रंप पर हुए जानलेवा हमले के बाद भी हिम्मत दिखाने के लिए भी उनकी तारीफ की। प्रधानमंत्री ने कहा, जब हाल ही में चुनाव प्रचार के दौरान उन्हें गोली लगी थी, तो मैंने उसी दृढ़ निश्चयी और संकल्पित राष्ट्रपति ट्रंप को देखा जो उस स्टेडियम में मेरे साथ हाथ में हाथ डालकर चल रहे थे। गोली लगने के बाद भी वे अमेरिका के प्रति अडिग रहे। उनका जीवन उनके राष्ट्र के लिए था। उन्होंने ट्रंप की अमेरिका फर्स्ट विचारधारा और उनकी भारत फर्स्ट दृष्टिकोण के बीच समानताएं भी बताईं। पीएम मोदी ने कहा, उनके प्रतिबिंब ने उनकी अमेरिका फर्स्ट भावना को दिखाया, ठीक वैसे ही जैसे मैं नेशन फर्स्ट में विश्वास करता हूं।


# अमेरिका से बाहर मत ही निकलना लोगों को दी जा रही सलाह, अब क्या करने वाले हैं ट्रंप?

**वाशिंगटन।** दुनिया के सभी देशों से आए अवैध प्रवासियों के खिलाफ सख्ती दिखाने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अब अपने एक और फैसले से दुनियाभर में सनसनी मचा सकते हैं। ट्रंप आने वाले दिनों में लगभग 40 देशों के लोगों की अमेरिका में एंट्री पर रोक लगा सकते हैं। ट्रंप के इस प्रस्तावित आदेश को लेकर कयास लगाने शुरू हो गए हैं। जानकारी के मुताबिक ट्रंप ने इसके लिए 43 देशों की एक इस लिस्ट तैयार की है जिसमें पाकिस्तान, अफगानिस्तान, उत्तर कोरिया, सूडान, ईरान और सीरिया जैसे देशों के नाम शामिल है। हालांकि भारत का नाम इस लिस्ट में नहीं है, पर अमेरिका में रहने वाले लोगों को इस फैसले के लागू होने से पहले सावधान रहने की सलाह दी जा रही है।



खबरों के मुताबिक अमेरिकी इमिग्रेशन ऑथोरिटी लोगों को विदेश यात्रा न करने की सलाह दे रहे हैं। ऑथोरिटी ॥–1 बी वीजा होल्डर्स और उनके परिवार से लेकर अंतर्राष्ट्रीय छात्र या ग्रीन कार्ड होल्डर्स को भी अमेरिका से बाहर ना जाने की हिदायतें दे रहे हैं। इसके पीछे कई कारण बताए जा रहे हैं। इन वजहों में भारत जैसे देशों में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास में मुहर लगाने में देरी, एयरपोर्ट पर कड़ी जांच और लंबी पूछताछ की प्रक्रिया शामिल है। यहां तक कि अमेरिका वापस लौटने पर हवाई अड्डों पर लोगों को हिरासत में लेने के मामले भी सामने आए हैं। सिएटल स्थित इमिग्रेशन ऑफिसर कृपा उपाध्याय ने टाइम्स ऑफ इंडिया को बताया, यह भले ही बेरहमी लगे, लेकिन विदेशी नागरिकों, खासकर जिन्हें ॥–1क्ष या स्न–1 वीजा टिकटों को अपडेट की जरूरत है, उन्हें अभी अमेरिका छोड़ने के बारे में दो बार सोचना चाहिए। वहीं अमेरिकी विदेश विभाग ने बताया है कि पहले जांच प्रक्रिया के दौरान इंटरव्यू में छूट हासिल कर सकते थे। हालांकि संशोधित नियमों के तहत यह मुश्किल हो गया है। इसी तरह एफ –1 वीजा वाले अंतर्राष्ट्रीय छात्र जिन्हें ॥–1बी की जरूरत है, उन्हें इटरव्यू स्लॉट के लिए इंतजार करना होगा। एनपीजेड लॉ ग्रुप के मैनेजिंग अटॉर्नी स्नेहल बत्रा ने बताया,वीजा अपॉइंटमेंट उपलब्धता में देरी चिंता का विषय है।

### वर्ग पहेली 6855



**बायें से दायें:–**
१. जिसके हाथ में चक्र हो, विष्णु
३. सर्वविदित (उर्दू)
५. आलिंगन, अंकपाश (उर्दू)
६. माथा, ललाट
७. नुकसानदेह
९. निंदित, बेइज्जत (उर्दू)
१०. टालमटोल
१२. सूर्य
१३. घुंघरू
१४. अन्यमनस्यक
१६. 'टेंशन' खिंचाव
१८. श्रीराम के श्वसुर का नाम
२०. बंधक, रेहन (उर्दू)
२१. समान दरजे का
२३. लेनापति

**ऊपर से नीचे:–**
१. आलोकित होना, चौंकना
२. उद्धार होना, मुक्ति पाना (मुहावरा)
३. प्रसन्नचित्त (उर्दू)
४. भय, दहशत
५. अग्निकांड (उर्दू)
८. 'मेंटनेंस' देखरेख
१०. उपन्यास, कहानी
११. हसरत
१२. हिंदुस्तान
१३. नया, नवीन
१४. पत्नी
१५. बजरंगबली
१७. अनीश्वरवादी
१८. सूचित करना
१९. टीस
२२. नुकसानदेह

### वर्ग पहेली–6854



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

चिंता | *जम्मू-कश्मीर में हाल ही में तीन नागरिकों की हत्या के बाद सुरक्षा संबंधी चिंताएं बढ़ीं*

# काजीगुंड से लापता तीन दोस्तों में से दो के शव मिले, तीसरा लापता

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, (देशबन्धु)।** कठुआ जिले से जो दो नाबालिग लड़के लापता हुए थे दोनों मिल गए हैं। हालांकि वे दावा करते हैं कि उन्हें अपहृत किया गया था जिसकी पुलिस जांच कर रही है पर काजीगुंड से लापता हुए तीन दोस्तों में से अभी तक एक नहीं मिला है

जबकि दो के शव मिल गए हैं। तीनों राजौरी के रहने वाले थे और काजीगुंड में मजदूर के रूप में काम करते थे। तीनों 13 फरवरी को एक रिश्तेदार के घर समारोह में शामिल होने के लिए अश्मुजी, कुलगाम के लिए निकले थे।

हालांकि, वे अपने गंतव्य तक पहुंचने से पहले ही लापता हो गए। लापता होने के बाद से उनके फोन बंद हैं। लापता तीनों लोगों का पता लगाने के लिए कुलगाम पुलिस, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ ने तलाशी अभियान शुरू किया। अब तक दो शव बरामद किए जा चुके हैं, जबकि तीसरे लापता युवक की तलाश जारी है। पुलिस ने बताया कि जम्मू–कश्मीर पुलिस ने दो नाबालिग लड़कों को खोज निकाला है, जो एक पखवाड़े पहले कठुआ जिले के राजबाग से लापता हो गए थे। यह घटना उस समय हुई है जब क्षेत्र में हाल ही में तीन नागरिकों की हत्या के बाद सुरक्षा संबंधी चिंताएं बढ़ गई हैं। पुलिस ने कहा कि 12 और 15 साल के लड़के जाहिर तौर पर काम की तलाश में पंजाब गए थे, लेकिन वे अपने ठिकाने के बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं दे पाए।



■ रिश्तेदार पिछले एक महीने से कर रहे थे तलाश

हालांकि, उनमें से एक ने पत्रकारों को बताया कि उन्हें हरदोई मुथी गांव से काले रंग के वाहन में सवार लोगों ने अगवा कर लिया था, एक घर में ले गए और उन्हें खाना खिलाया।

कुछ दिनों बाद, वे कथित तौर पर बस और ट्रेन में सवार हुए और फिर क्रांडी पहुंचे। लड़के 27 फरवरी को भंबरवान बकरी फार्म के पास मवेशी चराते समय लापता हो गए थे। उनके परिवारों ने पुलिस को सूचित किया, जिसके बाद पंजाब और पड़ोसी इलाकों में कई टीमों को भेजकर व्यापक तलाशी अभियान चलाया गया। जम्मू, सांबा और कठुआ रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक शिव कुमार शर्मा ने व्यक्तिगत रूप से उनके परिवारों से मुलाकात की और खोज में सहायता के लिए उनकी तस्वीरें प्रसारित करने का निर्देश दिया। राजबाग स्टेशन हाउस ऑफिसर अजय सिंह चिब ने पुष्टि की कि लड़के राजबाग के एक खेत में पाए गए और अपने परिवारों से मिल गए। दोनों ने दावा किया कि एक व्यक्ति उन्हें पठानकोट ले गया था, कुछ दिनों तक उन्हें खाना खिलाया और बाद में उन्हें बेहोश करके खेत में छोड़ दिया। पुलिस इन दावों की जांच कर रही है।

इस बीच पुलिस ने रविवार को एक और गुज्जर युवक का शव बरामद किया, जो पिछले महीने दक्षिण कश्मीर के इस जिले में दो अन्य लोगों के साथ लापता हो गया था।

# खेल जगत

## टीम बदलाव के दौर से निपटने में सक्षम: मेहदी हसन

**ढाका,** 17 मार्च (एजेंसियां)। बांग्लादेश के दाएं हाथ के बल्लेबाज मेहदी हसन मिराज का मानना है कि टीम में पर्याप्त अनुभवी खिलाड़ी है और वे प्रमुख वरिष्ठ खिलाड़ियों के हाल ही में संन्यास लेने के बाद चल रहे बदलाव के दौर से उबरने में सक्षम है। शेर-ए-बांग्ला नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में मेहदी ने कहा, 'फिलहाल टीम में छह से सात खिलाड़ी ऐसे हैं जो सात से 10 साल से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल रहे हैं। उन्हें अब नया नहीं कहा जा सकता। यह एक प्रक्रिया है। हमें अभी फैसला लेना चाहिए और दीर्घकालिक दृष्टिकोण के प्रति प्रतिबद्ध रहना चाहिए। विश्वकप में अभी दो से ढाई साल का समय है, इसलिए हमें तुरंत टीम तैयार करनी होगी।' उन्होंने कहा, 'चयन में निरंतरता महत्वपूर्ण है। टूर्नामेंट से दो या तीन महीने पहले ही तैयारी शुरू करना बहुत मुश्किल होगा। मुशफिकुर भाई (रहमान) और पिछली पीढ़ी के अन्य खिलाड़ियों ने सात से आठ वर्ष तक टीम की सेवा की है

## कप्तान हरमनप्रीत को कोर ग्रुप के 36 संभावितों के राष्ट्रीय हॉकी शिविर के लिए दिया गया आराम

- अपनी शादी के कारण स्ट्राइकर मनदीप सिंह भी शिविर में नहीं
- चीफ कोच फुल्टन बोले, ध्यान हाल के प्रदर्शन का आत्मावलोकन पर

■ सत्येन्द्र पाल सिंह





**नई दिल्ली,** 17 मार्च (देशबन्धु)। भारतीय पुरुष हॉकी टीम दिल्ली में रविवार को सम्पन्न सातवें सालाना हॉकी इंडिया अवार्ड के बाद सोमवार से बेंगलुरु में सीनियर राष्ट्रीय हॉकी प्रशिक्षण शिविर के लिए बेंगलुरु लौट आई। हॉकी इंडिया ने एफआईएच प्रो हॉकी लीग 2024-25 के लिए यूरोप में होने वाले अगले चरण के लिए हॉकी इंडिया ने राष्ट्रीय शिविर के लिए कोर ग्रुप के लिए 36 संभावितों को चुना है। 21 मार्च को महिला हॉकी टीम की डिफेंडर हिसार की उदिता दुहान के साथ सात फेरे ले शादी के बंधन में बंधने जा रहे तेज तर्रार स्ट्राइकर मनदीप सिंह को कोर ग्रुप के इस शिविर में शामिल नहीं किया गया है। लगातार खेल रहे भारत के कप्तान ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह को इस शिविर के लिए आराम दिया गया है।

पुरुष एफआईएच प्रो हॉकी लीग 2024-25 में भारतीय टीम टीम ने इस साल अपना अभियान अपने घर भुवनेश्वर में आठ में से पांच मैच जीत कर किया। भारतीय टीम एफआईएच प्रो लीग में अंक तालिका में फिलहाल में पांच जीत दर्ज कर 15 अंकों के साथ इंग्लैंड (16 अंक) और बेल्जियम (16 अंक) के बाद तीसरे स्थान पर है। इंग्लैंड की टीम अपने बेहतर गोल अंतर के कारण पहले स्थान पर है।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के चीफ कोच क्रेग फुल्टन ने संभावितों के इस शिविर की बाबत कहा, 'हमारे भारतीय हॉकी खिलाड़ियों के लिए यह बेहद व्यस्त सीजन रहा है और इसमें इन सभी को लगातार बड़े टूर्नामेंटों में शिरकत करनी पड़ी और उत्कृष्ट मैच खेलने पड़े। हमारे 28 मार्च तक चलने वाले 36 कोर ग्रुप के संभावितों के इस राष्ट्रीय शिविर में हमारा ध्यान फिटनेस और कंडीशनिंग (शारीरिक अनुकूलन) के साथ हाल के प्रदर्शन का आत्मावलोकन के साथ यह जानने पर रहेगा हम कहां खड़े है।

### हॉकी इंडिया द्वारा भारत के राष्ट्रीय शिविर के लिए कोर ग्रुप के लिए चुने गए 36 संभावित हैं:

- गोलरक्षकः कृष्ण बहादुर पाठक, सूरज करकेरा, पवन,मोहित हन्नहल्ली शशिकुमार।
- रक्षापंक्तिः जर्मनप्रीत सिंह,अमित रोहिदास, सुमित,संजय,जुगराज सिंह, अमनदीप लाकरा, नीलम संजीप खेस, वरुण कुमार यशदीप सिवाच।
- मध्य पंक्तिः राज कुमार पाल,शमशेर सिंह, मनप्रीत सिंह,हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद,नीलकांत शर्मा , मोइरंगथम रविचंद्र सिंह, मोहम्मद रहील मौसीन, विष्णुकांत सिंह, राजिंदर सिंह, पुवन्ना सीबी।
- अग्रिम पंक्तिः अभिषेक नैन, सुखजीत सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, गुरजंट सिंह, अंगद वीर सिंह, आदित्य अर्जुन ललगे, बॉबी सिंह धामी, सुदीप चिरमाको, सेल्वम कार्ति, शिलानंद लाकरा, दिलप्रीत सिंह, उत्तम सिंह।

### स्विस ओपन 2025

## सिंधु, सेन की नजरें बासेल में शीर्ष फॉर्म पर



बासेल, 17 मार्च (एजेंसियां)। पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन मंगलवार को बासेल में शुरू हो रहे 250,000 डॉलर इनामी स्विस ओपन में शीर्ष फॉर्म हासिल करने की कोशिश करेंगे। टूर्नामेंट में सभी श्रेणियों में मजबूत भारतीय उपस्थिति होगी। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और 2022 स्विस ओपन चैंपियन सिंधु को सातवीं वरीयता दी गई है और वह पहले दौर में साथी भारतीय मालविका बंसोड़ से भिड़ेंगी। सिंधु को पिछले हफ्ते हैमस्ट्रिंग की चोट से वापसी के बाद ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के पहले दौर में बाहर होना पड़ा था, जबकि मालविका ने सिंगापुर की यो जिया मिन पर आत्मविश्वास बढ़ाने वाली जीत दर्ज की। पुरुष एकल में लक्ष्य सेन का सामना पहले दौर में एचएस प्रणय से होगा। 2016 स्विस ओपन जीतने वाले प्रणय चिकनगुनिया से वापसी के बाद से ही फॉर्म से जूझ रहे हैं और उन्हें शुरुआती दौर में ही बाहर होना पड़ा। दूसरी ओर, लक्ष्य ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे और हाल ही में जोनाथन क्रिस्टी को हराया। स्विस ओपन भारत के लिए एक सफल टूर्नामेंट रहा है, जिसमें सिंधु, प्रणय, के श्रीकांत, समीर वर्मा, साइना नेहवाल और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की युगल जोड़ी सहित पिछले चैंपियन शामिल हैं। पेरिस ओलंपिक के बाद यह लक्ष्य और प्रणय की पहली भिड़ंत होगी, जहां लक्ष्य चौथे स्थान पर रहे थे।

- सिंधु को सातवीं वरीयता दी गई है और वह पहले दौर में साथी भारतीय मालविका बंसोड़ से भिड़ेंगी
- पुरुष एकल में लक्ष्य सेन का सामना पहले दौर में एचएस प्रणय से होगा

टूर्नामेंट में अन्य भारतीयों में महिला एकल में आकर्षि कश्यप और अनुपमा उपाध्याय शामिल हैं। कश्यप का सामना क्वालीफायर से होगा, जबकि उपाध्याय का सामना डेनमार्क की लाइन होजमार्क केजर्सफेल्ड से होगा। रक्षिता श्री संतोष रामराज अपने पहले मैच में लाइन क्रिस्टोफरसेन से भिड़ेंगी। पुरुष एकल में, किरण जॉर्ज, जो इंडिया ओपन सुपर 750 में क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे, का सामना डेनमार्क के रासमस गेम्के से होगा, जबकि प्रियांशु राजावत का सामना स्विट्जरलैंड के टोबियास कुएंजी से होगा।

ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के बाद, महिला युगल जोड़ी ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद (चौथी वरीयता प्राप्त) एलाइन मुलर और केली वैन ब्यूटेन के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेंगी।

## ड्रेपर ने इंडियन वेल्स में अपना पहला एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब जीता



**इंडियन वेल्स,** 17 मार्च (एजेंसियां)। जैक ड्रेपर ने इंडियन वेल्स ओपन में अपने करियर के सबसे बड़े फाइनल में अपना पहला एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब जीतने के लिए शानदार प्रदर्शन किया। 23 वर्षीय ब्रिटिश खिलाड़ी ने शिखर मुकाबले में होल्गर रूण के खिलाफ 6-2, 6-2 से जीत दर्ज की। ड्रेपर और रूण 2021 के बाद से इंडियन वेल्स में मास्टर्स फाइनल में प्रतिस्पर्धा करने वाले पहले गैर शीर्ष 10 खिलाड़ी हैं। 'यह अविश्वसनीय है। मुझे इसकी उम्मीद नहीं थी। मैंने समय के साथ बहुत मेहनत की है और मैं यहां खेलने के लिए बहुत आभारी और खुश हूं, मेरा शरीर स्वस्थ है, मुझे बहुत अच्छा महसूस हो रहा है।' ड्रेपर ने अपनी एक घंटे, नौ मिनट की जीत के कुछ क्षण बाद कहा, 'पिछले कुछ वर्षों में मैंने जो भी काम किया है, वह बड़े मंच पर एक साथ आ रहा है और मैं इसे शब्दों में बयां नहीं कर सकता।

## एंड्रीवा ने सबालेंका को हराकर इंडियन वेल्स का महिला एकल खिताब जीता




**इंडियन वेल्स,** 17 मार्च (एजेंसियां)। मीरा एंड्रीवा ने इंडियन वेल्स ओपन के फाइनल में विश्व की नंबर 1 खिलाड़ी आर्यना सबालेंका को 2-6, 6-4, 6-3 से हराकर लगातार दूसरा डब्ल्यूटीए 1000 खिताब जीता। 17 वर्षीय रूसी खिलाड़ी 1999 में सेरेना विलियम्स के बाद सबसे कम उम्र की इंडियन वेल्स ओपन चैंपियन बन गई हैं, और 1998 में मार्टिना हिंगिस और सेरेना के बाद टूर्नामेंट के इतिहास में तीसरी सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बन गई हैं।

एंड्रीवा ने पिछले महीने दुबई ड्यूटी फ्री टेनिस चैंपियनशिप में अपना पहला डब्ल्यूटीए 1000 खिताब जीतने के बाद एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए लगातार 12वां मैच जीता। डब्ल्यूटीए की रिपोर्ट के अनुसार, एंड्रीवा 2009 में प्रारूप की शुरुआत के बाद से लगातार 12 डब्ल्यूटीए 1000 जीत दर्ज करने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी हैं।

एंड्रीवा ने कोर्ट पर अपने भाषण में कहा, 'मैं अंत तक लड़ने और हमेशा मुझ पर विश्वास करने तथा कभी हार न मानने के लिए खुद को फिर से धन्यवाद देना चाहूंगी। मैंने आज खरगोश की तरह दौड़ने की कोशिश की। बस बने रहना वाकई मुश्किल था, इसलिए मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया।

## आईपीएल कप्तानों की बैठक 20 मार्च को बीसीसीआई कार्यालय में होगी



**मुंबई,** 17 मार्च (एजेंसियां)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टीमों के सभी कप्तान इस गुरुवार को एक महत्वपूर्ण प्री-सीजन मीटिंग के लिए मुंबई में एकत्रित होने वाले हैं। जैसा कि क्रिकबज ने हाल ही में संक्षेप में बताया था, यह बैठक दोपहर में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के मुख्यालय में होगी। कप्तानों के अलावा, सभी 10 फ्रेंचाइजी के प्रबंधकों को भी इसमें शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। बीसीसीआई/आईपीएल प्रबंधन द्वारा फ्रेंचाइजी को भेजे गए ईमेल के अनुसार, क्रिकेट सेंटर में होने वाली यह बैठक - जो कि एक ब्रीफिंग से अधिक है - एक घंटे तक चलेगी। इस दौरान, टीमों को आगामी सीजन के लिए नए परिवर्तन और बदलावों के बारे में सूचित किया जाएगा। ब्रीफिंग के बाद ताज होटल में प्रायोजक गतिविधियां होंगी। कुल मिलाकर, यह कार्यक्रम चार घंटे का होगा, जिसका समापन सभी कप्तानों के पारंपरिक फोटो शूट के साथ होगा। आमतौर पर, ये बैठकें और फोटो सत्र उस शहर में आयोजित किए जाते हैं जहां सीजन ओपनर होता है। हालांकि, इस बार, यह कार्यक्रम बीसीसीआई कार्यालय में आयोजित किया जा रहा है, जिससे पता चलता है कि नियमों के सामान्य मूल्यांकन से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण कुछ हो सकता है। सभी टीमों के कप्तानों की पुष्टि हो चुकी है, हाल ही में अक्षर पटेल को दिल्ली कैपिटल्स का कप्तान बनाया गया है। अन्य नौ कप्तान हैं: हार्दिक पांड्या (एमआई), पैट कमिंस (एसआरएच), रुतुराज गायकवाड़ (सीएसके), रजत पाटीदार (आरसीबी), ऋषभ पंत (एलएसजी), श्रेयस अय्यर (पीबीकेएस), संजू सैमसन (आरआर), अजिंक्य रहाणे (केकेआर), और शुभमन गिल (जीटी)।

विभिन्न शिविरों से प्राप्त नवीनतम अपडेट के अनुसार, अधिकांश कप्तान चैंपियंस ट्रॉफी में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के साथ अपनी-अपनी टीमों में रिपोर्ट कर चुके हैं।

### सार संक्षेप

#### चोटिल उमरान मलिक की जगह चेतन सकारिया हुए केकेआर में शामिल

**नई दिल्ली।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने चोटिल तेज गेंदबाज उमरान मलिक की जगह बाएं हाथ के तेज गेंदबाज़ चेतन सकारिया को आईपीएल 2025 के लिए अपने दल में शामिल किया है। मलिक ने आखिरी बार आईपीएल 2024 में कोई प्रतिस्पर्धी मैच खेला था, तब उन्हें सनराइजर्स हैदराबाद की तरफ़ से सिर्फ एक मैच खेलने का मौका मिला था। वहीं सकारिया भी चोट से वापस आ रहे हैं। उन्होंने फरवरी 2024 में सौराष्ट्र के लिए कोई रणजी ट्रॉफी मैच खेला था। मलिक हालिया समय में लगातार चोटिल रहे हैं, जिसके कारण वह 2024-25 का पूरा घरेलू सीजन नहीं खेल पाए। उन्होंने अब तक आठ टी20 में 10.48 की इकॉनमी से रन देते हुए 11 विकेट लिए हैं। वहीं सकारिया ने भी भारत के लिए दो टी20 खेला है, जिसमें उनके नाम 9.27 की इकॉनमी से रन देते हुए एक विकेट है।

#### अनुभवी फाफ डू प्लेसिस को दिल्ली कैपिटल्स का उप-कप्तान नियुक्त किया गया

**नई दिल्ली।** अनुभवी बल्लेबाज फाफ डू प्लेसिस को आगामी 2025 इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सीजन के लिए दिल्ली कैपिटल्स का उप-कप्तान नियुक्त किया गया है। फ्रेंचाइजी ने सोमवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए यह खबर साझा की। डू प्लेसिस ने फ्रेंचाइजी द्वारा अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किए गए वीडियो में कहा, 'आपका मतलब अभी है? मैं घर पर हूं, मैं और कहां होता? हां, यह सच है, मैं डीसी का उप-कप्तान हूं और मैं बहुत उत्साहित हूं। दिल्ली शानदार रही है, लड़के शानदार रहे है, निश्चित रूप से खुश हूं और मैं तैयार हूं।' दिल्ली स्थित फ्रेंचाइजी ने पिछले साल जेद्दा में मेगा नीलामी में डू प्लेसिस को 2 करोड़ रुपये के बेस प्राइस पर खरीदा था। नीलामी से पहले उन्हें उनकी पिछली फ्रेंचाइजी - रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने उन्हें रिलीज कर दिया था।

## हम एलएसजी में ऐसी जगह बनाना चाहते हैं, जहां लोग आकर अपनी बात कह सकें : ऋषभ पंत

- 24 मार्च को विशाखापत्तनम के एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेलने के लिए तैयार



**नई दिल्ली,** 17 मार्च (एजेंसियां)। आईपीएल 2025 अभियान की शुरुआत से पहले, लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के कप्तान ऋषभ पंत ने कहा कि उनका प्रयास टीम में ऐसा माहौल बनाना है, जहां आने वाले लोग अपनी बात खुलकर कह सकें। एलएसजी आईपीएल 2025 सीजन का अपना पहला मैच 24 मार्च को विशाखापत्तनम के एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेलने के लिए तैयार है, जिसकी कप्तानी पहले पंत कर चुके हैं। 'हम ऐसी जगह बनाना चाहते हैं, जहां लोग आकर अपनी बात कह सकें। यह एक बहुत ही सरल विचार है। इसे कहना आसान है, करना नहीं, क्योंकि इसके लिए हर व्यक्ति को बहुत प्रयास करना पड़ता है।' पंत ने सोमवार को फ्रेंचाइजी के सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में अपने एलएसजी साथियों से कहा, 'यह सिर्फ प्रबंधन की बात नहीं है; मुझे लगता है कि खिलाड़ियों की वजह से ही हम ऐसा माहौल बना पाते हैं। क्योंकि एक खिलाड़ी के तौर पर मैंने हमेशा यही महसूस किया है कि अगर आप अपने खिलाड़ियों का समर्थन करते हैं और उन्हें पर्याप्त भरोसा देते हैं।

## मालदीव, बांग्लादेश के खिलाफ हमें निश्चित रूप से जीत की आवश्यकता है : राहुल भेके

**शिलांग,** 17 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय सीनियर पुरुष टीम ने शिलांग में दो प्रशिक्षण सत्र किए हैं और बांग्लादेश के खिलाफ एएफसी एशिया कप क्वालीफायर (25 मार्च) और मालदीव के खिलाफ तैयारी के लिए मैत्रीपूर्ण मैच (19 मार्च) की तैयारी कर रही है। डिफेंडर राहुल भेके का मानना है कि इन दो मैचों में जीत से कम कुछ भी टीम के लिए विफलता होगी। भेके, जिन्होंने मालदीव का एक बार और बांग्लादेश का दो बार सामना किया है (सभी 2021 में), उन्हें लगा कि पिछले चार वर्षों में तीनों टीमों में बहुत बदलाव हुए हैं। 'मैंने पहले भी दोनों टीमों के खिलाफ खेला है, लेकिन पिछली बार उनसे मिले हुए कुछ साल हो गए हैं। मैंने हाल के मैचों की उनकी क्लिप देखी हैं। वे दोनों अच्छी टीमें हैं जो एशिया कप के लिए क्वालीफाई करने का लक्ष्य रखती हैं।



दो मैचों में जीत से कम कुछ भी टीम के लिए विफलता होगी: राहुल भेके

इसलिए, हमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की आवश्यकता है। ये दो घरेलू मैच हैं जिन्हें हमें निश्चित रूप से जीतना होगा।' मालदीव की 22 सदस्यीय टीम रविवार को मेघालय की राजधानी में उतरी और ब्लू टाइगर्स का सामना करने से पहले दो प्रशिक्षण सत्र में हिस्सा लेगी। नवंबर में मलेशिया के खिलाफ भारत के आखिरी मैच में गोल करने वाले भेके ने कहा, 'हमने शिविर की अच्छी शुरुआत की है।

## 'खुद पर विश्वास रखें' युवा खिलाड़ी, : हार्दिक पांड्या



**नई दिल्ली,** 17 मार्च (एजेंसियां)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का 2025 सीजन अब बस कुछ ही दिनों की दूरी पर है, और मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने कहा कि दस टीमों के टूर्नामेंट में आने वाले युवाओं के लिए उनका संदेश है कि वे खुद पर विश्वास रखें और उतार-चढ़ाव के बीच तटस्थ रहें। पांड्या ने जियो हॉटस्टार से कहा, 'आईपीएल में आने वाले युवा खिलाड़ी बेहद प्रतिभाशाली हैं। उनके लिए मेरा संदेश सरल है- खुद पर भरोसा रखें। वे यहां इसलिए हैं क्योंकि वे काफी अच्छे हैं, लेकिन इस स्तर पर सबसे बड़ी चुनौती आत्म-संदेह है।

### आगामी सत्र के लिए टीम बनाने में पिछले साल से मिली सीख का विश्लेषण किया : पांड्या

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 मुंबई इंडियंस (एमआई) के लिए एक कठिन समय साबित हुआ, क्योंकि वे अंक तालिका में सबसे निचले स्थान पर रहे और टूर्नामेंट के शुरुआती चरण में उनके कप्तान हार्दिक पांड्या को दर्शकों द्वारा हूटिंग का सामना करना पड़ा। आईपीएल 2025 के शुरू होने से कुछ दिन पहले, पांड्या ने कहा कि फ्रेंचाइजी ने पिछले साल की अपनी गलतियों का विश्लेषण किया और आगामी सत्र के लिए टीम बनाते समय इसे सुधारना सुनिश्चित किया। पांड्या ने जियो हॉटस्टार से कहा, 'लगभग 11 वर्षों से आईपीएल में खेलने के बाद, प्रत्येक सीजन नई ऊर्जा और ताजा सकारात्मकता लेकर आता है।

## 'खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 युवाओं के लिए आगे बढ़ने का बड़ा अवसर' : नवदीप सिंह



**नई दिल्ली,** 17 मार्च (एजेंसियां)। 2024 पैरालंपिक के स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नवदीप सिंह का मानना है कि खेलो इंडिया पैरा गेम्स पैरा-एथलीटों के निरंतर विकास के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है और यह देश में पैरा खेलों को बढ़ावा देने में सरकार की गहरी दिलचस्पी को दर्शाता है।

खेलो इंडिया पैरा गेम्स (केआईपीजी 2025) का दूसरा संस्करण गुरुवार को शुरू होने वाला है। अर्जुन पुरस्कार विजेता एथलीट ने बताया कि कैसे यह टूर्नामेंट पैरा-एथलीटों के लिए खेल पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने में मदद कर रहा है।

नवदीप ने साई मीडिया से कहा, 'केआईपीजी 2025 वरिष्ठ एथलीटों के लिए एक-दूसरे के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने का एक बेहतरीन मंच है। हम हर समय एक-दूसरे को प्रेरित भी करते हैं।

### सुडोकू 6855 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 5 | 7 | 2 | 8 | 6 | 4 | 3 | 1 |
| 2 | 6 | 4 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 3 | 5 | 9 | 4 | 2 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 6 | 5 | 2 | 9 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 2 | 8 | 4 | 7 | 6 | 1 | 3 |
| 4 | 8 | 6 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 2 |
| 3 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 1 | 7 | 4 |
| 6 | 4 | 8 | 7 | 3 | 1 | 5 | 2 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 | 8 | 6 |

| SENSEX | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| BSE | 74169.95 ▲341.04 | NSE | 22508.75 ▼111.55 | MCX Gold 87865 ▲126 | silver 10046! ▲128 |



# अर्थ जगत

## भारत बनेगा दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था : रिपोर्ट


**नई दिल्ली।** भारत 2028 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, जो जर्मनी को पीछे छोड़ देगा. यह दावा वैश्विक वित्तीय सेवा कंपनी मॉर्गन स्टेनली की एक रिपोर्ट में किया गया है. रिपोर्ट के अनुसार, भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 2026 तक 4.7 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है.2028 तक यह 5.7 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा, जिससे भारत जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा. यह असाधारण वृद्धि संयोग नहीं, बल्कि वर्षों की दूरदृष्टि और साहसिक आर्थिक सुधारों का परिणाम है।



# थोक महंगाई बढ़ी, 2.38 प्रतिशत पर पहुंची

## वजह बनी मैन्युफैक्चरिंग और फ्यूल लागत में बढ़ोतरी

*नई दिल्ली। भारत में थोक मूल्य इंडेक्स आधारित महंगाई फरवरी 2025 में बढ़कर 2.38 प्रतिशत हो गई। मिनिस्ट्री ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, इस बढ़ोतरी की वजह ईंधन और पावर की कीमतों में इजाफा और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में लागत बढ़ना रहा।*




जनवरी 2025 में थोक मूल्य मुद्रास्फीर्ति दर 2.31 प्रतिशत थी, जो फरवरी में बढ़कर 2.38 प्रतिशत हो गई। फरवरी में फ्यूल और पावर इंडेक्स 2.12 प्रतिशत बढ़कर 153.8 (प्रोविजनल) पर पहुंच गया, जो जनवरी में 150.6 (प्रोविजनल) था। इस वृद्धि में मुख्य रूप से बिजली की कीमतों में 4.28 प्रतिशत की बढ़ोतरी और मिनरल ऑयल की कीमतों में 1.87 प्रतिशत की बढ़त का योगदान रहा। फरवरी में मैन्युफैक्चरिंग प्रोडक्ट्स का इंडेक्स 0.42 प्रतिशत बढ़ा, जिसमें फूड प्रोडक्ट्स, बेसिक मेटल्स, नॉन-मेटैलिक मिनरल प्रोडक्ट्स और केमिकल्स के दामों में बढ़ोतरी देखी गई। हालांकि, थोक मूल्य मुद्रास्फीति फूड इंडेक्स, जिसमें फूड आर्टिकल्स और मैन्युफैक्चरिंग फूड प्रोडक्ट्स शामिल हैं, जनवरी में 7.47 प्रतिशत से घटकर फरवरी में 5.94 प्रतिशत पर आ गया। इससे कुल महंगाई में आई बढ़ोतरी को आंशिक रूप से संतुलित किया गया। महीने-दर-महीने थोक मूल्य मुद्रास्फीति में 0.06 प्रतिशत की मामूली बढ़ोतरी दर्ज की गई।

**रिटेल महंगाई 4 प्रतिशत के नीचे, फरवरी में सीपीआई घटकर 3.6 प्रतिशत** - भारत की खुदरा महंगाई फरवरी 2025 में घटकर 3.61 प्रतिशत पर आ गई है। यह पिछले छह महीनों में पहली बार है जब यह भारतीय रिजर्व बैंक के 4 प्रतिशत के टारगेट से नीचे आई है। महंगाई में यह गिरावट खासतौर पर फूड प्राइसेज में तेज कमी के चलते हुई है। फरवरी में फूड इंफ्लेशन घटकर 3.75 प्रतिशत पर आ गया, जबकि जनवरी में यह 5.97 प्रतिशत था। वहीं, औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में जनवरी 2025 में 5 प्रतिशत की ग्रोथ दर्ज की गई, जो दिसंबर 2024 में 3.2 प्रतिशत थी। मैन्युफैक्चरिंग और माइनिंग सेक्टर में मजबूत प्रदर्शन से यह ग्रोथ देखने को मिली।

बता दें कि डब्ल्यूपीआई और सीपीआई दोनों महंगाई को मापते हैं, लेकिन इनकी गणना अलग तरीके से होती है। डब्ल्यूपीआई होलसेल लेवल पर प्राइस चेंज को ट्रैक करता है और इसमें मुख्य रूप से मैन्युफैक्चर्ड प्रोडक्ट्स, फ्यूल और प्राइमरी आर्टिकल्स शामिल होते हैं, जबकि सीपीआई रिटेल लेवल पर प्राइसेज को मापता है और इसमें फूड, हाउसिंग, एजुकेशन और हेल्थकेयर जैसी सेवाएं शामिल होती हैं।

**आरबीआई, एमपीसी में फिर हो सकता है रेट कट, अप्रैल की बैठक पर रहेगी नजर-** भारतीय रिज़र्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की अगली बैठक 7 से 9 अप्रैल 2025 के बीच होगी। फरवरी में हुई पिछली एमपीसी बैठक में केंद्रीय बैंक ने रेपो रेट में 25 बेसिस पॉइंट की कटौती की थी, जिससे यह 6.5 प्रतिशत से घटकर 6.25 प्रतिशत पर आ गया था। यह लगभग पांच सालों में पहली बार था जब आरबीआई ने ब्याज दरों में कटौती की थी, जिसका मकसद आर्थिक विकास को समर्थन देना था।

# बदलने वाले हैं टीडीएस नियम




## निवेशकों और सीनियर सिटिजंस को मिलेगी बड़ी राहत

*नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2025 में टीडीएस और टीसीएस नियमों में अहम बदलाव किए गए हैं, जो 1 अप्रैल 2025 से लागू होंगे। इन संशोधनों का उद्देश्य टैक्स अनुपालन को सरल बनाना और टैक्सपेयर्स को राहत देना है।*

**सीनियर सिटिजंस को बड़ी राहत-** अब एफडी, आरडी और अन्य डिपॉजिट स्कीमों पर 1 लाख रुपए तक की ब्याज आय पर कोई स्रोत पर कर कटौती नहीं कटेगा। पहले यह सीमा कम थी, जिससे वरिष्ठ नागरिकों को राहत मिलेगी।

**नियमित करदाताओं के लिए भी टीडीएस छूट बढ़ी-** सामान्य नागरिकों के लिए टीडीएस कटौती की सीमा 40,000 रुपए से बढ़ाकर 50,000 रुपए कर दी गई है। अब एफडी पर सालाना 50,000 रुपए तक की ब्याज आय पर कोई टीडीएस नहीं लगेगा।

**लॉटरी, क्रॉसवर्ड और घुड़दौड़ पर नया टैक्स नियम-** पहले सालभर में कुल 10,000 रुपए से ज्यादा की जीत पर टीडीएस कटता था लेकिन अब केवल 10,000 रुपए से अधिक की एकल जीत पर ही टीडीएस लगेगा।

**म्युचुअल फंड और शेयर निवेशकों के लिए राहत-** डिविडेंड इनकम की टीडीएस छूट सीमा 5,000 से बढ़ाकर 10,000 कर दी गई है। इससे म्युचुअल फंड और स्टॉक निवेशकों को टैक्स में बचत होगी।

**इंश्योरेंस और ब्रोकरेज एजेंट्स के लिए बड़ी राहत-** इंश्योरेंस एजेंट्स के लिए टीडीएस छूट की सीमा 15,000 से बढ़ाकर ?20,000 कर दी गई है। छोटे एजेंट्स और कमीशन कमाने वालों को कैश फ्लो में सुधार और टैक्स का बोझ कम होने का फायदा मिलेगा।

# मारुति सुजुकी की कारें फिर 1 अप्रैल से होने जा रही हैं महंगी

*नई दिल्ली। देश की सबसे बड़ी कार निर्माता मारुति सुजुकी अपनी कारों/वाहनों की कीमतों में आगामी 1 अप्रैल से 4 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करने जा रही है। कंपनी ने सोमवार को इस बढ़ोतरी की घोषणा की।*



कंपनी के इस ऐलान के बाद मारुति सुजुकी के शेयर भी 2 प्रतिशत उछल गए। खबर के मुताबिक, यह फैसला बढ़ती इनपुट लागत और बढ़ते परिचालन व्यय के कारण लिया गया है, जिससे कंपनी की लाभप्रदता प्रभावित हो रही है। मारुति सुजुकी घरेलू बाजार में एंट्री-लेवल ऑल्टो के-10 से लेकर मल्टीपल पर्पज व्हीकल इनविक्टो तक के मॉडल बेचती है।

**मॉडल के आधार पर अलग-अलग होगी बढ़ोतरी-** मारुति सुजुकी इंडिया ने नियामकीय फाइलिंग में कहा कि बढ़ती इनपुट लागत और परिचालन व्यय के मद्देनजर कंपनी ने अप्रैल से अपनी कारों की कीमतों में बढ़ोतरी करने की योजना बनाई है। कीमत में बढ़ोतरी मॉडल के आधार पर अलग-अलग होगी। कंपनी का कहना है कि हालांकि वह लगातार लागत को अनुकूल बनाने और अपने ग्राहकों पर प्रभाव को कम करने का प्रयास करती है, लेकिन बढ़ी हुई लागत का कुछ हिस्सा बाजार पर डालने की जरूरत हो सकती है। इससे पहले जनवरी में कंपनी ने 1 फरवरी से विभिन्न मॉडलों की कीमतों में 32,500 रुपये तक की बढ़ोतरी की घोषणा की थी।

# कच्चे तेल का आयात दिसंबर में 10.6 प्रतिशत घटा

## रूस और सऊदी से कम हुई सप्लाई

*नई दिल्ली। भारत का कच्चे तेल का आयात दिसंबर 2024 में सालाना आधार पर 10.6 प्रतिशत घटकर 10.34 अरब डॉलर रह गया, जो दिसंबर 2023 में 11.57 अरब डॉलर था। रूस, सऊदी अरब और कुवैत जैसे पारंपरिक आपूर्तिकर्ताओं द्वारा कम आपूर्ति के कारण यह गिरावट दर्ज की गई।*

रूस से कच्चे तेल का आयात दिसंबर 2024 में 18.48 प्रतिशत गिरकर 3.19 अरब डॉलर रह गया, जबकि दिसंबर 2023 में यह 3.92 अरब डॉलर था। इससे संकेत मिलता है कि रूस से आपूर्ति में गिरावट अमेरिका द्वारा जनवरी 2025 में लगाए गए नए प्रतिबंधों से पहले ही शुरू हो गई थी।

भारत को कच्चे तेल की आपूर्ति करने वाले अन्य प्रमुख देशों सऊदी अरब और कुवैत से भी आयात में क्रमशः 43.1 प्रतिशत और 38 प्रतिशत की कमी आई। मात्रा के हिसाब से भी इन देशों से 36.4 प्रतिशत और 33.6 प्रतिशत की गिरावट देखी गई।

# डॉलर के मुकाबले रुपया में जोरदार तेजी

*मुम्बई। होली के त्योहार और सप्ताहांत की छुट्टियों के बाद तीन दिनों तक बंद रहा करेंसी मार्केट सोमवार को खुलते ही जोरदार तेजी के साथ कारोबार कर रहा है। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 25 पैसे मजबूत हुआ है, जिसका मुख्य कारण फेडरल रिजर्व की नरम नीति और आरबीआई की संभावित ब्याज दर कटौती मानी जा रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले दिनों में रुपए में और मजबूती देखने को मिल सकती है।*



शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 25 पैसे बढ़कर 86.80 पर पहुंच गया। हालांकि, वैश्विक जोखिम भावना और तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव से रुपए की अगली चाल प्रभावित होगी। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 86.90 पर खुला और आगे बढ़त के साथ 86.80 पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव से 25 पैसे अधिक है। रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 17 पैसे बढ़कर 87.05 पर बंद हुआ था। होली के अवसर पर शुक्रवार को विदेशी मुद्रा बाजार और शेयर बाजार बंद थे।

इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.01 प्रतिशत की गिरावट के साथ 103.70 पर था। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.71 प्रतिशत की तेजी के साथ 71.08 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के भाव पर था।

## मुद्रा बाजार

### रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 86. 80 |
| एक यूरो | 94. 34 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 112 . 72 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 55.55 |
| एक जापानी येन | 0. 58 |

**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**
864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 92 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 112 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-124 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -56 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 160 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

## सराफा बाजार

**दुल्हन श्री आभूषण**
कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 89400 चांदी -99000

**सोहन लाल एण्ड संस**
रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 89400 चांदी -99000

## दाल- चावल भाव

**महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज**
फोन- 4067270, 9826035338

**प्रति क्विंटल-** राहर दाल एवरेज 8000-9000, मीडियम बोल्ड 11000-12000, फाइन 130000-13500, एकस्ट्रा बोल्ड 13500-14000, चना दाल एवरेज 7600-7800 चना दाल मार्का 7800-8000, मसूर दाल एवरेज 7500-7700, मसूर दाल फाइन 7800-8000, उड़द छिलका 8000-8500, फाइन 8500-9500, उड़द धुली 10000-11000, फाइन 11000-12000, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 9500-10000, मूंगदाल धुली 10000- 10500, फाइन 10500-11000। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3400-3600, बेस्ट 3600-3800, बीपीटी चालू 4200-4500,फाइन 4500-4800,एचएमटी-5200-5500 फाइन-5800-6000 दुबराज भाटापारा 5200-5300, जेजेएल चालू 5600-5800, फाइन 6000-6300, बासमती कनकी चालू 3200-3600, बासमती कनकी मीडियम 4000-4200, बेस्ट 4400-4500, मोगरा- 4300-5200, दुबार- 5200-5800, तिबार- 6500-6800, बासमती 8500-1000, बेस्ट 10000-11000 पोहा- 4400-4500, फाइन 5400-5500, मुरमुरा- 5500-6000, फाइन- 7000-8000 रु.।

## लोहा भाव

**अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स**
शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070

भाव प्रति क्विं.- 6 एम एम 6400, 8 एम एम 5980, 10 एम एम 5860,12 एम एम, 5800 एवं 16 एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।

# सेंसेक्स 341 अंक चढ़ा



## निफ्टी 22,500 के पार

*मुम्बई। वैश्विक बाजारों में मजबूती से पॉजिटिव साइन लेते हुए घरेलू शेयर बाजार हफ्ते के पहले ट्रेडिंग सेशन 17 मार्च को बढ़त में बंद हुए। फाइनेंशियल और ऑटो सेक्टर के स्टॉक्स में तेजी बाजार को समर्थन मिला।*

तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स आज 73,830 अंक के स्तर पर लगभग सपाट खुला। हालांकि, कारोबार के दौरान यह 500 से ज्यादा अंक चढ़ा गया था। अंत में सेंसेक्स 341.04 अंक या 0.46 प्रतिशत की बढ़त लेकर 74,169 पर बंद हुआ। इसी तरह, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 50 इंडेक्स भी 22,500 के मनोवैज्ञानिक स्तर को पार करने में कामयाब रहा। कारोबार के दौरान यह 22,577 अंक के इंट्रा-डे हाई तक चला गया था। अंत में निफ्टी 111.55 अंक या 0.5 प्रतिशत चढ़कर 22,508 पर क्लोज हुआ। टॉप गेनर्स- सेंसेक्स की 30 कंपनियों में बजाज फिनसर्व 3.6 प्रतिशत बढ़कर 1,871 रुपये पर बंद हुआ। महिंद्रा एंड महिंद्रा, एक्सिस बैंक और बजाज फाइनेंस में भी करीब 2 प्रतिशत की तेजी आई। इसके अलावा अदानी पोर्ट्स, जोमैटो, आईसीआईसीआई बैंक, सन फार्मा, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा मोटर्स और टाटा स्टील भी बढ़त में रहे। टॉप लूजर्स- दूसरी तरफ, आईटीसी में 1 फीसदी की गिरावट आई। साथ ही नेस्ले इंडिया, एसबीआई और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर गिरावट में बंद हुए।

# रिकॉर्ड ऊंचाई के बाद सोना-चांदी के दामों में गिरावट

*नई दिल्ली। पिछले सप्ताह नया रिकॉर्ड बनाने के बाद इस सप्ताह के पहले दिन शुरुआती कारोबार में सोने चांदी के भाव नरम पड़ गए। आज दोनों के वायदा भाव गिरावट के साथ खुले। खबर लिखे जाने के समय आज सोने के वायदा भाव 87,850 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 1,00550 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने चांदी के वायदा भाव नरमी के साथ कारोबार कर रहे हैं।*




सोने के वायदा भाव की शुरुआत नरमी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का बेंचमार्क अप्रैल कॉन्ट्रैक्ट आज 160 रुपये की गिरावट के साथ 87,831 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 87,991 रुपये था। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 144 रुपये की गिरावट के साथ 87,847 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 87,847 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 87,825 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। सोने के वायदा भाव ने पिछले सप्ताह 88,310 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत भी सुस्त रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मार्च कॉन्ट्रैक्ट आज 380 रुपये की गिरावट के साथ 1,00358 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 1,00738 रुपये था। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 187 रुपये की गिरावट के साथ 1,00551 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 1,00660 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 1,00357 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। चांदी के वायदा भाव ने पिछले सप्ताह 1,01,999 रुपये किलो के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था।

**अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना चांदी सुस्त-** अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज सोने चांदी के वायदा भाव की शुरुआत सुस्ती के साथ हुई। कॉमेक्स पर सोना 2,994.80 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला क्लोजिंग प्राइस 3,001.10 डॉलर प्रति औंस था। खबर लिखे जाने के समय यह 4.20 डॉलर की गिरावट के साथ 2,996.90 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 34.43 डॉलर के भाव पर खुले।

**देशबन्धु**

**ग्राहक सेवा**



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट
**टेलर्स वारिस**
शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.- 9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

**100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज**
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
**डॉ. विश्वास**
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

**फ्लैट बेचना है**
गोलबाजार, जबलपुर में 742 वर्गफुट का 2 BHK बालकनी सहित फ्लैट दूसरी मंजिल पर बिक्री हेतु उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:-
एडवोकेट रविशंकर पटेल
फोन नंबर-
9827087838

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें।
देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।

# अमेज़न और फ्लिपकार्ट के गोदाम पर बीआईएस ने की छापेमारी

*नई दिल्ली। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने हाल ही में देश के कई हिस्सों में अमेज़न और फ्लिपकार्ट के गोदामों में व्यापक तलाशी और जब्ती अभियान चलाया। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी। बयान में कहा गया है कि छापेमारी का उद्देश्य ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से घटिया और अप्रमाणित उत्पादों के वितरण पर रोक लगाना था।*



## इलेक्ट्रिक वाटर हीटर, फूड मिक्सर, रूम हीटर और गैस स्टोव किए जब्त

यह अभियान लखनऊ, गुरुग्राम और दिल्ली जैसे कई शहरों में चलाया गया। संयोग से, मंत्रालय के बयान के अनुसार, गैर-प्रमाणित वस्तुओं - जिसमें इलेक्ट्रॉनिक्स, रसोई के उपकरण और खिलौने शामिल हैं - की बीआईएस जांच सभी एक कंपनी - टेकविजन इंटरनेशनल से जुड़ी हुई थी, जिसका अर्थ है कि टेकविजन इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड इन गैर-प्रमाणित उत्पादों की एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता है। मंत्रालय के बयान में कहा गया है, अमेज़ॅन और फ्लिपकार्ट दोनों पर कई उल्लंघनों की बीआईएस की जांच में गैर-प्रमाणित उत्पादों का पता टेकविजन इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड से चला। सुराग पर कार्रवाई करते हुए, बीआईएस ने दिल्ली में टेकविजन इंटरनेशनल के दो अलग-अलग प्रतिष्ठानों पर छापे मारे, जिसके परिणामस्वरूप बीआईएस प्रमाणीकरण के बिना लगभग 7,000 इलेक्ट्रिक वाटर हीटर, 4,000 इलेक्ट्रिक फूड मिक्सर, 95 इलेक्ट्रिक रूम हीटर और 40 गैस स्टोव जब्त किए गए। मंत्रालय के बयान के अनुसार, जब्त किए गए गैर-प्रमाणित उत्पादों में डिजीस्मार्ट, एक्टिवा, इनालसा, सेलो स्विफ्ट और बटरफ्लाई जैसे ब्रांड शामिल हैं। मंत्रालय ने कहा कि बीआईएस ने जिम्मेदार संस्थाओं के खिलाफ बीआईएस अधिनियम, 2016 के तहत कानूनी कार्रवाई शुरू की है, जिसमें मेसर्स टेकविजन इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ दो अदालती मामले दर्ज करना भी शामिल है। गैर-अनुपालन उत्पादों के वितरण पर बीआईएस की कार्रवाई का सामना करते हुए, अमेज़न ने एक बयान जारी किया जिसमें कहा गया कि कंपनी अपने ग्राहकों के लिए सुरक्षित चयन बनाए रखने के लिए कार्रवाई करती है, जिसमें गैर-अनुपालन उत्पादों को हटाना भी शामिल है। हम सभी उत्पादों के विक्रेताओं से लागू कानूनों, विनियमों और अमेज़न नीतियों का अनुपालन करने की अपेक्षा रखते हैं। हम यह सुनिश्चित करते हैं कि हमारा चयन उद्योग-स्वीकृत मानकों के अनुरूप हो, तथा हम असुरक्षित उत्पादों को सूचीबद्ध होने से रोकने के लिए नवीन उपकरण विकसित करते हैं। अमेज़न इंडिया ने एक बयान में कहा, हम अपने ग्राहकों के लिए सुरक्षित चयन बनाए रखने के लिए कदम उठाते हैं, जिसमें गैर-अनुपालन वाले उत्पादों को हटाना, तथा आवश्यकतानुसार अतिरिक्त जानकारी के लिए विक्रेताओं, निर्माताओं और सरकारी एजेंसियों से संपर्क करना शामिल है। देश की शीर्ष उत्पाद प्रमाणन एजेंसी भारतीय मानक ब्यूरो ने अमेज़न और फ्लिपकार्ट सहित प्रमुख ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों के कई गोदामों पर तलाशी और जब्ती अभियान चलाया है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि संभावित खतरों के कारण कुछ उत्पादों के लिए बीआईएस प्रमाणीकरण अनिवार्य है। गैर-प्रमाणित उत्पादों में वे उत्पाद शामिल हैं जिन पर आईएसआई मार्क नहीं है या जिन पर अवैध लाइसेंस नंबर है।

प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# प्रदेश के 60 प्रतिशत जिला उपभोक्ता आयोग में अध्यक्ष नियुक्त नहीं

## हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस को लिखा गया पत्र

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश के 60 प्रतिशत जिला उपभोक्ता आयोग में अध्यक्ष को नियुक्ति नहीं किया गया है। प्रदेश में विगत सात सालों से रिक्त पदों पर नियुक्ति नहीं हुई है। अध्यक्ष की नियुक्ति नहीं होने के कारण लंबित प्रकरणों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है और उपभोक्ताओं के अधिकारों का हनन हो रहा है।

इस संबंध में नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के डॉ पीजी नाजपांडे की तरफ से हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत को पत्र लिखा गया है। पत्र में कहा गया है कि प्रदेश के 51 जिला उपभोक्ता आयोग में से 31 के अध्यक्ष पद रिक्त पडे हुए है। जिसके कारण आयोग के एक अध्यक्ष को तीन-तीन जिले के प्रभारी अध्यक्ष के रूप में कार्य करना पड रहा है। जिसके कारण लंबित प्रकरण की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। इसके अलावा उपभोक्ता के हित का भी हनन हो रहा है। जो अपने अधिकारों के लिए आयोग के समक्ष आवेदन करते है।

पत्र में कहा गया है कि जिला उपभोक्ता आयोग में अध्यक्ष की नियुक्ति की जाने की मांग करते हुए नागरिक उपभोक्ता मंच ने साल 2018 में याचिका दायर की थी। सरकार की तरफ से अंडरटेकिंग दी गयी थी कि अध्यक्ष पदों पर नियुक्ति शीघ्र कर दी जायेगी। अंडरटेकिंग के बावजूद भी अध्यक्ष पद पर नियुक्त नहीं किये जाने के कारण साल 2021 में अवमानना याचिका दायर की गयी थी।

जिसे दायर किये हुए तीन साल से अधिक का समय गुजर गया है। पत्र में राज्य उपभोक्ता कमीशन की वेबसाइट में 31 जनवरी तक प्रदेश में 31 जिला उपभोक्ता आयोग में अध्यक्ष पद रिक्त होने का उल्लेख किया गया है। पत्र में अध्यक्ष पद पर शीघ्र नियुक्ति करने का आग्रह किया गया है।

# बैगा आदिवासी युवक के एनकाउंटर को लेकर आदिवासी समाज में उबाल

## प्रदर्शन | जबलपुर के साथ कई शहरों में विरोध दर्ज



**जबलपुर, देशबन्धु।** मंडला जिले में बैगा आदिवासी युवक की पुलिस एनकाउंटर में मौत के बाद सोमवार को मध्यप्रदेश विधानसभा से लेकर शहरों में भी प्रदर्शनों का दौर जारी हैं। विधानसभा के भीतर जहां कांग्रेस विधायकों ने इस घटना के खिलाफ विरोध जताते हुए प्रदर्शन किया वहीं जबलपुर सहित प्रदेश के अन्य जिलों में आदिवासी समाज से जुड़े संगठनों के साथ अन्य संगठनों द्वारा प्रदर्शनों का दौर जारी रहा।

ज्ञात हो कि इस घटना के बाद प्रदेश में आदिवासी अधिकारों और पुलिस की कार्रवाई पर बड़े सवाल उठाए जा रहे हैं। सरकार के खिलाफ नाराजगी देखने को मिल रही है क्योंकि इस मामले में जिम्मेदार अधिकारियों पर अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

**हत्या का आरोप लगाकर न्यायिक जांच की मांग-** जबलपुर कलेक्ट्रेट में आदिवासी बहुजन अधिकार कल्याण संघ (अवाक्स) द्वारा मामले में मृतक हीरन परते (बैगा) की हत्या का आरोप लगाते हुए प्रकरण की न्यायिक जांच की मांग को लेकर कलेक्टर जबलपुर को ज्ञापन सौंपा गया। अवाक्स जबलपुर ने बिछिया के लसरीटोला गांव निवासी हीरन परते की नक्सली बताकर पुलिस द्वारा की गई कथित तौर पर जघन्य हत्या का आरोप लगाया गया।

इसके विरोध में कथित हत्या की न्यायिक जांच की मांग को लेकर घंटाघर कंट्रोल रूम के सामने विरोध प्रदर्शन किया गया और मुख्यमंत्री के नाम जबलपुर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।

**इनकी रही मौजूदगी-** प्रदर्शन और ज्ञापन में अवाक्स के देवेश कुमार चौधरी, तेजकुमार भगत, डॉ बी एल झारिया, तरुण रोहितास, एस पी मरावी, शिवनाथ चौधरी आलम, बैजनाथ पटेल, कमलेश धपोड़कर, धर्मेन्द्र कुशवाहा, डॉ सत्येंद्र ब्यौहार, शुभम चौधरी, मुकेश बरकडे, सोनेलाल उरेती, प्रमेंद्र धुर्वे, सी एस सिरसाठ, जीवन जाटव, एड हरीश सिहोते, दीपक चौधरी, अमित साहू, मुनिराम मरावी, डेनियल इब्राहिम, एस के प्रधान, राजेश बैगा, प्रकाश नागले, राकेश मून, इंद्रसेन मरावी, ब्रजराज चोखे, दिनेश चौधरी, संजय सेन, दिनेश चौधरी, योगेश कोल, मनोज भारती, सत्येंद्र उरेती, विजयपाल सिंह मरावी, उमाचरण झारिया, मूलचंद मोरे आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

# जादू टोने के शक में बुजुर्ग की हत्या

**डिंडोरी, देशबन्धु।** जादू टोने के शक पर दो युवक ने एक बुर्जुग के साथ बेदम होने तक मारपीट थी। मारपीट करने के बाद दोनों युवक घर चले गये। सुबह होने पर वृद्ध घर में मृत अवस्था में पाया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को अभिरक्षा में लेकर लाश का पंचनामा कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। करंजिया थाना प्रभारी नरेंद्र पाल ने बताया कि खारी डीह गांव के देवरिन टोला में निवासी रामा यादव उम्र 76 साल रहता था। उसके पड़ोस में रहने वाले दीपक यादव और अवतार सिंह धुर्वे को शक था कि वृद्ध जादू टोना करना है। जिसके कारण उन्हें तथा परिवार के सदस्यों को परेशान कर सामना करना पड़ता है। दोनों एक राय होकर रविवार की रात लगभग 11 बजे वृद्ध के घर गये। रात होने के कारण वृद्ध सो रहा था। दोनों ने वृध्द का उठाने के बाद उसकी लात-घूसों से मारपीट की। बेहद होने तक दोनों ने वृध्द के साथ मारपीट की। इकसे बाद वृध्द को अधमरा छोड़ कर चले गये। वृद्ध मृत अवस्था में मिला। पुलिस ने मर्ग कायम कर लाश को पीएम के लिए भिजवा दिया।

# असफलताओं से न करें स्वयं का मूल्यांकन

## आ लौट चलें | जैसी योजनाओं से फिर कर सकते हैं नई शुरुआत

सरोकार

**जबलपुर, देशबन्धु।** मेरी सफलताओं से मेरा मूल्यांकन मत करो; इस आधार पर मेरा मूल्यांकन करो कि मैं कितनी बार गिरा और फिर से उठ खड़ा हुआ। नेल्सन मंडेला का यह प्रसिद्ध वाक्य हर उस व्यक्ति, विद्यार्थी को एक बार जरुर याद करना चाहिए जो जीवन के एक इम्तिहान में असफल होने के बाद ये सोचने लगते हैं कि अब उनके पास कोई विकल्प नहीं हैं।

परीक्षा परिणाम आने को हैं ऐसे में विद्यार्थी हों या अभिभावक उन्हें हर प्रकार के परिणाम के लिए अपने आपको पहले से परिपक्व रखना बेहद जरुरी हैं। जहां तक विद्यार्थियों का सवाल हैं तो अनुतीर्ण होकर पढ़ाई से दूरी बना लेने वाले विद्यार्थियों के लिए शासन स्तर पर आ लौट चलें योजना जैसी योजनाएं भी हैं जो ड्रापआउट छात्रों के लिए शिक्षा का दूसरा मौका देती हैं। सरकार की आ लौट चलें योजना, 8वीं के बाद स्कूल छोड़ चुके छात्रों के लिए 10वीं और 12वीं की परीक्षा देने का अवसर प्रदान करती है। यह परीक्षा मप्र राज्य मुक्त (ओपन) स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित की जाती है। यह योजना उन बच्चों के लिए है, जिन्होंने 8वीं के बाद किसी कारण से स्कूल छोड़ दिया था और अब वे पढ़ाई जारी नहीं रख पा रहे हैं। इस योजना का मकसद इन बच्चों को 10वीं और 12वीं की परीक्षा में बैठने का मौका देना है। इस योजना के तहत कोई फीस नहीं ली जाती और परीक्षा मप्र राज्य मुक्त (ओपन) स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित की जाती है। ड्रापआउट छात्र इस योजना में आगामी 30 अप्रैल 2025 तक आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

**यह है योग्यता-** इस योजना के तहत, वह छात्र आवेदन कर सकते हैं जिनका नाम मध्यप्रदेश की समग्र शिक्षा अभियान के डाटाबेस में दर्ज है। जिन छात्रों का नाम इस डाटाबेस में नहीं है, वे जिला शिक्षा अधिकारी से प्रमाणन प्राप्त कर इस योजना के तहत आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए छात्रों को समग्र आईडी, आधार कार्ड, मूल निवासी प्रमाण पत्र, मोबाइल नंबर और पासपोर्ट साइज फोटो जैसे डाक्यूमेंट्स की आवश्यकता होगी।

### योजना का उद्देश्य

आ लौट चलें योजना का मुख्य उद्देश्य उन बच्चों को फिर से शिक्षा से जोड़ना है, जो गरीब होने की वजह से स्कूल छोड़ने पर मजबूर हो गए थे। इस योजना के द्वारा, सरकार उन छात्रों को 10वीं और 12वीं की परीक्षा में सम्मिलित करने का मौका देती है, जो अपनी पढ़ाई में किसी कारणवश पिछड़ गए हैं। इस योजना के तहत, उन छात्रों को बिना किसी शुल्क के परीक्षा में शामिल होने का अवसर मिलता है, जिनका सपना शिक्षा प्राप्त करना है। परिणाम आते ही कई विद्यार्थी जीवन से खिलवाड़ करने लगते हैं

# सोनोग्राफी मशीन के लाभ से वंचित हैं प्रसूति वार्ड की मरीज

## समस्या | मनमोहन नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की सुध लेने वाला कोई नहीं

**जबलपुर, देशबन्धु।** स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की कवायद धरातल पर नाकाफी साबित हो रही है। इसका एक ताजा मामला जबलपुर के मनमोहन नगर स्वास्थ्य केंद्र में सामने आया है। यहां पर बीते कई माह से सोनोग्राफी मशीन का लाभ मरीजों को नहीं मिल पा रहा है। जिससे शासन प्रशासन के दावों की पोल खुल गई है।

गौरतलब है कि स्वास्थ्य विभाग ने क्षेत्रीय स्तर पर सार्वजनिक स्वास्थ्य समुदाय केंद्रों को मजबूत बनाने की तरफ ध्यान दिया है। जबलपुर में अभी रांझी और मनमोहन नगर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संचालित है। इन्हें बेहतर बनाने की काम किया गया। अब तो इस तरह के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में महिलाओं के प्रसूति वार्ड तक शुरू कर दिये गये हैं। लेकिन अब भी मेन पॉवर के अभाव में मशीनों का उपयोग मरीजो के लिये नहीं हो पा रहा है।

### सोनोग्राफी चलाने वाला ऑपरेटर नहीं

मनमोहन नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दो से तीन माह पूर्व मरीजों की मांग पर सोनोग्राफी की मशीन लगाई गई थी। जब से अब तक मशीन को ऑपरेट करने वाला नहीं मिला है। इससे विशेष रूप से प्रसव वार्ड में आने वाली महिला मरीजों को गंभीर स्थिति के दौरान परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इससे कई बार या तो बाहर से अथवा एल्गिन या मेडीकल कॉलेज मरीज को रिफर कर दिया जाता है। ज्यादातर यहां पर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से आने वाले परिवार की महिला मरीज भर्ती होती हैं। उनके पास इतने पैसे नहीं रहते हैं कि बाहर से निजी स्थान पर सोनोग्राफी की महंगी जांच करा सके। इसी को देखते हुये स्वास्थ्य विभाग ने आनन-फानन में सोनोग्राफी मशीन लगवा दी गई, परंतु जब मशीन को ऑपरेट करने वाले नहीं होंगे तो इसकी उपयोगिता पर सवाल उठना लाजिमी है।

# तेज रफ्तार का कहर: 50 फीट खाई में गिरी कार, विस्फोट के बाद लगी आग

- तीन युवक हुए गंभीर रूप से घायल, जारी है उपचार



**रीवा देशबन्धु।** रविवार देर रात लगभग ढाई बजे सीधी-मऊगंज मार्ग पर कोदौरा घाटी में भीषण सड़क हादसा हुआ. एक अनियंत्रित महिंद्रा एक्सयूव्ही 50 फीट गहरी खाई में गिर गई, जिससे कार में विस्फोट हो गया और आग लग गई. हादसे में कार सवार तीन युवक बाल-बाल बच गए लेकिन गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा देर रात हुआ जब कार सीधी से मऊगंज की ओर जा रही थी. वाहन अचानक अनियंत्रित हो गया और गहरी खाई में गिरते ही उसमें भीषण विस्फोट हुआ, जिससे कार आग की लपटों में घिर गई. स्थानीय लोगों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया और किसी तरह घायलों को सुरक्षित बाहर निकाला. सभी को तत्काल रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है आसू सिंह, निवासी बहेराडाबर, शिवेंद्र सिंह निवासी पुरानी मऊ, मऊगंज व स्वदीप सिंह - निवासी पुरानी मऊ, मऊगंज शामिल है हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है कोदौरा घाटी पहले भी कई हादसों का गवाह बन चुकी है। घुमावदार मोड़ और अंधेरा इस सड़क को खतरनाक बना देता है. प्रशासन से बार-बार सुरक्षा उपायों की मांग की गई है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है. इस घटना ने फिर से सड़क सुरक्षा की अनदेखी पर सवाल खड़े कर दिए हैं. प्रशासन को जल्द से जल्द प्रभावी कदम उठाने होंगे ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके।

# पश्चिमी विक्षोभ ने दिखाया असर: दिन में नरम, तो शाम ढलते ही तापमान में वृद्धि

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश के जबलपुर के साथ अन्य जिलों में पश्चिम विक्षोभ में बदलाव का असर देखा जा रहा है।

सोमवार को जहां दिन के तापमान में गिरावट हुई वहीं न्यूनतम तापमान में मामूली वृद्धि दर्ज की गई। इसी तरह मौसम का मिजाज अगले कुछ दिनों तक बना रहने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जबलपुर का अधिकतम तापमान 33.9 जो सामान्य से 1 डिग्री कम और न्यूनतम तापमान 19.6 डिग्री आंका गया जो 1 डिग्री अधिक था। इसी तरह बीते साल मौसम का रूख रिकार्ड किया गया था।

इससे माना जा सकता है कि बीते साल की इस बार भी कभी नरम तो कभी गरम मौसम का मिजाज बना हुआ है। अभी उत्तर से पश्चिम की तरफ हवाएं चार किलोमीटर प्रतिघंटे की गति से चल रही हैं।

### लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर

मौसम के बार-बार बदलने वाले रूख का सबसे ज्यादा असर आम जनो के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। वायरल के साथ ही सर्दी और खांसी भी इससे हो रही है। वहीं चिकित्सकों का कहना है कि जब भी मौसम इस तरह होता है, लोगों को स्वास्थ्य संबंधी परेशानी होना लाजिमी है। इससे घबराने की जरूरत नही है। बस थोड़ी सावधानी बरतने की जरूरत है। जिसमें धूप से बचने का प्रयास किया जाये, और रात के समय जो लोग किसी काम से घरों से बाहर रहते हैं, उन्हें सावधानी बरतनी चाहिये। इससे काफी हद तक लोगो को स्वास्थ्य संबंधी लाभ मिलने से इंकार नहीं किया जा सकता है। अभी बुजुर्गो और बच्चों को मौसम के बदलने वाले मिजाज से स्वास्थ्य संबंधी असुविधा हो रही है।

# पत्नी देखती रह गई और इंस्टाग्राम पर लाइव आकर फांसी के फंदे पर झूल गया पति



**रीवा देशबन्धु।** जिले में आत्महत्या से पहले इंस्टाग्राम पर लाइव आकर युवक ने पत्नी पर मानसिक प्रताड़ना के आरोप लगाए, और बोला मेरे आत्महत्या करने की वजह मेरी पत्नी और मेरी सास है, जिसके बाद सब देखते रह गए और युवक ने फांसी के फंदे में झूलकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली घटना के बाद सामने आए इस लाइव वीडियो पुलिस ने जांच में लिया है , सोशल मीडिया पर वायरल हुआ यह वीडियो, रीवा जिले के सिरमौर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मेहरा का बताया जा रहा है।

जहां के निवासी युवक शिव प्रसाद तिवारी उम्र 30 वर्ष में घर के अंदर फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी घटना के बाद एक वीडियो सामने आया है जिसमें युवक आत्महत्या करने के पहले इंस्टाग्राम में लाइव आता है और पत्नी सहित स पर गंभीर आरोप लगता है जिसके बाद वह फांसी का फंदा तैयार कर उस पर लटक जाता है। पुलिस पहले से ही इस मामले में मार्ग कम कर जांच कर रही थी लेकिन अब वीडियो सामने आने के बाद सिरमौर पुलिस ने इसे भी अपनी जांच में शामिल किया है एएसपी विवेक लाल ने बताया कि वीडियो की सत्यता क्या है इसका परीक्षण किया जा रहा है।

J.B.F.A
जबलपुर ब्रॉयलर फार्मस् एसोसियेशन
मुर्गा छोटा - रु. 124
मुर्गा मीडियम - रु. 112
मुर्गा बड़ा - रु. 92
मुर्गा जम्बो - रु. 92
मो.-9039925000, 9425800409

सोनू पोल्ट्री
बड़ा ब्रॉयलर - रु. 88
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 108
छोटा ब्रॉयलर - रु. 120
मो.- 9039925999

# पोस्ट आफिसकर्मी ने खुद को मारी गोली

**सीधी, देशबन्धु।** जिले के हिनौता गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना घटी। पोस्ट ऑफिस में बतौर एजेंट कार्यरत संतोष मिश्रा (55) ने अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर से खुद को गोली मार ली, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। गोली चलने की आवाज सुनकर ग्रामीण घटनास्थल की ओर दौड़े और उन्हें खून से लथपथ पाया। जानकारी के अनुसार, संतोष मिश्रा रोजाना की तरह सुबह 9.30 बजे अपने घर से पोस्ट ऑफिस जाने के लिए निकले थे। लेकिन 10.26 बजे खेत से गोली चलने की आवाज आई। ग्रामीण जब मौके पर पहुंचे तो देखा कि संतोष मिश्रा का शव खेत में पड़ा था और उनकी लाइसेंसी रिवॉल्वर पास में पड़ी थी।

# हल्दीघाटी एक्सप्रेस का अरनेठा स्टेशन पर एक मिनट का ठहराव

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेल प्रसाशन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु गाड़ी संख्या 19817/19818 रतलाम-आगरा फोर्ट/यमुना ब्रिज आगरा-रतलाम हल्दीघाटी एक्सप्रेस का पश्चिम मध्य रेलवे के अरनेठा स्टेशन पर प्रयोगिक तौर पर एक मिनट का ठहराव प्रदान किया गया है।

गाड़ी संख्या 19817 रतलाम-आगरा फोर्ट हल्दीघाटी एक्सप्रेस रतलाम से प्रस्थान कर दिनांक 18 मार्च से अरनेठा 20:14 बजे आकर, 20:15 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 19818 यमुना ब्रिज आगरा-रतलाम हल्दीघाटी एक्सप्रेस यमुना ब्रिज आगरा से प्रस्थान करने वाली गाड़ी 19 मार्च से भोर प्रात: 03:44 बजे अरनेठा आकर, 03:45 बजे प्रस्थान करेगी। इससे रेल यात्रियों को लाभ होने से इंकार नहीं किया जा सकता।

# चैन्नई-गया एक्सप्रेस का चांदा फोर्ट स्टेशन पर ठहराव

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेल प्रसाशन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु गाड़ी संख्या 12390 चैन्नई-गया एक्सप्रेस का चांदा फोर्ट स्टेशन पर प्रयोगिक तौर पर दो मिनट का ठहराव प्रदान किया गया है। गाड़ी संख्या 12390 चैन्नई-गया एक्सप्रेस पुरट्चि तलैवर डॉ. एम. जी. रामचंद्रन (चैन्नई) सेंट्रल से प्रस्थान कर 18 मार्च 2025 से चांदा फोर्ट स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय रात्रि 23:34/23:36 बजे रहेगा। अब चैन्नई-गया एक्सप्रेस ट्रेन नेल्लौर, ओंगोल, विजयवाड़ा, वारंगल, बल्लारशाह, चांदा फोर्ट, नागभीड़ जंक्शन, गोंदिया, बालाघाट, नैनपुर, जबलपुर, कटनी सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, भभुआ रोड, सासाराम एवं डेहरी ऑन सोन होते हुए गंतव्य को जाएगी।

17 वां रोजा
18.03.2025
सहरी 04.47
अफ्तार 06.26



FOR PRIVATE SCREENING CALL
+91 79999 68989
FOR ONLINE BOOKING & OFFER
BOOK FROM
BOOKMYSHOW
CALL BOOKING 0761-4069888
TUESDAY OFFER Flat ₹120/-
समदड़िया सिनेमा




CHHAAVA
09:30AM 11:00PM
12:30PM 02:00PM
03:30PM 05:00PM
06:15PM 08:00PM
09:30PM 10:45PM

THE DIPLOMAT
10:00AM
12:30PM
03:15PM
05:45PM
08:15PM
10:00PM
10:55PM

NAMASTE LONDON
04:45PM
NOVOCAINE
02:30PM
MITHEDE
07:30PM
MERI HUSBAND KI BIWI
11:30PM
INN GALIYON MEIN
09:30AM